ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 20 मई 2024, वर्ष-25, अंक-107, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com






पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त राष्ट्र बनेगा : शाह

संसेक्स
74,005.94 +342.22

डॉलर
83.302 -0.175

रांची सर्राफा
10 ग्राम 73,500
01 किलो 96,500

## एक नजर

### पेट्रोल छिड़ककर गर्भवती महिला को जिंदा जलाया

**गोड्डा।** जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के अमुवार दिकवानी गांव में शनिवार रात में सोई दो बहनों को जिंदा जलाने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। घटना में एक आठ माह की गर्भवती निशा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसकी बहन पायल कुमारी (14) को गंभीर स्थिति में गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने अपने दामाद विकास बगवै पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन कर रही है।

### उत्तराखंड : हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो चुकी है। इसी बीच सिखों के सबसे पवित्र धर्मस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं, हेमकुंड साहिब मार्ग से बर्फ हटाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने फैसला किया है कि इस बार हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने पर हर दिन 3,500 श्रद्धालु ही दर्शन कर सकेंगे। कमेटी का कहना है कि अभी हेमकुंड साहिब में बहुत बर्फ है, जिसके चलते श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करने का फैसला किया गया है।

### मणिपुर में गोली मारकर झारखंड के मजदूर की हत्या

**इंफाल ।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर झारखंड के एक मजदूर की हत्या कर दी और दो को घायल कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना नाओरेमथोंग इलाके में शनिवार रात हुई। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने एक निर्माण कंपनी के तीन मजदूरों को उनके आवास से निकाला और गोली मार दी। इसमें 41 वर्षीय श्रीराम हांसदा की मौत हो गई। घायलों का इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।



### ऐसे में झारखंड जैसे राज्य में कौन उद्योगपति निवेशक आएगा, कौन उद्योग लगाएगा

### झारखंड कहते ही नोटों की गड्डी याद आती है

*मोदी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए बहुत काम किए। बिरसा मुंडा की जयंती पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा। झारखंड अकूत खनिज संपदा से भरा पड़ा है। आज झारखंड का नाम आते ही सबके जेहन में यहां मिलने वाले नोटों के पहाड़ का भी ध्यान आता है। यह भी कि इसके चलते यहां के अफसर जेल में हैं। एक पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। टू जी घोटाला, कोयला घोटाला इनके समय हुआ। आरजेडी ने नौकरी के बदले गरीबों से उनकी जमीनें लिखवा ली और झामुमो ने उनसे यही चरित्र सीखा। झामुमो ने झारखंड में जमीन घोटाला किया, गरीब आदिवासियों की जमीनें हड़पीं और सेना की जमीन हड़पने की कोशिश की।*

# उद्योगपतियों के खिलाफ नक्सलियों की भाषा बोल रहे कांग्रेस-झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जमशेदपुर लोकसभा सीट के घाटशिला में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जोरदार हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे व झामुमो नेता नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं। वे उद्योग और उद्योगपतियों पर लगातार हमला कर रहे हैं। नक्सली बिना पैसा लिए उद्योगपति को कोई काम नहीं करने देते थे। हमने उन नक्सलियों की कमर तोड़ दी, लेकिन अब कांग्रेस और झामुमो ने उन नक्सलियों की जिम्मेदारी उठा ली है। इन्हें उद्योगों के विकास से नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और वसूली से मतलब है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि समाज, देश के विकास में उद्यम, उद्योगपतियों और निवेशकों का बड़ा रोल होता है। जमशेदपुर का तो नाम ही टाटा से जुड़ा है। फिर भी यहां के मुख्यमंत्री कहते हैं उन्हें उद्योगपतियों की जरूरत नहीं वे खुद विकास कर लेंगे।

पीएम ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस के शहजादे उद्योगपतियों और निवेशकों का विरोध करेंगे, तो तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, झारखंड जैसे राज्यों में जहां कांग्रेस और उनकी सहयोगी पार्टियों की सरकारें हैं, कौन निवेशक जाएगा और कौन उद्योग लगाएगा? प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश को और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए भविष्य को चुनता है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर बात होनी चाहिए, विकास की बात होनी चाहिए लेकिन कांग्रेस-झामुमो को देश के विकास से मतलब नहीं। युवाओं के सपनों से मतलब नहीं। ये सबकी संपत्ति का एक्स-रे कराने, एससी-एसटी का आरक्षण छीनने और मोदी को गाली देने का ही काम करते हैं। इससे आगे वे सोच नहीं सकते।




*कांग्रेस-झामुमो को देश के विकास से मतलब नहीं, युवाओं के सपनों से मतलब नहीं*

### लोस चुनाव के 5वें चरण में 8 राज्यों की 49 सीटों पर होगी वोटिंग

# कोडरमा, हजारीबाग व चतरा में वोटिंग आज


**एजेंसी**

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में सोमवार को कोडरमा, हजारीबाग व चतरा में वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 07 से शाम 06 बजे तक चलेगा। इसे लेकर मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी अपने-अपने निर्दिष्ट बूथ पर पहुंच चुके हैं। कई बूथों के लिए रविवार को भी मतदानकर्मी ईवीएम व वीवीपैट के साथ रवाना हुए। राजधानी से इस पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं देश के अन्य सात राज्यों में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 49 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 8.95 करोड़ मतदाताओं के लिए 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, बिहार की 05, झारखंड की 03, महाराष्ट्र की 13, ओडिशा की 05, पश्चिम बंगाल की 07, जम्मू-कश्मीर की 01 और लद्दाख की 01 सीट पर मतदान होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों पर भी मतदान होगा। इस चरण के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम को समाप्त हो गया था। इस चरण में 49 सीटों पर कुल 695 उम्मीदवार मैदान में हैं।

कुल सात चरणों में घोषित लोकसभा चुनाव में सोमवार को मतदान के बाद दो चरणों (25 मई और 01 जून) में मतदान बाकी रह जाएगा। चार जून को सभी चरणों के लिए मतगणना होगी। आम चुनाव के पहले चार चरणों में 23 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 379 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। संबंधित सीईओ/डीईओ और राज्य मशीनरी को उन क्षेत्रों में गर्म मौसम की स्थिति का प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है, जहां इसका पूवार्नुमान है। मतदान दलों को ईवीएम और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है।






### सुचारू मतदान के लिए विशेष व्यवस्था

मतदान व्यवस्था के लिए 17 विशेष रेलगाड़ियां और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें मतदान और सुरक्षाकर्मियों को ले जाने के लिए लगाई गईं। 153 पर्यवेक्षक मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। वे अत्यधिक सतर्कता बरतने के लिए आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 2000 फ्लाइंग स्क्वॉड, 2105 स्टेटिक निगरानी टीमें, 881 वीडियो निगरानी टीमें और 502 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं।

**लखनऊ, रायबरेली और अमेठी पर सबकी नजर :** गांधी परिवार का गढ़ माने जाने वाली रायबरेली और अमेठी सीटों पर कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के तहत अपने प्रत्याशी उतारे हैं। रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अमेठी से भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी चुनाव मैदान में हैं। लखनऊ सीट से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उम्मीदवार हैं।

# भाजपा झारखंड को 20 वर्षों तक लूटती रही : कल्पना सोरेन



**ब्यूरो रिपोर्ट**

**धनबाद।** झामुमो स्टार प्रचारक और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन रविवार को धनबाद लोकसभा से इंडी गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में आयोजित कई चुनावी सभाओं में संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने 20 वर्षों तक झारखंड को सुनियोजित ढंग से लूटने का काम किया, लोगों को योजनाओं से दूर करने का काम किया। आपके पास अगर भाजपा-आजसू वाले पेंशन की बात लेकर आएंगे और बोलेंगे कि पेंशन उन्होंने दिया, तो बोल दीजिएगा कि पेंशन उन्होंने नहीं, आपके बेटे और भाई हेमन्त सोरेन ने दिया है।

बचपन में हेमन्त सोरेन ने अपनी मां को संघर्ष करते हुए देखा था, उन्होंने पता था कि महिलाओं को क्या संघर्ष होता है। इसलिए यह हेमन्त की संवेदनशीलता ही थी कि जरूरतमंद माताओं-बहनों के लिए पेंशन की उम्र 60 से घटाकर 50 वर्ष कर दिया। हेमन्त ने बुजुर्गों और माताओं-बहनों को पेंशन का मान-सम्मान देने का काम किया। कल्पना ने कहा कि भाजपा को झारखंड से इतनी चिढ़ है कि वह राज्य के आवास योजना का पैसा भाजपा शासित राज्यों को दे देती है। हेमन्त ने 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास से जोड़ने का काम शुरू किया। पूर्व की डबल इंजन भाजपा सरकार ने राज्य में 11 लाख राशन कार्ड निरस्त किये, जबकि हेमन्त ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से जोड़ा।

### हेमंत ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोला

कल्पना ने कहा कि हेमन्त सोरेन राज्य के गरीब-गुरुबा के बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोला। स्व. बिनोद बिहारी महतो कहते थे कि लड़ना है तो पढ़ना सीखो, लेकिन भाजपा की पूर्व सरकार ने राज्य के हजारों स्कूलों में ताला लगाने का काम किया। मगर इन्हें यह नहीं पता कि यह एक क्रांतिकारी भूमि है, यहां के लोग सिर झुकाना नहीं, लड़ना पसंद करते हैं। कल्पना ने कहा कि इस बार का चुनाव तानाशाही ताकतों के खिलाफ जनता लड़ रही है। यह जनता-जनार्दन वक्त आने पर तानाशाही ताकतों का तख्ता भी पलट देती है।




## इंडिया



सुनील बादल

*कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है।*

# असंभव वायदों की होड़ के बीच समापन की ओर चुनाव

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की ओर बढ़ते ही चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। लगभग सभी राजनीतिक दलों में किसी भी हाल में जीतने के लिए झूठे, असंभव - आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पदार्पाश पहले ही हो गया है।



आप ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं।

-शेष पेज 11 पर

### स्वाति मालीवाल मामला

# पुलिस ने सीएम केजरीवाल के आवास से डीवीआर सीज किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले की जांच के क्रम में दिल्ली पुलिस ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास का डीवीआर सीज कर लिया। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार ने 13 मई को सीएम आवास के भीतर उन्हें पीटा। पुलिस का कहना है कि कुमार पूछताछ के दौरान साफ-साफ जवाब नहीं दे रहे हैं। पुलिस ने अदालत को बताया था कि उसे जो सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराया गया है वह ब्लैंक है। कुमार ने अपना मोबाइल भी फॉर्मेट कर दिया था।

**5 दिन की पुलिस रिमांड पर बिभव कुमार :** स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीएस विभव कुमार को अदालत में पेश किया गया। तीस हजारी कोर्ट में शनिवार रात हुई सुनवाई में विभव को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।



*पुलिस ने अदालत को बताया था कि उसे जो सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराया गया है वह ब्लैंक है।*

## एक नजर

### वज्रपात से गाय की मौत

**मांडर।** प्रखंड के कंजिया चालाटोली में रविवार शाम हुए वज्रपात के चपेट में आने से दो गायों की मौत हो गई। बताया जाता है कि विनोद उरांव के दोनों गाय घर के समीप ही एक पेड़ के नीचे बंधे हुये थे। इसी दौरान मौसम खराब होने के बाद वज्रपात हुई और इसकी चपेट में आने से दोनों गाय की मौत हो गयी। गाय की कीमत करीब 80 हजार रुपये बतायी जा रही है।

### साप्ताहिक बाजार से मोबाइल की चोरी

**चान्हो।** बीजूपाड़ा। खलारी मुख्यपथ पर स्थित चोरेया मोड़ में साप्ताहिक बाजार से शनिवार शाम को टांगर निवासी गंदरू उरांव की मोबाइल किसी ने चुरा लिया। गंदरू के अनुसार वे शाम को करीब छह बजे बाजार में सब्जी खरीद रहे थे। इसी बीच उनके टीशर्ट के ऊपर पॉकेट से किसी ने उनके मोबाइल ( रियल मी ) पर हाथ साफ कर लिया। मामले को लेकर उन्होंने थाने में आवेदन दिया है।

### देवघर में साइबर ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**देवघर।** पुलिस ने समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी बनकर लाभुकों को पैसे दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। देवघर एसपी राकेश रंजन की निर्देश पर मधुपुर थाना क्षेत्र के बावनबीघा स्थित मधुपुर रेलवे कोसिंग ओर कुंडा थाना क्षेत्र के गौरीपुर स्थित दीपक कुमार मंडल के घर के पीछे छापेमारी कर पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में टिंकू कुमार दास, बबलू कुमार और दीपक कुमार मंडल शामिल हैं। आरोपित फर्जी समाज कल्याण विभाग पदाधिकारी बनकर लाभुकों को पैसे दिलाने के नाम पर उनसे आधार, पैन, मोबाईल ओटीपी की जानकारी लेकर खाते से रुपये उड़ाते थे।

### हिंदुत्व के लिए हमेशा एक पैर पर खड़ा रहनेवाले फायर ब्रांड नेता थे भोलानंद तिवारी : के गणपत भगत

**खूंटी।** जिले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल को स्थापित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले और खूंटी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता भोलानंद तिवारी को खूंटी क्लब में रविवार को शोकसभा आयोजित कर शहरवासियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोगो ने दिवंगत भोलानंद तिवारी के कार्यों को याद किया। खूंटी क्लब के वरिष्ठतम सदस्य मदन मिश्रा ने कहा कि भोलानंद तिवारी का जीवन हिंदुत्व को समर्पित था। उन्होंने विहिप व बजरंग दल के साथ साथ खूंटी के रामनवमी और दुर्गापूजा से लेकर खूंटी क्लब के विकास में अहम योगदान दिया। वे आज हमारे बीच नही हैं, लेकिन उनकी यादें हमेशा हमारे दिलों में रहेंगी। क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत ने भी कहा कि उनका जाना हम सबों के लिए अपूरणीय क्षति है। निडर व हिंदुत्व को लेकर हमेश एक पैर में खड़ा रहने वाले फायर ब्रांड नेता के रूप में उनकी पहचान थी। श्रद्धांजली सभा को जयंत लाल, चैंबर के सचिव मुकेश जायसवाल आदि ने संबोधित किया।

**कुरमी/कुड़मी समन्वय समिति की एकदिवसीय बैठक संपन्न**

## एसटी का दर्जा देने में केंद्र सरकार कर रही है लापरवाही



> कोर कमेटी ने अबकी बार लोकसभा चुनाव में कुरमी/कुड़मी (महतो) बहुल क्षेत्र में भाजपा के विरोध में मतदान करने का निर्णय लिया है

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शनिवार के दिन कुरमी/कुड़मी(महतो) समन्वय समिति झारखंड, बंगाल, उड़ीसा एवं असम का एकदिवसीय कोर कमेटी का बैठक बंता में आयोजित किया गया। समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि समिति के द्वारा केंद्र सरकार के पास कुरमी/कुड़मी (महतो) को एसटी में शामिल करने के लिए कई बार प्रस्ताव दिया गया परंतु अभी तक शामिल नहीं किया गया। इस मामले में केन्द्र सरकार लापरवाही कर रही है। जबकि कुरमी/कुड़मी (महतो) बहुल क्षेत्र से 18 लोकसभा सदस्य हैं जिसमें 17 सांसद सत्ता पक्ष के हैं और एक संसद विपक्ष में थे जो वर्तमान में सत्ता पक्ष में आ गए हैं, परंतु दुर्भाग्य वर्ष एक भी सांसद ने हमारे समाज के आवाज को लोकसभा में सही तरीके से उठाने का काम नहीं किया। अबकी बार लोकसभा चुनाव में कुरमी/कुड़मी (महतो)बहुल क्षेत्र में भाजपा के विरोध में मतदान करने का निर्णय कोर कमेटी के द्वारा लिया गया है। जहां-जहां भाजपा के विरोध में प्रत्याशी खड़े हैं उनको हमलोग समर्थन देने की घोषणा करते हैं। इसी क्रम में हम लोग हजारीबाग लोकसभा से जयप्रकाश भाई पटेल, खूंटी से कालीचरण सिंह मुंडा, गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी, रांची से कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, बंगाल से पुरुलिया के शांतिराम महतो को समर्थन देने की घोषणा करते हैं। संयोजक लालचंद महतो ने कहा कि जल्द ही पांच सदस्यों की टीम रांची की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय से इस मुद्दे को लेकर मुलाकात भी करेंगे। इस मौके पर पूर्वांचल आदिवासी कुर्मी समाज के सुनील कुमार महतो, फाउंडर सदस्य समन्वय समिति सिंदरी के हीरालाल शेखवार, खिरोधर महतो, पूर्वांचल आदिवासी कुर्मी समाज के संपादक पुरुलिया के शुभेंदु माहतो, रीजनल सदस्य फटिक चंद्र माहतो, पूर्वांचल जिला सचिव नरेंद्र नाथ माहतो, कामेश्वर महतो, किस्टो महतो, बानेश्वर महतो, नागेंद्र नाथ महतो, चतुर्भुज महतो, विष्णु चरण महतो समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई बजरंग बली मंदिर की वर्षगांठ, निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** सदर प्रखंड के सोसोटोली स्थित बजरंगबली मंदिर की वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इसको लेकर रविवार को मदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बजरंग बली प्रबंध समिति के तत्वावधान में बाजे-गाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों लोग भजन करते और झुमते हुए शामिल हुए। कलश यात्रा सोसोटोली से कुसुम टोली, कर्रा रोड, चौधरी मुहल्ला, नेताजी चौक, भगत सिंह चौक, शिवाजी चौक से तोरपा रोड होते कुंजला होते हुए सोसेटाली पहुंची। वहां गंगा पूजन के के बाद कलशों में नदी का पवित्र जल भरा गया। वहां से कलश यात्रा पुनः मंदिर तक पहुंची, जहां कलशों को स्थापित कर बजरंग बली का जलाभिषेक किया गया। विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। रात को समिति द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप तथा विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सतीलाल कश्यप, प्रफुल्ल राम, किट्टू कुमार, बिट्टू कुमार, अमित कश्यप, नकुल महतो, जीवाहन महतो, पमेश कुमार, परमानंद कश्यप ने योगदान दिया।

### राजधानी में हो रही फॉगिंग पर किसी ने देखा नहीं

**रांची।** बढ़ती गर्मी के साथ-साथ शहर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. नगर निगम का दावा है कि बीते कुछ दिनों से रोजाना शहर के विभिन्न वार्डों में मच्छर भगाने के लिए फॉगिंग की जा रही है. निगम के अनुसार 11 फॉगिंग मशीन शहर से मच्छर भगाने के काम में जुटी हुई है. साथ ही हर वार्ड में एंटी लार्वा के छिड़काव के लिए दो व्यक्ति निर्धारित किए गए हैं, जो मैनुअली इस काम को करते हैं, जिनकी संख्या जरूरत के अनुसार बढ़ायी भी जा सकती है. शहर में फॉगिंग करने के लिए निगम रोजाना प्लान भी बना रहा. प्लान के तहत हर रोज आठ वार्ड में फॉगिंग की जा रही है. निगम की मुस्तैदी के बावजूद लोगों का मानना है कि उन्होंने काफी दिनों से फॉगिंग मशीन देखी ही नहीं है और न ही एंटी लार्वा का छिड़काव करने वाले व्यक्तियों को देखा है. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या निगम सिर्फ कागज पर ही प्लान तैयार कर रहा है? इसका जवाब ढूंढने के लिए हमने वार्ड नंबर 31 के लोगों से बातचीत की, जहां बीते शुक्रवार को फॉगिंग किया जाना था।

**कांग्रेस के पक्ष में 23 को विशाल सभा के पूर्व की जाएंगी 15 नुक्कड़ सभाएं**

## लोकतंत्र के मंदिर में रांची की आवाज बनेंगी यशस्विनी : राजद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी कांग्रेस की यशस्विनी सहाय का चुनाव जीतना लगभग तय है। इस बार चुनाव जीत कर यशस्विनी सहाय लोकतंत्र के मंदिर भारतीय संसद में रांची की आवाज बनेंगी। उक्त बातें रविवार को प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने कही। उन्होंने कहा कि बिहार झारखंड में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को मदद करने का निर्देश राजदी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने दिया है। हमारा संगठन पूरी ताकत के साथ जनसंपर्क अभियान में जुट गया है। रांची में चुनाव प्रचार की समाप्ति तक 15 नुक्कड़ सभा की जाएगी और 23 मई को विशाल सभा का आयोजन होगा। झूठ और जुमलों की सरकार को यह अंदेशा हो गया है कि इस बार रांची सीट महागठबंधन के पाले में जाने वाली है। यही कारण है कि केवल रांची में ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का रोड शो हुआ। अन्यथा अभी तक जितने भी जगहों पर प्रधानमंत्री गये वहां केवल सभा की। जनता इस बार झूठ और जुमलों की सरकार से तंग आकर परिवर्तन के मूड में है। इसीलिए ऐसा लग रहा है मानों कोई इस बार राजनीतिक दल नहीं बल्कि जनता खुद चुनाव लड़ रही है। सुश्री सहाय की जीत से विकास कार्य को और बल मिलेगा। सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ पूरे जी जान से प्रचंड जीत दिलाने का काम प्रदेश राजद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। प्रदेश रजत की ओर से एक चुनाव अभियान समिति बनाया गया है। जिसके संयोजक प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा को बनाया गया है।

### श्री सर्वेश्वरी समूह ने जरूरतमंदों के बीच बांटे हाथ के पंखे

**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा ने आज शहर के विभिन्न स्थानों पर ताड़ के पत्ते से बने 250 हाथ पंखों का वितरण किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर से की गयी. समूह के सदस्यों ने मंदिर के बाहर बैठे असहाय और जरुरतमंदों को हाथ पंखे दिये. इसके बाद हटिया रेलवे स्टेशन के बाहर और धुर्वा बाजार के पास जरुरतमंद लोगों को भी हाथ पंखे दिये गये. इसके बाद किशोरगंज चौक, सेवा सदन, मारवाड़ी महिला महाविद्यालय सहित कई जगहों पर भी सब्जी-फल विक्रेता, रिक्शा चालकों सहित अन्य के बीच हाथ पंखों का वितरण किया गया. बता दें कि श्री सर्वेश्वरी समूह के उन्नीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया. पंखा वितरण कार्यक्रम में हेमंत नाथ शाहदेव, समरेन्द्र सिंह, उदय नारायण पांडेय, कीर्तिमान नाथ शाहदेव, बद्रीनाथ शाहदेव, नागदमनी नाथ शाहदेव, यदुनाथ शाहदेव समेत कई लोग शामिल हुए. बता दें कि श्री सर्वेश्वरी समूह एक विश्वस्तरीय सामाजिक एवं धार्मिक संस्था है.

**बूथों पर बीएलओ के माध्यम से कराई भोजन की व्यवस्था**

## बूथ पर जला चूल्हा, कर्मियों को पत्तल पर परोसा गया भोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** इस बार का चुनाव सिर्फ मतदाताओं के लिए ही खास नहीं है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सीधे मतदान केंद्र पर पहुंचे कर्मियों के लिए भी यह एक नया अनुभव है। डिस्पैच सेंटर से एवं लेकर मतदान केंद्र पर पहुंचे पोलिंग पार्टी को बूथ पर एक नया ही नजारा दिखाई दिया। यहां उनके लिए पेयजल, शौचालय के साथ-साथ रहने के खास इंतजाम किए गए थे। कमरे में ही गद्दा लगवाया गया था, ताकि पूरी रात पोलिंग पार्टी आराम कर सकें। साथ ही गर्मी को देखते हुए कूलर की व्यवस्था भी की गई थी। इसके अलावा भोजन भी बाहर वहीं बनवाया गया। जिन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं, उन स्कूलों में कार्यरत प्रधानाचार्य के द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई। वहां पदस्थापित रसोईया के द्वारा स्कूल परिसर में ही चूल्हा जलाया गया। पूरी पोलिंग पार्टी को बीएलओ के द्वारा पत्तल पर भोजन परोस कर खिलाया गया। छतरमांडू के बूथ संख्या 106 उत्क्रमित उच्च विद्यालय छतरमांडू पर बीएलओ रूपा कुमारी के द्वारा भोजन की जिस प्रकार व्यवस्था की गई पोलिंग पार्टी को पिकनिक याद आ गई। खाने में दाल, भात, सब्जी और पापड़ परोसा गया। उमस भरी गर्मी के बावजूद पोलिंग पार्टी ने भोजन का लुत्फ उठाया।

**सभी बूथ का अंचल अधिकारी ने किया निरीक्षण :** रामगढ़ आंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान ने रविवार की देर रात तक अपने क्षेत्र के सभी बूथ का निरीक्षण किया। जिन स्थानों पर पेयजल, शौचालय और भोजन की व्यवस्था को लेकर कमी दिखाई दी।

**आजसू, बीजेपी, जेएमएम के 200 महिला कार्यकर्ता राजद में शामिल**

## मोदी का लगातार झारखंड दौरा भाजपा को हार का अंदेशा : राजद



> युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा, हम लोग सभी लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में शामिल हो रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रविवार को प्रदेश राजद कार्यालय में राजद चुनाव अभियान समिति रांची लोकसभा क्षेत्र के मनोनीत सदस्यों की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई । अध्यक्षता रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति के संयोजक राजेश यादव ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष सोमवार से 55 सदस्यीय कमिटी को 11 जोन में बांट कर गया विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।ही जगह जगह टोला, मुहल्ला चौक चौराहों, बाजारों में नुक्कड़ सभा कर लोगो को केंद्र की जनविरोधी मोदी सरकार के खिलाफ वोट करने की अपील की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव के नेतृत्व में बीजेपी, आजसू, जेएमएम के 200 मुस्लिम महिला कार्यकर्ता एवं समाजसेवी राजद में शामिल हुए। जिन्हें माला पहनाकर राजद में शामिल होने पर स्वागत किया गया। युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि हम लोग सभी लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में शामिल हो रहे हैं। माहौल इंडिया गठबंधन के पक्ष में हैं,जनता परिवर्तन चाहती है। राजद में शामिल होने वालों में शहजादी खातून, मुमताज खानम, अनामिका शर्मा, बबली विनीता सिंह, अफरोज रहमान फिरोज खान रत्नेश कुमार, तरन्नुम परवीन, सोनी खातून, पुष्प शर्मा, हर्ष कुमार, कमला देवी, परवीन नूरजहां बेगम, अप्सरा परवीन आदि सहित मुख्य रूप से चुनाव अभियान समिति के राजेश यादव महासचिव कैलाश यादव, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, अर्जुन यादव, सुधीर गोप, सौकत अंसारी, रामकुमार यादव, संजय टाइगर, इरफान अंसारी, कमलेश यादव, इम्तियाज वारसी, क्षितिज मिश्रा, नंदन यादव, साजिद आलम, जसीम अख्तर, फिरोज अंसारी, रवि जायसवाल, मैनेजर राय, राम इकबाल चौधरी, रमेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

**मार्शल आर्ट**

**इमा प्रतिभा सम्मान समारोह में 86 खिलाड़ियों को बेल्ट व मिला प्रमाण पत्र**

## आर्यमन को ब्लैक बेल्ट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया



> ब्लैक बेल्ट को प्राप्त करना हर एक खिलाड़ी का सपना होता है अगर खिलाड़ी लक्ष्य निर्धारित कर अपना प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है तो वह समय पर ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर सकते हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में इमा मुख्य प्रशिक्षण केंद्र संत जोसेफ क्लब में प्रतिभा सम्मान समारोह सह बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें ग्रेडिंग में सफल रहे 86 खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने प्रदान किया। 6 साल के आर्यमन जैन को ब्लैक बेल्ट प्रथम डान की उपाधि से नवाजा गया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने आर्यमन के ब्राउन बेल्ट को उतार कर ब्लैक बेल्ट पहनाया और उसे प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिहान सुनील किस्पोट्टा कहा कि ब्लैक बेल्ट को प्राप्त करना हर एक खिलाड़ी का सपना होता है और अगर खिलाड़ी लक्ष्य निर्धारित कर अपना प्रशिक्षण कर रहे है तो वह समय पर ब्लैकमेल प्राप्त कर सकते हैं। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा राकेश तिर्की रवि कुमार सिंह उमाशंकर महतो रितिका कुमारी अमन कच्छप आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। बेल्ट पाने वालों में मुख्यतः येलो बेल्ट एरिक विहान एंथोनी समद, उत्कर्ष कच्छप, लावन्या तिवारी, अमन कुमार, निर्भय कुमार, विक्रम संगा , रॉबिंसन एक्का ,भार्गव नाग ,ऋषिका कुमारी ऑरेंज बेल्ट कुशल वर्मा, भार्गव हंस, अभिज्ञान आरोहण हंस, शिवांश रूद्र, रितसिका अनवी, मेहल राज, सामर्थ्य वर्मा, प्रिंस राज ग्रीन बेल्ट - कुमारी आस्था,लकड़ा, मिशेल जसलीन खेस मारिया लवली खेस, आन्य ट्विंकल कुजुर, एंजेलिना क्रिस्टी तिग्गा, मेहुल मनीष,आरव उरांव, लक्ष्मी कुमारी,परी कुमारी,साहिल कुमार महतो आदि शामिल हैं।

### अजय नाथ शाहदेव ने बनहोरा और बिरसा चौक में यशस्विनी सहाय के लिए मांगा वोट

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के बनहोरा और बिरसा चौक में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया. बनहोरा में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के साथ एवं कटहर कोचा बिरसा चौक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव संजय पांडे, पूर्व महापौर रमा खलखो के साथ यशस्विनी सहाय के लिए वोट मांगा. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यशस्विनी सहाय युवा, शिक्षित, ऊजार्वान उम्मीदवार हैं।

## न्यूज बॉक्स

### डॉ परमेश्वर भगत के सहयोग से आई चेकअप कैंप का हुआ आयोजन



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड अंतर्गत ग्राम मालगो में बीते दिन रामकृष्ण मिशन के तरफ से एवं पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत के सौजन्य से आई चेक अप कैंप का अयोजन किया गया। जिसमे कुल 43 लोगो का चेक अप किया गया और 10 लोगो का निःशुल्क ईलाज/मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। डॉ परमेश्वर भगत के इस पहल से ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते श्रीमान का आभार जताया।

### तुको मंडा पूजा व पड़हा जतरा में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**तुको।** विगत दिन बेडो प्रखंड अंतर्गत ग्राम तुको में हर्षउल्लास के साथ मंडा पूजा एवं पड़हा जतरा मनाया गया जिसमें बतौर अतिथि शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रूढ़ी, परंपरा, रीति-रिवाज, भाषा-संस्कृति को जीवंत रखने का संदेश दिया साथ ही सभी जाति धर्म के लोग आपस में मिल जुल कर आपसी प्रेम एवं भाईचारा के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए। एक मनुष्य को दूसरे मनुष्य को प्रेम करना चाहिए।

### सड़क हादसे में ऑटो चालक घायल



**मांडर।** एन झएच 39 मुख्य पथ पर स्थित मुड़मा चौक के निकट शनिवार रात हुए सड़क हादसे में ओटो चालक तीस वर्षीय दीपक गोप घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रोज की तरह दीपक अपने ऑटो में दूध लेकर मांडर की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसका ओटो के आगे से तेज रौशनी आने से सड़क किनारे पहले से खड़े एक अन्य वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीपक ऑटो के अंदर स्टेयरिंग व्हील में फंस गया। आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसे किसी तरह बाहर निकाला। घटना के बाद उसे स्थानीय लोगों के द्वारा उसे रेफरल अस्पताल मांडर ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

### समीर उरांव ने देश की खुशहाली की प्रार्थना की



**चान्हो।** प्रखण्ड स्थित रघुनाथपुर में नवनिर्मित श्री मनकामेश्वर संकट मोचन मंदिर में लोहरदगा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव और लोकसभा के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने रविवार को पूजा अर्चना किया। पूजा करने के बाद दोनों ने देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर समिति के लोगों ने समीर उरांव और सन्नी टोप्पो का स्वागत करते हुए उन्हे अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर सतीश शाह, संजय तिग्गा, मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश बैठा, प्रभारी राजीव गुप्ता, अनिल ठाकुर, नवल तिवारी, अमरनाथ महतो, कुलदीप बैठा, प्रणव साहू, आकाश बैठा आदि मौजूद थे।

### बाबूलाल मरांडी आज धनबाद में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में होंगे शामिल



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 20 मई, सोमवार को धनबाद में दो जगहों पर आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। मरांडी निरसा थाना की रंगामाटी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, विजयपुर फुटबॉल मैदान में 11:30 बजे से आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, प्रत्याशी दुल्लू महतो, धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय यादव भी मौजूद रहेंगे। मरांडी सिंदरी थाना के गोविंदपुर पश्चिम मंडल स्थित तितीचपरा मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में 1:30 बजे भाग लेंगे।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड का स्थापना दिवस मनाया गया

*मोहिनी एकादशी पर धूमधाम से हुआ कार्यक्रम का आयोजन*

*कोलकाता से आए अभिषेक शर्मा ने किया भजन गायन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को वैशाख शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी के अवसर पर मंदिर का अष्टम स्थापना दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए। 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद बाबा का प्रातः कालीन श्रृंगार किया गया। एकादशी के कारण सुबह की मंगला आरती के समय भक्तों की काफी भीड़ थी। सुबह में 8:30 बजे की श्रृंगार आरती में भक्तों का भाव देखते ही बन रहा था। 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद मंदिर के पट लगा दिए गए।

मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने बाबा का संध्या कालीन विशेष श्रृंगार करके बाबा को मनभावन रूप दिया। कोलकाता एवं बेंगलुरु से मंगाए गए फूलों और मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अद्भुत श्रृंगार किया गया। संध्या 4:30 बजे बाबा के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ मंदिर में लग गई। संध्या 7:00 बजे की ग्वाल आरती एवं 8:30 बजे की रात्रि कालीन आरती के बाद एकादशी एवं मंदिर स्थापना दिवस की विशेष तैयारी मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली एवं सदस्यों ने मिलकर अंतिम रूप दिया।



रात्रि में 9:30 बजे बाबा की अखंड पावन ज्योति मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी ने प्रज्वलित कर पेड़ा, रबड़ी, फल प्रसाद एवं पान का भोग लगा बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। रबड़ी प्रसाद अन्नपूर्णा सरावगी, पंचमेवा प्रसाद अमित मित्तल, गिरीगोला सेवा एवं फल प्रसाद एक श्याम भक्त आशिक एवं श्रृंगार सहयोग सेवा मोहित कुमार ने निवेदित की। इसके बाद भजन गायन हुआ। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, सलज अग्रवाल, पवन शर्मा, मदन सोनी, तनय कटपाल, पंकज गाड़ोदिया आदि ने भजनों का निरंतर गायन कर भक्तों को झुमाया। स्थापना दिवस के अवसर पर कोलकाता से आए अभिषेक शर्मा ने भक्तों को भक्ति रस में डुबोए रखा। निरंतर भजनों का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। समापन आरती के बाद स्थापना दिवस एवं एकादशी समारोह संपन्न हुआ। एकादशी के अवसर पर विशेष प्रसाद एवं फल भक्तों के बीच निरंतर रात्रि तक वितरित होते रहा। इस अवसर पर संजय सराफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, आशुतोष खेतान, लोकेश जालान, विशाल पोद्दार, सर्वेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## रांची में 30 किलो गांजे के साथ तीन महिला तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 34.50 लाख रुपये के गांजा के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिंदु देवी, उर्मिला देवी, तेतरी देवी शामिल हैं। तीनों बिहार के भभुआ और कैमूर के रहने वाली हैं।आरपीएफ ने रविवार को बताया कि रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के जरिए बनाई गई फ्लाइंग टीम ने यह कार्रवाई की है। हटिया रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान तीन महिलाओं को बैग के साथ संदिग्ध तरीके से बैठे हुए देखा गया। संदेह के आधार बैग की जांच करने पर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। मामले की सूचना मिलते ही आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह मौके पर उपस्थित हुए।

## फिटनेस और डाइट की मदद से ब्लड प्रेशर का नियंत्रण संभव : डॉ हेमंत

*प्रोटीन युक्त आहार का सतर्कतापूर्वक चुनाव हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को कर सकता है कम*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे हमें याद दिलाता है कि हाई ब्लड प्रेशर यह एक गंभीर समस्या है और इस पर तुरंत ही ध्यान देने की जरूरत है। हाई ब्लड प्रेशर को हाइपरटेंशन के नाम से भी जाना जाता है। भारत में यह काफी बड़ी आबादी को प्रभावित करता है, लगभग तीन में से एक वयस्क को हाइपरटेंशन होता है। सही वजन बनाए रखना और सक्रिय बने रहना जरूरी है। वहीं, डाइटरी विकल्प भी क्रॉनिक समस्या को नियंत्रित रखने में अहम भूमिका निभाता है। डॉ हेमंत नारायण राय, प्रोफेसर एवं एचओडी, कार्डियोलॉजी, रिम्स, रांची का कहना है कि सीमित मात्रा में फ्राइड फूड्स और फलों, सब्जियों तथा लीन प्रोटीन युक्त आहार का सतर्कतापूर्वक चुनाव, काफी हद तक हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को कम कर सकता है। याद रखें, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखना लंबे समय तक लिया जाने वाला संकल्प है, लेकिन अपनी रोजमर्रा की आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करने से उसका दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। खाना पकाने का सेहतमंद तरीका चुनें, अपनी पसंदीदा तली-भुनी चीजों का विकल्प ढूंढें और अपने शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए अपनी पसंदीदा एक्टिविटीज चुनें। इस तरह के सुरक्षात्मक कदम उठाने से आप अपनी सेहत की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं और हाइपरटेंशन की समस्याओं से मुक्त भविष्य में निवेश कर सकते हैं। फिटनेस तथा कम फ्राइड फूड्स वाला संतुलित आहार युक्त सेहतमंद लाइफस्टाइल अपनाने से आप काफी हद तक हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को कम कर सकते हैं या यदि आपको पहले ही समस्या हो चुकी है तो उसे नियंत्रित कर सकते हैं।

फ्राइड फूड्स को यदि लगातार खाया जाए, तो ब्लड प्रेशर पर काफी ज्यादा प्रभाव पड़ सकता है। फ्राइड फूड्स को अक्सर ही सैचुरेटेड एवं ट्रांसफैट्स युक्त तेल में तला जाता है। ये फैट्स खून में एलडीएल (बैड कोलेस्ट्रॉल) को बढ़ा सकता है, जिसकी वजह से धमनियों में प्लाक जमा होने लगता है। कई सारे फ्राइड फूड्स में काफी ज्यादा मात्रा में नमक होता है, जिसकी वजह से सोडियम के सेवन की मात्रा बढ़ जाती है।

## अगले दो दिनों तक गरज के साथ बारिश की संभावना

# झमाझम हुई बारिश, ओले भी गिरे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में रविवार को दिन में दो बजे के बाद झमाझम बारिश हुई। कुछ जगहों पर ओले भी पड़े। इसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने आगामी 20 और 21 मई को रांची और आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में 25 मई तक गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। झारखंड के पूर्वी, दक्षिणी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में 20 और 21 मई को कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। 22 मई को भी राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश के आसार हैं। 23 मई को राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य में बारिश व वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 20, 21 और 22 मई को गरज के साथ बारिश, वज्रपात व तेज हवाएं चलने की आशंका जताई है। हवाएं 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा के रफ्तार से चल सकती हैं। मौसम विभाग ने गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़ व रांची जिले के कुछ भागों में 20 और 21 मई को गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। वहीं, राज्य के कुछ हिस्सों में हीट वेव को लेकर भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### मानसून ने दी निकोबार द्वीप समूह में दस्तक झारखंड में 16 जून को आने की संभावना




रांची/नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के सबसे दक्षिणी भाग निकोबार द्वीप समूह में दस्तक दे दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून के 31 मई को केरल पहुंचने की उम्मीद है। झारखंड में मानसून 16 जून को प्रवेश कर सकता है। बता दें कि भारत की कृषि के लिए मानसून बहूत ही महत्वपूर्ण है। देश की 52 प्रतिशत खेती योग्य भूमि मानसून पर निर्भर है।

## आकर्षक साज-सज्जा में भोजन का स्वाद बढ़ जाता है : बलबीर दत्त

**रांची प्रेस क्लब में 360 डिग्री एक्सप्रेस रेस्टोरेंट का हुआ उदघाटन**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भोजन स्वाद से पसंद किया जाता है, लेकिन यदि साज-सज्जा और माहौल बेहतर हो तो खाने का स्वाद और बढ़ जाता है। रांची प्रेस क्लब के ग्राउंड फ्लोर पर 360 डिग्री एक्सप्रेस रेस्टोरेंट का उद्घाटन करने के बाद वरिष्ठ संपादक पद्मश्री बलबीर दत्त ने रेस्टोरेंट की तारीफ करते हुए यह टिप्पणी की। आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह ने नारियल फोड़कर रेस्टोरेंट के किचन का उद्घाटन किया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालक शोभना जयंती और आशीष जोशी ने बताया कि रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट और वेरायटी आइटम किफायती दामों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रभात खबर के वरिष्ठ संपादक विजय पाठक, समाचार प्लस के संपादक ब्रजेश राय, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, रांची के एडीएम लॉ राजेश्वर नाथ आलोक, झारखंड चैंबर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष कुणाल आजमानी, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की निदेशक राजश्री जयंती, प्रमोद झा, दिवाकर कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## रांची एसएसपी ने लोस चुनाव को लेकर की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा सीट पर आगामी 25 मई को मतदान होना है। इसे लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने रविवार को जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने पर चर्चा की गई। साथ ही, पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों के ठहरने के लिए आवास की व्यवस्था और मूलभूत सुविधा पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, सेक्टर पुलिस बल के साथ उस सेक्टर के एक बूथ के पुलिस बल, अर्धसैनिक बलों के एक सेक्शन को ईवीएम को सुरक्षित बूथ तक पहुंचाने और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फोर्स के सुरक्षित मूवमेंट विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को बूथ पर प्रतिनियुक्त पुलिस बल को अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने के लिए ब्रीफ करने, पोलिंग पार्टी और पुलिस बल के डिस्पैच के दिन अपने-अपने क्षेत्राधिकार में पेट्रोलिंग करने, चेक नाका लगाकर पुलिस बल के साथ संपर्क में रहकर गाइड करते हुए ससमय बूथ तक पहुंचाने सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## डीपीएस की पूर्व छात्रा अनिमा को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची की छात्रा अनिमा कुमारी (बैच 2020) को उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। अनिमा को माइक्रोबायोलॉजी में स्वर्ण पदक हासिल करने और एमबीबीएस की डिग्री के दौरान फार्माकोलॉजी में असाधारण दक्षता प्रदर्शित करने के परिणामस्वरूप मिली है। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने अनिमा कुमारी को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, अनिमा हमेशा समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रतीक रही हैं। उनकी सफलता उनकी दृढ़ता और डीपीएस रांची में रखी गई मजबूत शैक्षणिक नींव का प्रमाण है।




## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के कर्मियों ने निकाली स्वच्छता रैली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची रेलवे स्टेशन पर चला स्वच्छता अभियान

स्ट्रीट वेंडर के बीच कूड़ेदान वितरित किए गए

स्वच्छता के महत्व पर सामुदायिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड, रांची ने रविवार को स्वच्छता रैली आयोजित की। इसका आयोजन स्वच्छता पखवाड़ा (16 से 31 मई 2024) के तहत किया गया था। इस स्वच्छता रैली में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) अनिमेष जैन, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। यह रैली कार्यालय परिसर से शुरू हुई और रांची रेलवे स्टेशन पर समाप्त हुई। बाद में कर्मचारियों ने रांची रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया।

उचित अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए रेलवे स्टेशन के पास सड़क पर सामान बेचने वालों (स्ट्रीट वेंडर) के बीच कूड़ेदान वितरित किए गए। स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के हिस्से के रूप में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा हैंड सैनिटाइजर भी वितरित किए गए। यह पहल रांची रेलवे स्टेशन प्रशासन के सक्रिय सहयोग से संभव हो सका। स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के दौरान, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, एनएमएल सार्वजनिक स्थानों पर अधिक सामुदायिक सफाई अभियान गतिविधियों का संचालन करने जा रहा है। 'स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है' को बढ़ावा देने को स्थानीय समुदाय को शामिल करने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन करेगा।

## रांची उपायुक्त ने आठ बदमाशों को किया जिला बदर

**रांची।** रांची पुलिस की अनुशंसा पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आठ अपराधियों को जिला बदर किया है। साथ ही, तीन अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है।आठ जिला बदर अपराधियों में महमूद आलम, मन्नु कुरैशी उर्फ शमशेर कुरैशी, संदीप बागे, तुलसी पाहन, सरफराज उर्फ भोलू, परवेज आलम, अली हुसैन और बुतरू उरांव शामिल हैं। साथ ही, तीन अपराधियों सैयद सरताज शाह, हार्शित राज उर्फ जीत सिंह राजपूत और मौसीम अंसारी को थाने में हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद




**रांची।** मोहिनी एकादशी पर रविवार को 150वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरु महाराज को अर्पित कर 1300 श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। मंदिर परिसर में आए हुए श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक कतार मे लगकर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन रांची के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में संस्था की वरिष्ठ सदस्या प्रमिला पुरोहित, सुधा सुलतानीया, संतोष देवी अग्रवाल एव अंजनी अग्रवाल, नंद किशोर चौधरी, पवन पोद्दार के सौजन्य से किया गया था। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा में हनुमान मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया, सचिव श्रवण अग्रवाल, प्रभाकर मोदी, प्रेमचंद श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विशाल जालान,प्रभाष गोयल सहित संस्था के बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### स्कूली शिक्षा के साथ आध्यात्मिकता की पढ़ाई भी आवश्यक : कवलजीत कौर




**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान हरमू रोड में रविवार को आध्यात्मिक समर कैंप का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल की शिक्षिका कवलजीत कौर ने कहा कि आज बच्चों को स्कूली पढ़ाई के साथ-साथ नैतिकता एवं आध्यात्मिकता की पढ़ाई की भी आवश्यकता है।कार्यक्रम में उपस्थित एमपीएम कॉलेज की प्रोफेसर अंजली दास गुरु ने कहा कि यह शिविर बहुत ही उद्देश्यपूर्ण व आवश्यकता के अनुरूप है। माता-पिता अपने बच्चों को अवश्य भेजें। यह आज के समय की जरूरत है।

सभा को संबोधित करते हुए व्यवसायी नरेंद्र पाल सिंह ने कहा, बच्चे नन्हे पौधे होते हैं, जिनमें सिंचाई का कार्य उनके माता द्वारा किया जाता है। इसलिए बच्चों को समान शिक्षा के साथ-साथ अध्यात्म की ओर अग्रसर करना चाहिए। इससे बच्चों का सभी प्रकार से विकास हो सकेगा। विभा सिंह ने कहा कि यही वह समय है, जो हमारे जीवन की दिशा और दशा तय करता है। विद्यार्थी जीवन में यदि हमें इन दिव्य गुणों की शिक्षा मिले, तो निश्चित तौर पर पूरा जीवन सुंदर व्यतीत होगा। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, वर्तमान समय में बच्चों में किसी भी प्रकार के तनाव से बचाव व अध्ययन में एकाग्रता के विकास के लिए राजयोग मेडिटेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के समय में जब छोटी-छाटी बातों से बच्चे नाराज हो जाते हैं, टेंशन में आ जाते हैं, तो यह आध्यात्मिक ज्ञान जीवन में आने वाली परिस्थितियों से उबरने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा बच्चों की उन्नति को ध्यान में रखते हुए पूरे देश में अलग-अलग स्थानों पर समर कैंप आयोजित किए जा रहे है।

### भाजयुमो ने चलाया 'पक्षी बचाओ' अभियान

**रांची।** भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों की रक्षा के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर ने रविवार को 'पक्षी बचाओ' अभियान चलाया। रातू रोड स्थित 'डांस झारखंड' नृत्य संस्थान के बच्चों एवं उनके अभिभावकों के बीच अभियान चलाते हुए पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना-पानी देने की अपील की।

'डांस झारखंड' नृत्य संस्थान में छोटे-छोटे बच्चों एवं अभिभावकों के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सैकड़ों सिकोरे बांटे गए। साथ ही, यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने-अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना-पानी देकर उनकी रक्षा करने में अपना योगदान देंगे।

### पर्यवेक्षक बनकर दूसरे राज्यों में गए आईएएस हुए वापस

**रांची।** लोकसभा चुनाव में पर्यवेक्षक बनकर दूसरे राज्यों में गए आईएएस अधिकारी वापस झारखंड लौट आए हैं। चुनाव आयोग ने इन अधिकारियों को पहले दो चरणों के लिए पर्यवेक्षक बनाया था। चुनाव संपन्न कराने के बाद लौटे सभी अधिकारी कामकाज भी संभाल रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, अब वे मतदान के पहले वापस उन राज्यों में जाएंगे, जहां उन्हें पर्यवेक्षक बनाया गया था। चार जून को मतगणना कार्य पूरा कराने के बाद वे फिर झारखंड लौट आएंगे। इसके बाद के चरण के लिए एक-दो आईएएस अधिकारियों की ही मांग राज्य सरकार से की गई है।

### एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर पैसे की निकासी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना पुलिस ने एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर पैसे की निकासी करने वाले एक आरोपी नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने रविवार को बताया कि कांटा टोली से काफी समय से लगातार ऐसा मामला प्रकाश में आ रहा था कि कांटा टोली और आसपास के इलाके में अवस्थित विभिन्न बैंक की एटीएम मशीन से पैसा निकासी करने जा रहे लोगों को पैसा मशीन से नहीं मिल पा रहा है। जबकि, उनके खाते से पैसे कट जा रहे थे और एटीएम मशीन से तकनीकी रूप से पैसा की निकासी हो जाने के बावजूद भी लोगों को पैसे एटीएम से प्राप्त नहीं हो पा रहा था।उन्होंने बताया कि संध्या गश्ती के कम में 18 मई की रात डंगरा टोली पेट्रोल पंप के सामने स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास पहुंचने पर पर देखा कि एटीएम के बाहर दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़े हैं। पुलिस उनके सामने जाने लगी तो वे दोनों भागने लगे। पुलिस ने एक व्यक्ति को खदेड़ कर पकड़ा। एक आरोपी फरार है, उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**ये सामान हुए बरामद**

- 12 पीस एल्युमिनियम का प्लेट जिस पर काली टेप चिपका हुआ, जिसे एटीएम के स्लॉट पर लगाया जाता है।
- दो काली टेप का रोल जिसे अल्युमुनियम के सीट पर चिपकाया जाता है।
- एक कैची पिला रंग का
- एक मोबाइल और दो सिम
- एक छोटा पिट्ठू बैंग
- पांच विभिन्न बैंकों के डेबिट कार्ड




# लूटे गए पैसे वापस कराने के लिए सरकार कानूनी रास्ते तलाश रही





## 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को घाटशिला में विशाल रैली में कहा कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकार पर राज्य को लूटने में व्यस्त हैं। इनके नेताओं और अफसरों के यहां से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। मोदी इनके ठिकानों से लूट के पैसे निकलवा रहा है। ये गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और आपके बच्चों के हक का पैसा है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि जिन लोगों से ये पैसे लूटे गए हैं, उन्हें वापस कराएंगे। इसके लिए सरकार कानूनी रास्ते तलाश रही है। उन्होंने कहा कि मैं गरीबों का दर्द जानता हूं और उनके लिए 10 साल से निरंतर लगा हूं। हमने 52 करोड़ लोगों के जन-धन खाते खुलवाए, चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया है। हर घर तक नल से जल पहुंचाया है। पीएम मोदी ने कहा, संविधान को खतरा इंडी गठबंधन से है। बाबा साहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन ये लोग दलित, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की बात करते हैं। कुछ राज्यों मे इसकी शुरूआत भी हो गई है। हमने कांग्रेस से लिखित तौर पर यह गारंटी देने को कहा था कि वे धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देंगे, लेकिन वे अब तक इस पर चुप हैं। मोदी ने कहा कि 60 सालों तक कांग्रेस देश से गरीबी हटाओ की बात करती रही। उन्होंने (मोदी) गरीबी देखी है, इसका दर्द भोगा है। इसलिए इसके निदान के लिए योजनाएं बनायीं। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। लोगों को बैंक की चौखट तक पहले नहीं जाने दिया गया। प्रधानमंत्री ने जमशेदपुर से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि आपका एक-एक वोट मोदी को जाएगा। जनसभा को झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी मौजूद रहे।

# राज्य के तीनों सीटों पर सुविधाजनक मतदान के लिए सभी तैयारियां हुई पूरी : रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

*54 प्रत्याशी मैदान में,58,34,618 मतदाता करेंगे मतदान*



*अभी तक 121 करोड़ 91 लाख की हो चुकी है अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी बूथ व्यवस्थित किये जा चुके हैं। मतदानकर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। मतदाताओं को सुविधाजनक ढंग से मतदान केंद्र जाकर मतदान कराने के लिए तमाम उपाय किये गए हैं। इस फेज में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े सात जिले समाहित हैं। यहां कुल 58,34,618 मतदाता हैं। इनमें 29,99,233 पुरुष और 28,35,329 महिला मतदाता हैं। कुल बूथों की संख्या 6705 है। इनमें से 575 बूथ शहरी क्षेत्र में और 6130 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 73 बूथ महिलाओं, 13 बूथ दिव्यांगों और 13 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं 36 यूनिक बूथ हैं, जो उस क्षेत्र की पहचान से जुड़े होंगे। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सोमवार को मतदान होना है। मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिस बूथ पर शाम पांच बजे तक मतदाता कतार में होंगे, उनके मतदान तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 16,89,926 मतदाता हैं। जिनमें 8,61,959 पुरुष और 8,27,965 महिला मतदाता हैं। चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1899 बूथ हैं। उनमें 112 शहरी क्षेत्र में और 1787 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 16 बूथ महिलाओं, 4 बूथ दिव्यांगों और 3 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 5 यूनिक बूथ हैं। उन्होंने बताया कि कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 22,05,318 मतदाता हैं। जिनमें 11,40,049 पुरुष और 10,65,246 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2552 बूथ हैं। उनमें 136 शहरी क्षेत्र में और 2416 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 23 बूथ महिलाओं, 1 बूथ दिव्यांगों और 4 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 20 यूनिक बूथ हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 19,39,374 मतदाता हैं। जिनमें 9,97,225 पुरुष और 9,42,118 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2254 बूथ हैं। उनमें 327 शहरी क्षेत्र में और 1927 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 34 बूथ महिलाओं, 8 बूथ दिव्यांगों और 6 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 11 यूनिक बूथ हैं।

# झामुमो-कांग्रेस का चरित्र एक समान : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड में एनडीए गठबंधन प्रचंड विजय की ओर बढ रहा है। परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने इंडी एलायंस को हर तरफ जनता नकार रही है। झारखंड में भी इनका सूपड़ा साफ होना तय है। जेएमएम और कांग्रेस का चरित्र एक समान है। रविवार को आजसू नेता सुदेश महतो बाघमारा में पानी टंकी मैदान पत्थलगडिया में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान माले नेता अमरदीप महतो और समाजसेवी अरुण महतो के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकताओं और समाजसेवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस परिवारवाद का गठबंधन है। इनकी प्राथमिकता राज्य और राष्ट्र का विकास नहीं बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाने की है। यह लोग परिवार की परिपाटी को आबाद कर रहे हैं। विकास नहीं तुष्टिकरण ही इनकी राजनीति का आधार है। ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियां जब अपना काम कर के इनके भ्रष्टाचार को जनता के सामने लगातार उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान की दुहाई देकर और अपने मेनिफेस्टो में कभी न पूरा हो पाने वाले वादों से यह लोग जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### आजसू, बीजेपी, जेएमएम के 200 महिला कार्यकर्ता राजद में हुए शामिल



**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय में राजद चुनाव अभियान समिति रांची लोकसभा क्षेत्र के मनोनीत सदस्यों की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई । अध्यक्षता रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति के संयोजक राजेश यादव ने किया । इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव के नेतृत्व में बीजेपी,आजसू,जेएमएम के 200 मुस्लिम महिला कार्यकर्ता एवं समाजसेवी को माला पहनाकर राजद में शामिल कराया और स्वागत किया। यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के झारखंड दौरे से राजद के कार्यकताओं में काफी उत्साह बढ़ा है। राजद में शामिल हुए सहजादी खातून, मुमताज खानम, अनामिका शर्मा, बबली विनीता सिंह, अफरोज रहमान, फिरोज खान, रत्नेश कुमार, तरन्नुम परवीन, सोनी खातून, पुष्प शर्मा, हर्ष कुमार, कमला देवी, नीखत परवीन, नूरजहां बेगम, अप्सरा परवीन सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव अभियान समिति के राजेश यादव, महासचिव कैलाश यादव,रंजन यादव, अर्जुन यादव, सुधीर गोप, सौकत अंसारी, रामकुमार यादव,

### डोरंडा में भाजपा का खुला कार्यालय

**रांची।** भाजपा डोरंडा मंडल का एक सहयोगी कार्यालय साउथ ऑफिस पाड़ा डोरंडा में खोला गया। मौके पर हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, रांची लोस के सहसंयोजक रमाकांत महतो, हटिया विधानसभा प्रभारी प्रदीप सिन्हा, सीमा शर्मा, रोहित शारदा विशेष रूप से उपस्थित थे। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हर घर से प्रत्येक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचे उसकी चिंता कार्यकर्ता करें। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि कार्यालय से अपने समर्थकों तक झंडा बैनर पोस्टर पहुंचने में अपना योगदान दें। सीमा शर्मा ने कहा कि महिलाओं का विशेष योगदान चुनाव में होता है वह घर-घर से महिलाओं को मतदान के लिए निकालने में अपना योगदान दें।

### झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा पर बरसीं वृंदा करात

**गोड्डा।** संथाल परगना के राजमहल सीट पर चुनावी सभा को संबोधित करने वृंदा करात बोआरीजोर प्रखंड के सुदूर ग्रामीण आदिवासी बहुल गांव पहाड़पुर पहुंची। उन्होंने राजमहल के सांसद विजय हांसदा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां के आदिवासियों के बीच फूट डालकर उनकी आर्थिक कमजोरी का लाभ उठाया जा रहा है तथा उनके जमीन से उन्हें महरूम किया जा रहा है, जिसे यहां के झामुमो एमपी संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमहल के सांसद लोगों के सांसद नहीं है अपितु वे कंपनी के सांसद हैं। उन्होंने लोगों से ऐसे एमपी को उखाड़ फेंकें और अपने अधिकार के लिए आप गोपीन सोरेन को यहां से अपना सांसद बनाकर भेजें।

### कांग्रेस मुख्यालय में रांची लोकसभा के कार्यकताओं की बैठक

**रांची।** रांची लोकसभा के कार्यकताओं की चुनावी समीक्षा बैठक कांग्रेस मुख्यालयों में हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की जलेश्वर महतो सुबोध कांत सहाय अनादि बार्मो ,राकेश सिन्हा सतीश पौल मुंजनी, अमूल नीरज खलखो, गजेन्द्र सिंह, और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले 5 वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं, अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। 5 वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन द्वारा बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए, ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी एवं बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे। मतदान के दिन तक जरूरी है कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपने बूथ के मतदाताओं से निरंतर संपर्क करते रहें ताकि भाजपा द्वारा चुनाव की धारा को मोड़ने का यदि कोई भी गैरवैधानिक कार्य किया जाए या अफवाह फैलाया जाता है तो उससे आम लोगों को सावधान किया जा सके और उनकी सच्चाई बताई जा सके।

# भाजपा को 370 से अधिक सीट और एनडीए 400 पार होगा : गौरव भाटिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने रविवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में संवाददाताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड और झारखंड की जनता को हमेशा दिल में रखा। भगवान बिरसा मुंडा को आदर्श माना। जनजातीय समाज के लिए चिंतित रहें। उसे सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए। जनता ने मन बना लिया है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे और वह जनता की सेवा के अपने कार्य को आगे बढ़ाएंगे। भाटिया ने कहा कि चार चरण के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इस चुनाव में एनडीए और भाजपा पिछले 10 वर्ष के विकास कार्य की रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जनता से पुनः आशीर्वाद मांग रहे हैं। जनता ने मन बना लिया है कि इस चुनाव में भाजपा 370 से अधिक सीट जीतेगी। एनडीए 400 पार होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। घुसपैठियों पर लगाम नहीं है। विधि व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। राज्य सरकार ने जनजातीय समाज के लोगों की जमीन ली। इसका आवंटन जनजातीय युवाओं को करना चाहिए, ताकि वे उद्योग लगाए और आगे बढ़े। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनजातीय समाज का हक छीनकर वह जमीन परिवार के सदस्य को आवंटित कर दिया।



### कांग्रेस, झामुमो,राजद भ्रष्टाचार की क्राइम मास्टर गोगो

गौरव भाटिया ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी है। कांग्रेस, झामुमो और राजद एक साथ हैं। भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी क्राइम मास्टर गोगो है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि घमंडियां गठबंधन में भ्रष्टाचारियों की फौज है। वे एनडीए-बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने का कुंठित प्रयास कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों पर प्रधानमंत्री मोदी की ईमानदारी भारी पड़ रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस से सबक लिया। यही कारण है कि 10 समन देने के बाद भी ईडी के पास नहीं गए। अगर हुए भ्रष्टाचार नहीं किए हैं, तो जाकर जवाब देना चाहिए। यह जनता की कमाई है। उसे लूट कर परिवार को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इनकी नीतियां झारखंड की जनता की विरोधी है।

# चार जून के बाद देश में नहीं होगी मोदी की तानाशाह सरकार : सुप्रिया श्रीनेत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पीएम नरेंद्र मोदी बड़ा हमला करते हे कहा कि चार चरण के मतदान के बाद साफ हो गया है कि 4 जून के बाद इस देश में भाजपा और मोदी की सरकार नहीं रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2024 का चुनाव, आम चुनाव नहीं है। बल्कि ये चुनाव यह तय करेगा कि आगे ऐसे ही चुनाव होगा या नहीं। यह चुनाव संविधान को बचाने का है। चुनाव में भाजपा बनाम कांग्रेस नहीं है। इस चुनाव में यह तय होगा कि आगे क्या होगा। देश में चार चरण में वोटिंग हो गई। इस से साफ हुआ कि देश में बदलाव का माहौल बन गया। अब देश में ये लोग नहीं आने वाले है।चार चरण में निर्णायक हुआ कि बाकी चरण में भी जनता मूड बना कर वोट करने वाली है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने कभी मुद्दों की बात नहीं करते हैं। आज मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा, अमीर गरीब के बीच बढ़ती खाई है तो पीएम मोदी बात मछली, मंगलसूत्र पर करते हैं। कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा कि मतदान का चौथा चरण समाप्त होते होते पीएम मोदी गजनी जैसे हो गए हैं। जिसना वजूद ही हिंदू मुस्लिम, राजनीति और नफरत है । कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा मुद्दों से भटकाती है और हम मोदी सरकार में पैदा की गई समस्याओं के समाधान की बात करते हैं। हम अपने पांच न्याय और 25 गारंटी में युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की बात करते हैं।




### भाजपा ने दो मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा

उन्होंने कहा कि देश में चुनाव से पहले दो-दो मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया गया। इस तरह से तानाशाही की जा रही है। देश में मुख्य विपक्षी पार्टी का एकाउंट सीजकर दिया गया। देश में ये लोग एक पार्टी का राज चलाने की कोशिश कर रहे हैं। यूपी में हाल में एक दलित को पीटने का वीडियो वायरल हुआ,जिसमें तहसीलदार के सुरक्षा कर्मी उसे पिट रहे थे। बोल रहे थे कि खाओगे मोदी का, और वोट किसी और को दोगी। आखिर उनसे पूछना चाहूंगी कि क्या अनाज भाजपा के कार्यालय में उगाया जा रहा है। अनाज देश के अन्नदाता का है, इसपर सभी का हक है।

# पिछली बार भाजपा की चली थी जोरदार आंधी इस बार सभी ओर खामोशी ,गांडेय में उपचुनाव

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

देश के पांचवे और झारखंड के दूसरे चरण में सोमवार को तीन लोकसभा सीट कोडरमा, चतरा और हजारीबाग और एक सीट गांडेय में मतदान होना है। तीनों लोकसभा सीटों पर कुल 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें दो महिलाएं तथा 23 निर्दलीय हैं। चतरा में 22, हजारीबाग में 17 तथा कोडरमा में 15 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। कुल 58,23,741 मतदाता इनके भाग्य का फैसला करेंगे। इस बार तीनों सीट पर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच मुकाबला है।पिछली बार भाजपा की जबरदस्त लहर चली थी, लेकिन इस बार तीनों जगह मतदाताओं में खामोशी देखी जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी,कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राजद के तेजस्वी यादव चुनावी प्रचार कर चुके हैं।

**भारी मतों के अंतर से जीती तीनों सीट :** 2019 के लोकसभा चुनाव में कोडरमा, हजारीबाग और चतरा तीनों सीट पर भाजपा ने कब्जा जमाया था। इन सीटों पर 2019 के चुनाव में बीजेपी की कैसी आंधी चली थी, इसकी गवाही वोट के आंकड़े देते हैं। हजारीबाग में इसके उम्मीदवार जयंत सिन्हा ने 4 लाख 79 हजार 548, कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी ने 4 लाख 55 हजार 600 और चतरा में सुनील सिंह ने 3 लाख 77 हजार 871 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी।

### भगवा और लाल झंडा के बीच टक्कर



कोडरमा सीट को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा है। इसकी वजह हैं मोदी सरकार में राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी यहां से दूसरी बार चुनावी मैदान में है। तो दूसरी तरफ भाकपा माले के विधायक विनोद सिंह मैदान में है। चर्चा इस बात को लेकर भी है कि इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों ने माले की जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया।

### स्थानीय बनाम बाहरी प्रत्याशी का मुद्दा प्रमुख



स्थानीय प्रत्याशी की मांग को लेकर ही भाजपा ने इस बार चतरा सीट मौजूदा सांसद सुनील सिंह का टिकट काटकर स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया। दूसरी तरफ कांग्रेस ने डाल्टनगंज के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतारा है।

### भाजपा के दो विधायकों के बीच दिलचस्प मुकाबला



भाजपा ने इस बार हजारीबाग सदर के विधायक मनीष जायसवाल को प्रत्याशी बनाया है। वे मूल रूप से इसी जिले के रहने वाले हैं। उनके पिता बीके जायसवाल दशकों तक हजारीबाग नगरपालिका और हजारीबाग जिला परिषद के अध्यक्ष रहे हैं।

### गांडेय उपचुनाव में इंडी और एनडीए के बीच लड़ाई

कोडरमा लोकसभा सीट के गांडेय विधानसभा सीट पर भी रविवार को ही मतदान किया जाएगा। इस सीट पर भी देश भर के लोगों की नजरें टिकी है। झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली इस सीट पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनावी मैदान में अपना भाग्य जमा रही है, वहीं एनडीए की ओर से भाजपा के दिलीप वर्मा कल्पना को टक्कर दे रहे हैं।



### इरफान अंसारी को भानु प्रताप ने दी चुनौती

**रांची।** कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी और भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने रविवार को सोशल मीडिया में एक-दूसरे पर जमकर कटाक्ष किया। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने हेमंत सोरेन की तुलना श्रीराम से करने पर फिर नाराजगी जताई और लिखा कि मियां यदि हिम्मत हो तो अपने डायनेमिक नेता की तुलना अल्लाह से कर के देखो, फिर आपका ही समुदाय क्या हालत करता है आपका? इसके बाद भानु ने लिखा कि इरफान मियां, आप से 1000 साल पुराना झारखंड का वासी हूं। पहली बात नवादा वासी सुन लो। दूसरा, सब्र हमलोग कर रहे हैं कि भगवान की तुलना डकैत से कर रहे हो। सुधर जाओ आप। तीसरा, पैसे के साथ कोलकाता में आप पकड़े गये हो। आपके मंत्री आलमगीर पकड़े गये, हम नहीं। इस पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने भानु प्रताप शाही को टैग करते हुए कहा कि सब्र की जुबान इतनी ताकतवर होती है कि सताने वाले की नस्लें बर्बाद कर देती है।

# मतदान आज, कर्मी पहुंचे बूथ स्थल पर



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग रामगढ़ के लिए मतदान की तिथि 20 मई निर्धारित है। इस दौरान सफलता पूर्वक मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को रामगढ़ जिले के रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान पदाधिकारियों की टीम रवाना हुई। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक चंद्रमौली शुक्ला ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर डिस्पैच कार्यों का जायजा लिया। वहीं, उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डिस्पैच कार्यों के दौरान पूरे समय जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार स्वयं उपस्थित रहकर डिस्पैच कार्यों का जायजा लेते रहे। गौरतलब है की 20 मई को होने वाले मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से 22 बड़कागांव के लिए 2156 एवं 23 रामगढ़ के लिए 1892 मतदान पदाधिकारी कार्य में लगे हैं

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव के दौरान बूथों की होगी वेब कास्टिंग

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न बूथों पर मतदान के दिन वेब कास्टिंग होगी। इसे लेकर डाड़ी बीडीओ सुशांत कुमार मुखर्जी ने प्रखंड के प्रज्ञा संचालकों के साथ बैठक किया है। बीडीओ ने इसके लिए प्रज्ञा संचालकों को जिला से दिए गए आवश्यक निर्देशों का पालन करने दिशा निर्देश दिया है। उन्हें 20 मई को चुनाव के दौरान सभी बूथों पर वेब कास्टिंग करने का निर्देश दिया है। डाड़ी बडीओ ने एक दूसरी बैठक में प्रखंड चुनाव कराने आने वाले पोलिंग पार्टी के रहने की व्यवस्था करने और बूथों की जानकारी देने के लिए नियुक्त कर्मी के साथ किया। इन्हें पोलिंग पार्टी के आने जाने चुनाव संपन्न होने तक की नियमित की जानकारी उन्हें अपडेट करने के लिए निर्देश दिया।

### गोला में झोलाछाप डॉक्टर के चक्कर में गई मजदूर की जान

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के रोला गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से 55 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद से झोलाछाप डॉक्टर फरार है। रोला गांव निवासी सुरेश महतो के पेट में पिछले दो दिनों से दर्द हो रहा था। जिसके बाद उसके परिजन गांव के ही एक झोलाछाप डॉक्टर के पास दवा दिलाने ले गए। यहां झोलाछाप ने उसे एक इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। परिजन उसे बेहोशी की हालत में आनन-फानन में गोला के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पीड़ित के घर पहुंचे मुखिया सतीश मुर्मू ने स्थानीय गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर पूरे मामले की जानकारी ली।

## चुनाव को लेकर प्रमुख दलों ने बूथ मैनेजमेंट पर अंतिम दिन झोंकी पूरी ताकत

**रामगढ़।** डाड़ी प्रखंड में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव अंतिम दिन रविवार को यहां चुनाव लड़ रहे प्रमुख दल के प्रत्याशी के समर्थकों ने बूथ मैनेजमेंट पर पूरी ताकत झोंक दिया है। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में शनिवार को शाम में चुनाव प्रचार के थम जाने के बाद प्रमुख दलों के नेताओं कार्यकताओं ने एक ओर जहां डोर टू डोर जनसंपर्क करने पर जोर लगा दिया। वहीं रविवार को दिन भर वे बूथ मैनेजमेंट पर सारा ध्यान केंद्रीत कर दिया है। इस दौरान प्रमुख दल के नेताओं ने बूथ पर रहने वाले सभी कार्यकर्ता और इसे मैनेज करने वाले बूथ प्रभारी को 20 मई को चुनाव के दौरान सुबह से शाम तक पूरी ततपरता से डटे रहने के लिए तैयार कर रहे हैं। वहीं घर घर से मतदाताओं को अपने पक्ष में कैसे निकाल कर बूथ तक पहुंचाना है इसकी तैयारी में लगे रहे। साथ ही मतदाताओं को समझा रहे हैं कि उन्हें क्यों वोट देना है।

## खत्म हुई प्रतीक्षा, मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



**नवीनम मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान होगा जिसमे करीब 19 लाख मतदाता 17 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला अपने मताधिकार से करेंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने पिछले 78 दिनों से हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में अपनी पूरी क्षमता झोंक दी। शनिवार की शाम को चुनाव प्रचार और भोंपू का शोर थमा तो प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने डोर-टू-डोर कैंपेन कर जनता जनार्दन से आशीर्वाद मांगा। चुनाव प्रचार खत्म होते ही भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल अपने पुराने दिनचर्या में लौट गए और क्षेत्र के लोगों के दुःख- सुख में शरीक होने का सिलसिला शुरू कर दिया। मनीष जयसवाल ने कटकमसांडी निवासी भाजपा कार्यकर्ता सरजू सिंह की पुत्रवधू के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर उनके आवास पहुंचे और गहरी शोक संवेदना प्रकट किया एवं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना भी की। इस दौरान क्षेत्र के बूथ प्रबंधन की जानकारी भी स्थानीय कार्यकर्ताओं से लिया।

**मक्का उत्पादन पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

## संस्थान से जुड़कर किसान नई तकनीक की लें जानकारी : ओएसडी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** नाबार्ड के तत्तावधान में भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा में मक्का उत्पादन पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ. जिसमें हजारीबाग जिले के 10 विभिन्न कृषि उत्पादन केंद्र से 64 किसान शामिल हुए. इस दौरान किसानों ने बीज उत्पादन एवं मूल्य संबंधित उत्पाद बनाने के उन्नत तरीको को बारीकी से जाना. तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के कृषि वैज्ञानिक संतोष कुमार ने किसानों ने प्रोटीन युक्त मक्का उत्पादन पर जोर देते हुए इसके उत्पादन के लिए प्रेरित किया. प्रधान वैज्ञानिक डॉ संत कुमार महंता व डॉ मोनिका ने मक्का से पोल्ट्री फीड बनाकर व्यापार करने के तरीके बताए. वैज्ञानिक डॉ निरंजन कुमार ने पशुओं के स्वास्थ लाभ पर जानकारी दिया. इसी प्रकार संस्थान के अन्य वैज्ञानिकों ने भी बीज चयन, बीज रोपण विधि, रख रखाव, पोषण, जल, खर पतवार प्रबंधन और सिंचाई के बाद यूरिया प्रबंधन के जानकारी देते हुए आय वृद्धि की जानकारी दिया. नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक प्रेम प्रकाश सिंह व रिचा भारती ने समूह उत्पादन पर जोर दिया. जिसमे कम लागत में ज्यादा उत्पादन की बात बताई. ओएसडी डॉ विशाल नाथ ने किसानों से आईएआरआई से जुड़कर अधिकाधिक लाभ लेने की बात कही. साथ हीं प्रशिक्षण के दौरान बताए गए तकनीक को कृषि उत्पादन में उपयोग लाने की बात कही. प्रशिक्षण के दौरान किसान काफी उत्सुक रहे और संकर मक्का के उत्पादन के लिए इच्छा जताई. प्रशिक्षण सत्र में इस संस्थान से ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया . प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रियरंजन, डॉ रिचा भारती, डॉ प्रीति सिंह, डॉ काशीनाथ तेली आदि ने भी कृषकों को महत्वपूर्ण जानकारी दिया.

## न्यूज बॉक्स

### उचक्कों ने महिला के गले से छीनी चेन, पुलिस कर रही है मामले की जांच



**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र के बंजारीनगर में रविवार को एक महिला के गले से उच्चकों द्वारा सोने का चेन छीन लिया गया। घटना सुबह लगभग 6:00 बजे की है। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह 6:00 बजे स्थानीय निवासी शत्रुघ्न कुमार की माता फूल कुमारी देवी कुछ काम को लेकर घर से बाहर निकली। उसी क्रम में संत फ्रांसिस स्कूल के निकट मास्क लगाए दो युवक बाइक पर सवार होकर पहुंचे। बाइक के पीछे बैठा युवक बाइक से उतरा और फूल कुमारी देवी के गले से सोने का चेन छीनकर बाइक पर सवार होकर भाग निकला। फूल कुमारी देवी ने मदद के लिए आवाज लगायी पर तबतक उच्चके भाग चुके थे। पीड़ित महिला ने बताया की दो उच्चके जो मास्क लगाए थे काले-लाल रंग की बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। बताया की एक ने हेलमेट लगाया हुआ था और एक ने मास्क से मुंह ढंका हुआ था। बताया कि उनका चेन 17 ग्राम वजन का था। घटना की जानकारी मिलने के बाद ओपी पुलिस उच्चकों की धर पकड़ के लिए अभियान चला रही है।

### महिला मतदान पदाधिकारियों को माला पहनाकर बूथ स्थल पर किया गया रवाना



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग रामगढ़ के लिए 20 मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर रामगढ़ जिले में कुल 14 ऐसे मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनका संचालन महिला मतदान पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इसी क्रम में रविवार को वरीय पदाधिकारी जिला निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा महिला मतदान पदाधिकारियों को पुष्प मालाएं पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया गया। जिसके उपरांत अधिकारियों ने सभी महिला मतदान पदाधिकारियों को सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने की शुभकामनाएं देते हुए रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से रवाना किया।

### कुंटू बाबू ने वार्ड नंबर 6 में चलाया मतदाता संपर्क अभियान



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव से एक दिन पहले तक लोकसभा सह संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने वार्ड नंबर 6 के सभी नौ बूथों की समीक्षा कर स्थानीय मतदाताओं से संपर्क साधा और हजारीबाग लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से जीत के के लिए मतदाता संपर्क अभियान चलता। राज्यसभा सांसद सह भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह के निर्देशों के तहत कुंटू बाबू ने वार्ड नंबर 6 के अंतर्गत पड़ने वाले बूथ नंबर 47,48,49,50,51,52,53,54,55 पर जाकर सभी बूथों की समीक्षा करने के बाद जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थानीय मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल को आशीर्वाद स्वरूप मत देने की अपील करते हुए कहा की स्थानीय मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी है साथ हीं वो सभी करोना काल में भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा मुहैया करवाए गए मदद और मोदी सरकार की तरफ से गरीबों को उपलब्ध करवाए गए अनाज सहित मुफ्त वैक्सीन मिलने के कारण भाजपा से खुश हैं और भविष्य में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर हीं भरोसा है।

### ईशा उमंग का बेहतर प्रदर्शन, सम्मानित की गई



**रामगढ़।** रामगढ़ अबकस सेंटर फ्रेंड्स कॉलोनी की छात्रा ईशा उमंग कश्यप जो सेंटेंस स्कूल कथा दशम की छात्रा हैं स्टेट में शानदार प्रदर्शन की। उनके प्रदर्शन से केंद्र के रत्नेश कुमार,शिक्षिका अनुराधा कुमारी और इसके माता-पिता पिता डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप मां कुमारी प्रतिमा ने ईशा को सफलता के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। ईशा उमंग कश्यप ने कहा की इस सफलता के लिए गत चार वर्षो से प्रयास कर रही है। इस सफलता के लिए केंद्र की ओर से उन्हें प्रमाण पत्र मेडल ट्रॉफी देकर 18 मई को ईशा उमंग कश्यों को सम्मानित किया गया।

### मतदान पदाधिकारी मतदान सामग्री के साथ हुए रवाना



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 20 मई 2024 को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान पदाधिकारी हो रहे हैं रवाना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय वरीय अधिकारी डिस्पैच सेंटर पर है उपस्थित रहे।

**पूर्णाहुति व भंडारे के साथ महायज्ञ संपन्न**

## भागवत कथा से तन, मन और कर्म होते हैं शुद्ध : यशोदानंदन जी महाराज



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** सात दिवसीय भागवत कथा महायज्ञ के अंतिम दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा कथा परिसर भर गया. भागवत प्रेमियों ने कथावाचक यशोदानंदन जी महाराज के मुखारविंद से निकले अमृत रूप भागवत कथा शांत चित्त से रसपान किया. महाराज जी ने बताया कि कथा का श्रवण करने वालो का सदा कल्याण होता है, मन और तन दोनो शुद्ध होते हैं और आत्मशांति की प्राप्ति होती है. कथा के दौरान प्रस्तुत जीवंत झांकियां, भजन और कथा ने लोगो का मन मोह लिया. अंतिम दिन श्रद्धालुओ के मन भर आए और बुझे मन से भागवत को नमन किया. वही रविवार को महायज्ञ की पूणार्हुति की गई, हवन और आरती के समापन के बाद ब्राह्मण भोज संपन्न और भंडारे का आयोजन किया गया. महाभंडारा में सैकड़ों की संख्या में भागवत प्रेमियों ने महाप्रसाद ग्रहण किया. जो देर रात तक चलता रहा।

**तीसरी आंख से रखी जाएगी बूथ पर नजर**

## स्वच्छ और निष्पक्ष मतदान के लिए आयोग तैयार



इस बार बूथ के अंदर और बाहर दोनों लोकेशनों की वेब कास्टिंग की जानी है, इसके लिए प्रत्येक बूथ पर दो-दो कैमरे लगाए जाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मुख्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 18वीं लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर वेब कास्टिंग किया जाना है. इसे लेकर जिले में भी पूरी तैयारियां की जा चुकी है. इस कार्य के लिए बरही के सभी 123 बूथ पर वीएलई को वेब कास्टिंग के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है. सीएससी डीएम निजामुद्दीन अंसारी व रौशन कुमार ने प्रखंड के सभी बूथों के लिए वीएलई को वाई फाई युक्त सीसीटीवी और पावरबैंक उपलब्ध करवा दिए गए हैं. जिसे बूथ पर इंस्टॉल कर ट्रायल कर लिया गया है. इस बार बूथ के अंदर और बाहर दोनों लोकेशनों का वेब कास्टिंग किया जाना है. इसके लिए प्रत्येक बूथ पर दो-दो कैमरे लगाए जायेंगे. इस कार्य के लिए प्रखंड के सभी बूथों पर वीएलई प्रतिनियुक्त किए जा चुके हैं. 278 से 82 के लिए मो नईम अंसारी, 283 से 88 रंजीत कुमार, 289 से 93 प्रभात कुमार सिंह, 294 से 99 तक नवीन कुमार, 300 से 305 तक नितेश कुमार, 306 से 311 तक संतोष कुमार, 312 व 313 कुंदन गुप्ता, 314 से 16 सत्येंद्र नारायण सिंह, 317 से 323 मोती कुमार सिंह, 324 व 25 आसिफ इकबाल, 326 से 331 जयदीप कुमार सिन्हा, 332 से 337 तक बिरेंद्र यादव, 338 से 44 तक रंजीत कुमार केसरी, 345 से 349 तक रंजीत कुमार केसरी, 350 से 355 तक अब्दुल कलाम अंसारी, 356 से 60 तक उमेश यादव, 361 से 365 और 371 तक गणेश यादव, 388 से 394 तक रामदेव यादव और 395 से 400 तक राजेश गुप्ता पंचायत वीएलई की निगरानी में ऑपरेटर की मदद से वेब कास्टिंग किया जायेगा।

## सतीश झा ने कहा अरगड्डा क्षेत्र के गौरवशाली दिन की वापसी होगी

**गिद्दी।** सीसीएल के डीटी पीएंडपी सतीश झा ने कहा कि अरगड्डा क्षेत्र के गौरवशाली दिन की वापसी होगी। उन्होंने कहा पहले अरगड्डा क्षेत्र बड़ा उत्पादन का क्षेत्र था। बीच के कुछ साल में उत्पादन में पिछड़ने लगा था। पर अब अरगड्डा क्षेत्र से फिर से बेहतर उत्पादन की ओर अग्रसर है। वितीय वर्ष 2023-24 में डेढ़ मिलियन टन कोयला उत्पादन के दिए लक्ष्य से अधिक उत्पादन किया है। वितीय वर्ष 2024-25 में भी दिए गए लक्ष्य से अधिक उत्पादन करेगा। सीसीएल के डीटी पीएंडपी सतीश झा ने रविवार को गिद्दी ए परियोजना के खदान के निरीक्षण के दौरान यह बातें कही। उन्होंने कहा कंपनी और राष्ट्र के हित में अरगड्डा क्षेत्र पुराने खदानों से बचे हुए कोयला को ही निकाल कर लाभ कमाया है। क्षेत्र में नया प्रोजेक्ट अरगड्डा ओसी चालू होने के बाद क्षेत्र के उत्पादन में और वृद्धि होगी।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तरंग ग्रुप ने फैशन शो कर वोट देने की अपील की

### उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार समेत कई पदाधिकारी थे मौजूद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मतदान करेंगे, मतदान करेंगे जो देश हित में है वह काम करेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 में हजारीबाग के सभी मतदाताओं को जागरूक करने के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन विभाग के स्वीप कोषांग द्वारा बीते रविवार मतदान महोत्सव 2024 का सफल आयोजन झील परिसर में किया गया। इस अभियान में जिला प्रशासन ने सभी लोगों के साथ संस्थाओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की थी जिसमें तरंग ग्रुप की भूमिका सराहनीय रही। आयोजित कार्यक्रम में तरंग ग्रुप ने फैशन शो के माध्यम से हजारीबाग वासियों से 20 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान कर हजारीबाग का मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तरंग ग्रुप द्वारा आयोजित फैशन शो के माध्यम से वोट अपील को दर्शकों ने काफी सराहा वहीं कोलकाता से आई सारेगामापा की गायिका मधुरिमा बासु ने अपने गाने से दर्शकों के मन को मोह,वोट अपील किया। मतोत्सव को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ रंगकर्मी सह सम्राट के निर्देशक राकेश गौतम, रागे श्री म्यूजिक अकादमी के चंदन चौबे, एडी बैंड के आशीष दास, कस्तूरबा विद्यालय, रोजबड स्कूल, एमडी ग्रुप ऑफ थियेटर, सुधीरदास एंड पार्टी, बांसुरी वादक शुभी तन्वी, शिवानी प्रिया, सूर्यांश कुमार, मनोज कुमार, आकाश सुबोध सिन्हा, बबलू सिन्हा, अरमान, श्रेष्ठ भट्टाचार्य, सुमित गुंजन, चांदनी झा श्रीवास्तव, आशु प्रिया, ओंकार मिश्रा के साथ फैशन शो के प्रतिभागी मानसी, गुन्नू, अक्षरा, श्वेता, प्रीति, दीक्षा, रोशनी, तनु प्रिया, अदिति को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## 48 घंटे तक जिले में शराब की बिक्री पर लगी रोक

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने संपूर्ण रामगढ़ जिला में लोकसभा आम निर्वाचन मतदान के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक शराब की बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया गया है। मतगणना के दिन, यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन को भी शराब की बिक्री पर रोक रहेगी। लोकसभा निर्वाचन के तहत पंचम चरण के लिए 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर संपूर्ण रामगढ़ जिले में 18 मई को शाम 5 बजे से 20 मई के शाम 5 बजे तक एवं छठे चरण के तहत 25 मई को होने वाले मतदान के लिए संपूर्ण रामगढ़ जिला में दिनांक 23 मई को शाम 5 बजे से 25 मई को शाम 6 बजे तक ड्राई डे घोषित रहेगा। इसके साथ ही मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 4 जून को भी संपूर्ण रामगढ़ जिला में ड्राई डे घोषित रहेगा।

## 12 वर्षीय अथर्व बख्शी ने सुपरस्टार सिंगर 3 टीवी शो में मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सोनी एंटरटेनमेंट के किड्स सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3' में ''ए - जेड ऑफ किशोर कुमारह्व नामक एक विशेष एपिसोड में अब तक के सबसे महान गायकों में से एक किशोर कुमार को श्रद्धांजलि दी जाएगी। झारखंड के हजारीबाग के असाधारण रूप से प्रतिभाशाली, 12 वर्षीय अथर्व बख्शी ने 'ओ हंसिनी' और 'आनेवाला पल जाने वाला है' पर अपने मंत्रमुग्ध करने वाले परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरीं। अथर्व की प्रतिभा से भावुक और प्रभावित हुए, सुदेश भोंसले ने न केवल उनकी तारीफ की, बल्कि उनसे किशोर दा का क्लासिक गीत 'कुएं में कूद के मर जाना' गाने का अनुरोध भी किया। अपने अनुभवों से हासिल यादों को शेयर भी किया। अथर्व के इस परफॉर्मेंस से मंत्रमुग्ध होकर सुदेश ने कहा, 'मैंने इन दोनों गानों को कई बार गाया है, लेकिन अथर्व ने अपनी सिंगिंग में इमोशन और एक्सप्रेशन की जो गहराई लाई है, उसने मुझे वाकई हैरान कर दिया है। किशोर दा कहते थे कि केवल 3 मिनट में, व्यक्ति को सभी भावनाओं और उत्साह को व्यक्त करना चाहिए, और आपने शानदार ढंग से परफॉर्म करते हुए बिल्कुल ऐसा ही किया है। भगवान आपको भरपूर आशीर्वाद दें।

## एक नजर

### रोटरी सहेली सेंटर में सिलाई-ब्यूटीशियन कोर्स की परीक्षा का आयोजन

**झुमरी तिलैया।** रोटरी सहेली सेंटर में सिलाई व ब्यूटीशियन संभाग की प्रतिभागियों के बीच परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें सर्वश्रेष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार व अन्य सभी को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सहेली कार्यक्रम की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रोटेरियन संगीता शर्मा थी। निर्णायक मंडल में सौंदर्य विशेषज्ञ प्रियंका व प्रतिभा थी। गौरतलब है कि रोटरी क्लब द्वारा नारी सशक्तीकरण के अन्तर्गत संचालित सहेली सेंटर द्वारा महिलाओं को विभिन्न कार्य योजना में प्रशिक्षित किया जाता है। मौके पर सहेली सेंटर की अध्यक्ष रोटेरियन माला दारूका, सचिव आरती आर्या, सदस्य कविता दारूका, संचालिका प्रतिमा दासगुप्ता आदि मौजूद थीं।

### लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए बूथों पर लगे वाहनों में लगाए गए जीपीएस सिस्टम

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को स्वच्छ और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने को लेकर पहली दफा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनाव कार्य में लगी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। जीपीएस सिस्टम लगी वाहनों को बूथों पर रवाना होने से लेकर बूथों तक पहुंचने और पुनः मतदान के बाद ईवीएम लेकर लौटने तक इन वाहनों पर लगातार निगरानी रखने व्यवस्था की गयी है। ऐसे वाहनों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है,जहां से इन वाहनों की ऑनलाइन ट्रैक संभव होगा। कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर जिले से करीब 306 वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। बागीटांड स्टेडियम में खड़ी इन वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने का कार्य निजी कंपनी ने किया है। बताते हैं कि कंपनी ने जीपीएस लगे वाहनों का निबंधन संख्या,पोलिंग पार्टी की संख्या ,विधानसभा क्षेत्र ,वाहन चालक का नाम मोबाइल संख्या ,सेक्टर पदाधिकारी का नाम आदि डाले गए हैं।

### भैंसुर व देवर पर मारपीट कर स्त्री लज्जा भंग करने व पुत्री से छेडछाड़ का आरोप

**झुमरी तिलैया।** तिलैया थानान्तर्गत गांधी स्कूल रोड, नगरनगर निवासी लक्ष्मी देवी(पति अशोक मोदी) ने तिलैया थाना में आवेदन देकर अपने पति पर मारपीट करने, स्त्री लज्जा भंग करने व नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड का आरोप लगायी है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि 17 मई की रात्रि करीब 7.50 बजे अपने घर में थी और कुछ घरेलू विवाद को लेकर अपने पति को समझाने का प्रयास कर रही थी। इस पर उनकी पति अशोक मोदी मुझ पर और अपने बच्चों पर उग्र हो गये और अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए जोर-जोर से अपने बडे भाई सुरेंद्र मोदी(पिता नंदलाल मोदी) और अपने भतीजे को बुलाकर मारपीट करने के लिए उकसाने लगे। इस पर मेरे भैंसुर सुरेंद्र मोदी, देवर अनिल बर्णवाल, दीपक कुमार व अमित कुमार वहां पहुंचे और वे सभी मिलकर गाली ग्लौज करने लगे। भैंसुर सुरेंद्र मोदी मुझे पकड़कर जमीन पर पटक दिया और देवर अनिल कुमार बर्णवाल मेरे कपड़े भाड़ स्त्री लज्जा भंग करने का काम किया।

## आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी आज तक गांव में नहीं बनी पुलिया

# बारिश के दिनों में गांव बन जाता है टापू




**विकास साहू, सिमडेगा**
भारत भले ही विकसित भारत की सपना देख रहा हो लेकिन सिमडेगा के कई ऐसे गांव है जो आज भी आजादी के बाद से लेकर मूलभूत सुविधाओं की कोई किरण तक नहीं पहुंची है। लोकसभा चुनाव चल रहा है नेता बड़े-बड़े चुनावी वादे कर रहे हैं लेकिन कई ऐसे गांव है जहां पर आज तक विकास की किरण नहीं पहुंच रही लोग आज भी अपने उसे गुमनामी के अंधेरे पर जीने में विवश हैं । सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे से महज किलोमीटर आरानी पंचायत के धरनाटूकु गांव। यह गांव में आने-जाने के लिए सड़क नहीं होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां पर बारिश के दिनों में दो नाले में पुलिया नहीं होने की वजह से स्कूल आने जाने में परेशानी होती। कई बार लिखित शिकायत के बावजूद आज तक गांव में पुलिया नहीं बनी अंत में ग्रामीणों ने लकड़ी का पुलिया बनाया और आवागमन शुरू की। लकड़ी की पुलिया बनाने के बाद ग्रामीण इस पर आवागमन करते हैं हालांकि यहां पर सिर्फ पैदल आवा गमन कर सकते हैं इसके अलावा गांव में जाने के लिए किसी प्रकार का कोई भी साधन नहीं है और लोग अपने आप को कोसते है ।ग्रामीणो ने बताया कि आज का गांव में पीने के पानी की सुविधा बहाल नहीं हो पाई है । इस वजह से खेत में बने कुआं का गंदा पानी पीने पर विवश हैं। सभी क्षेत्रों में जल मीनार लगाने का काम चल रहा है लेकिन इस गांव के लिए किसी ने आज तक जहमत नहीं उठाई कि इस गांव के लोगों को शुद्ध पानी मिल सके और गांव वाले आज भी इस गंदा पानी पीकर अपना प्यास बुझाते हैं। भीषण गर्मी में भी इसके बावजूद लोग इस पर आश्रित हैं ।

#### प्रशासन से शिकायत करने पर भी नहीं हुई सुनवाई : ग्रामीण

गांव का एक युवक ने कहा कि प्रशासन गांवों में ध्यान नहीं दे रही है बीमार होने पर ग्रामीणों को ढोकर रोड तक लाना पड़ता है जिसके बाद वहां से अस्पताल पर जाना पड़ता है प्रशासन से कई बार शिकायत किया गया लेकिन इस मामले में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। गांव में गर्भवती महिलाओं को खाट के सहारे ढोकर उन्हें रोड तक लाया जाता है। जिसके बाद वहां से निजी वाहन करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया जाता है कई बार ऐसे में मरीजों की जान जोखिम में आ जाती है। ग्रामीणों ने पुलिया पीने की पानी बिजली बहाल करने की मांग की है ।बरहाल जो भी हो गांव में अगर इस प्रकार से 22वीं सदी में अंधेरे में रहना और गांव में आज भी अगर पुलिया नहीं होना यह दशार्ता है कि नेता और चुनाव भले ही जनता के लिए है लेकिन जनता तक इसका लाभ सही तरीके से नहीं पहुंच रहा है।

## पेंतीकोस्ट पर्व सह दृढ़ापन समारोह का किया गया आयोजन

# पवित्र आत्मा ही कलीसिया में काम कर रहा है : जेपीजे गुड़िया



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के जी. ई. एल. चर्च बाड़ीबृंगा पास्टोरेट में पेंतीकोस्ट पर्व सह दृढ़ापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में टकरमा पेरिस कौंसिल चेयरमेन पादरी जय प्रकाश जोन गुड़िया उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत दृढ़ीकृत अभिलाषियों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात पवित्र आराधना शुरू किया गया। मुख्य अतिथि जे पी जे गुड़िया ने अपने उपदेश में कहा कि आज पेंतीकोस्ट पर्व (पवित्रात्मा का पर्व) पूरे कलीसिया होकर मना रहे हैं। पेंतीकोस्ट का अर्थ होता है 50 वां दिन खिस्त यीशु के जी उठने के बाद का दिन है। यीशु के चेलों में पवित्र आत्मा उतरा तो तीन हजार लोग बपतिस्मा पाया। इसी दिन से कलीसिया का आरम्भ हुआ। यीशु के चेलों में पतरस पवित्र आत्मा उतरने के बाद सामर्थ हुए। सर्वप्रथम प्रार्थनालय में पतरास ने सामर्थ होकर लोगों को उपदेश देने लगा। आज दृढ़ीकरण के माध्यम से युवक युवतियां नए सिरे से पवित्र आत्मा की अगुवाई में सुदृढ़ होकर अपने कलीसिया को मजबूत बनाएंगे। आज यीशु की अनुपस्थिति में पवित्र आत्मा ही कलीसिया में काम कर रहा है। लोगों के कठोर हृदय को जीत रहा है। पवित्र आत्मा आज मसीही लोगों के लिए शिक्षक,अगुवा, सही मार्ग, सामर्थ देने वाला है। जब तक हम धरती पर हैं अपना जीवन को भक्तिमाय बनाएं इसे कभी अपवित्र होने न दें। पूरे पवित्रता के साथ आगे बढ़ें ।बाड़ीबृंगा पास्टोरेट के अन्तर्गत 11 मंडलियां आती हैं जो क्रमशः लेटेम्दा,लमडेगा,जलडेगा, टंगिया, बनजोगा, केलुगा, बाड़ीबृंगा, तितलिंग, पैतानो,टाटी, जम्बूड़सोया है। इन मंडलियों से कुल 15 युवक और 19 युवतियां कुल 34 युवा दृढ़ीकृत हुए। दृढ़ीकरण के माध्यम से गोस्सनर एवंजेलिकल लुथेरान कलीसिया में जीवन भर के लिए समर्पित हुए। कलीसिया के विधि विधान के अनुसार मसीही व्यक्ति का जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न संस्कारों से होकर गुजरना पड़ता है। जन्म के बाद पवित्र बपतिस्मा और पवित्र विवाह के पूर्व दृढ़ीकरण संस्कार दिया जाता है ।मौके पर बाड़ीबृंगा पास्टोरेट चेयरमेन पा. उषम डांग, पा. नेलसन कांडुलना, प्रचारक सिहासन लकड़ा, कोषाध्यक्ष जेमन कांडुलना, पास्टोरेट सचिव बिलसाजर लुगुन, गुडविन कांडुलना, जुनाथन हेमरोम, विजय लुगुन के अलावा भारी संख्या में मसीही भाई इबहन उपस्थित थे।

### पैसे के अभाव में कोई भी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है : सचिव

**कोडरमा।** मंडल कारा कोडरमा में रविवार को लोक अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित लोक अदालत में प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों, असहायों की मदद के लिए डालसा हमेशा तत्पर है। आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। यहां से निकलकर सामान्य नागरिक की तरह जीवन जीने का प्रयास करें। डिप्टी चीफ एलएडीसी किरण कुमारी ने पोक्सो सहित अन्य कानून की जानकारी दी। एलएडीसी अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आप यहां से निकलने के बाद अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि निर्धन, असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है।

### सैनिक स्कूल में इंटर ग्रुप फुटबॉल मैच के दूसरे दिन भी रही गहमा-गहमी

**चंदवारा।** सैनिक स्कूल तिलैया में चल रहे अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय फुटबॉल फुटबॉल टूनामेंट 2024 के दूसरा दिन भी गहमा-गहमी से भरा रहा। लीग कम नॉक आउट आधार पर खेले जा रहे मैच में शनिवार की शाम तक टीमों के बीच भिडंत जारी रही। सुबह आयोजित मैच में बालकों के जूनियर वर्ग में- सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने कोरूकुंडा को 3-1 से पटखनी दी। जबकि सैनिक स्कूल कपूरथला और गोपालगंज की टीमें 1-1 से बराबर रही। सैन्य छात्राओं के जूनियर वर्ग में सैनिक स्कूल अमेठी की छात्राओं ने घोड़ाखाल को 1-0 और सैनिक स्कूल ईस्ट सियांग ने भी सुजानपुर टीम को 1-0 से हराया। शाम मैचों की कश्मकश में अंडर-17 बालिका में सैनिक स्कूल कालीकिरी-बालाचाढी और सैनिक स्कूल ईस्ट सियांग- अमरावतीनगर के बीच मैच जारी था। जबकि सैनिक स्कूल कझाकुटम और कंजपुरा की टीमें बढ़त बनाए हुए खेल रही थी। मौके पर कार्यकारी प्राचार्य ले कर्नल लालनुन सियामा, प्रशासनिक अधिकारी विंग कमांडर अनंत कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक समेत सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनका उत्साह ?वर्धन किया।

## हजारीबाग लोस सीट के लिए चुनाव आज, मतदान कर्मी बूथ स्थल के लिए रवाना

# शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न करवाना हमारी पहली प्राथमिकता : कुमारी प्रतिमा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** हजारीबाग लोकसभा चुनाव 20 मई को संपन्न होगा। इस चुनाव में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में मतदान संपन्न करवाने के लिए रामगढ़ जिला के चेटर निवासी डॉ सुनील कुमार कश्यप और उनकी पत्नी कुमारी प्रतिमा पीठासीन पदाधिकारी के रूप में रवाना हुए। डॉ सुनील कुमार कश्यप उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में प्रधानाध्यापक हैं। जबकि उनकी पत्नी कुमारी प्रतिमा उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमीरा में शिक्षिका हैं। डॉ सुनील कुमार कश्यप ने बताया की उनकी डयूटी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू लादी बूथ संख्या 397 में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में मिली है। उन्होंने कहा कि हम जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशों का पालन करते हुए अपने बूथ में मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवायेंगे। जबकि उनकी पत्नी कुमारी प्रतिमा ने कहा कि उनकी डयूटी रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत बूथ नंबर 85 में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में मिली है। उन्होंने कहा कि अपने मतदान केंद्र में मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाना मेरी प्राथमिकता होगी। मतदान हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। एक वोट से देश और अपना भविष्य सुधर सकता है। कहा कि मैं इस बात का पूरा प्रयास करूंगी कि मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो।

### नगर परिषद ने मतदान केंद्रों की कराई साफ-सफाई

**झुमरी तिलैया।** नगरपरिषद द्वारा अपने क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में शनिवार को साफ-सफाई की गई। नगर प्रशासक श्री हर्षवर्धन के निर्देश पर नोडल पदाधिकारी नगर प्रबंधक अरविंद मोदी ने परिषद क्षेत्र के 38 मतदान केंद्रों व 74 मतदान बूथों में सफाई कराई। इस दौरान कई मतदान केंद्रों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। लोकतंत्र के महापर्व में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान है। इसको लेकर जिला निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों में सभी प्रकार की व्यवस्था दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। नगर प्रशासक श्री हर्षवर्धन ने बताया कि परिषद क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सफाई कराई गई।

## अस्पताल की लापरवाही / हजारों बच्चों का नहीं बन पाया अब तक जन्म प्रमाण पत्र

# महीनों से माता-पिता अस्पताल का काट रहे हैं चक्कर




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** पिछले वर्ष जिले के सरकारी अस्पतालों में लगभग 10 हजार से अधिक बच्चों ने जन्म लिया है। जिनमें से हजारों बच्चों का अस्पताल से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। जबकि आज भी लगभग ढाई हजार बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। कुरडेग सीएचसी में वर्ष 2023-24 में कुल 1982 बच्चों ने जन्म लिया है। जिनमें से 1227 बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल से बनाया जा चुका है। जबकि 755 बच्चों का अब तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। वहीं बानो सीएचसी से 1776 बच्चों ने जन्म लिया। जिनमें से सैंकड़ों बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अब तक नहीं बना है। ऐसे में इन बच्चों के माता-पिता बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान है। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए महिनों से चक्कर काट रहे प्रभात कुजूर ने कहा कि उनके बच्चे का जन्म पिछले वर्ष ही सीएचसी में हुआ है। लेकिन बच्चे के जन्म के आठ माह गुजर जाने के बाद भी उनके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। उन्होंने कहा कि जब उनके बच्चे का जन्म अस्पताल में हुआ था। तब अस्पताल कर्मियों द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाना भविष्य में अनिवार्य हो सकता है। इसकी जानकारी भी नहीं दी गई। जबवे अपने बच्चे का आधार बनवाने गए तो जन्म प्रमाण पत्र के बिना बच्चे का आधार नहीं बनने की जानकारी दी। इसके बाद वह अस्पताल में संपर्क किया। लेकिन अस्पताल कर्मी प्रज्ञा केन्द्र में जाकर ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र बनने की बात कह रहे हैं।

#### जन्म के 21 दिन के अंदर बनता है जन्म प्रमाण पत्र

बताया गया कि बच्चे के जन्म के 21 दिन के अंदर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होती है। इसके बाद जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में कचहरी से लेकर कई स्थानों में भागम भाग करनी पड़ती है। 21 दिन के बाद जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में एफिडेविड जमा करना अनिवार्य होता है। सारी प्रक्रिया पूरी करने में पांच सौ से अधिक खर्च लग सकते हैं। इसमें अभिभावकों का वाहन भाडा भी शामिल है।

## न्यूज बॉक्स

### आरसी चर्च में पहला पवित्र परम प्रसाद संस्कार समारोह का हुआ आयोजन



**बानो।** प्रखंड के आरसी चर्च साहुबेड़ा में पहला पवित्र परम प्रसाद संस्कार का समारोही खीस्त मिस्सा पूजा फादर भितुस केरकेट्टा के द्वारा पूजा अनुष्ठान किया गया। फादर भितुस ने संदेश में कहा कि पहला परमप्रसाद संस्कार ग्रहण करना येसु खीस्त को अपने जीवन में पाने जैसा है ।हम प्रभु यीशु अपने जीवन लाते हैं तब नया जीवन का संचार होता है ।आज से आप सभी पूर्ण रूप से मसीही बन गए ।आप अपने परिवार व गाँव मे प्रेम से रहे। इस अवसर पर कुल 15 बच्चे-बच्चियां ने नया परमप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फादर बिमाल जोजो, प्रचार विजय कन्डुलना, सुशील कन्डुलना, दोमनिक किड़ो, निर्मला होरो, मरसेल भेंगरा मंगल तोपनो, सरोजिनी, अलविसिया भेंगरा, सिस्टर अंजना, साहुबेड़ा पंचायत के मुखिया सुसाना जड़िया, कामिल डांग एवं सैकड़ों मसीही विश्वासी उपस्थित रहे। गीत का संचालन स्कूल के बच्चे-बच्चियां के द्वारा किया गया।

### सिमडेगा मंडलकारा में जेल अदालत का हुआ आयोजन




**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वाधान में रविवार को सिमडेगा मंडलकारा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित सभी कैदियों को उनके मौलिक अधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली सेवा एलएडीसीएस के द्वारा बंदियो के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में डिप्टी चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया इसके अतिरिक्त असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल के द्वारा लोगों को नशा पान से दूर रहने एवं जेल से बाहर जाकर मुख्य धारा में शामिल होकर जीवन व्यतीत करने की सलाह दी। मौके पर कैदियों की सम्बंधित समस्याओं को भी जानकारी तथा उनके निराकरण किया जाने की बात कही गई। जेल अदालत में जेलर युसूफ आजाद उपस्थित थे।

### सिमडेगा शहर में चलाया जाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से सिमडेगा नगर परिषद की ओर से सोमवार को बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा इसको लेकर सिमडेगा नगर परिषद के प्रशासक सुमित कुमार महतो के द्वारा शहर में माईकिंग के माध्यम से लोगों को इस संबंध में प्रचार प्रसार कर जानकारी दी है। मौके पर उन्होंने कहा प्रिंस चौक, झूलन सिंह चौक ,बस स्टैंड ,महावीर चौक ,डेली मार्केट ,मार्केट कंपलेक्स सहित सिमडेगा शहर के वैसे सभी स्थान जहां पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। उन सभी जगह पर बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा ताकि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा को मुक्त कराया जा सके ।उन्होंने कहा कि प्रचार प्रसार के बावजूद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा इस दौरान लोगों के सामानों को जप्त करते हुए नगर परिषद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### प्रसव के बाद महिला की मौत परिजनों ने किया हंगामा

**कोडरमा।** सदर हॉस्पिटल में भर्ती मरीज की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मृतका के परिजनों ने हॉस्पिटल के मुख्य गेट के सामने बैठ कर डॉक्टर और हॉस्पिटल के कर्मी पर घोर लपरवाही बरतने का आरोप लगाकर जमकर बवाल मचाया। हंगामा कर रहे मृतक के परिजनों ने बताया कि सदर हॉस्पिटल में प्रसव के लिए पहुंची महिला की मौत डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई है। उन्होंने बताया कि प्रसव के बाद प्रसूता महिला की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत बरकनगांगो निवासी राहुल यादव अपने 24 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी को प्रसव पीड़ा होने के बाद शनिवार की शाम करीब छह बजे सदर हॉस्पिटल कोडरमा लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टर ने प्रारंभिक जांच के बाद सिजेरियन द्वारा महिला का प्रसव कराया। प्रसव के दौरान महिला ने जुड़वा बच्चे को जन्म दिया। इसमें एक पुत्र और एक पुत्री है। इसके बाद रविवार की सुबह करीब 10 बजे के आसपास महिला की अचानक तबियत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। इसके बाद महिला के परिजनों ने सदर हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया। प्रसूता की मौत से इन नवजात के सिर से मां का साया उठ उठ गया। घटना के बाद परिजनों से आंखों से आंसू थम नहीं रहे हैं। इस पूरे मामले में डीएस डॉ रंजीत कुमार ने कहा कि घटना को लेकर मृतक का पोस्टमार्टम के लिए कहा गया है। लेकिन परिजनों ने उनका पोस्टमार्टम नहीं करवाया। हालांकि उन्होंने कहा कि घटना को लेकर एक डॉक्टर समेत पांच अन्य लोगों को शॉ कॉज किया गया है।

### प्रचार अभियान के आखिरी दिन बरकट्ठा व बगोदर विस क्षेत्र में किया गया जनसंपर्क

**कोडरमा ।** केंद्रीय मंत्री और कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को प्रचार अभियान के आखिरी दिन चंदवारा प्रखंड के कांको, जयनगर प्रखंड के डंडाडीह, चलकुशा प्रखंड के खरगु,चौबे, अलगडीहा, बेडमकी,बगोदर विधानसभा क्षेत्र के औरा,सरिया में जनसंपर्क किया। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र शांतिप्रिय और विकास पसंद करने वाला इलाका है। अराजक तत्वों को यहां कभी भी स्वीकार्यता नहीं मिली है। साल 2024 के चुनाव में भी यहां के लोग झंडों, डंडों और गुंडों की राजनीति को किसी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। कोडरमा यह भी मंजूर नहीं करेगा कि उनका प्रतिनिधि उनका समर्थन करता हो, जो लगातार झारखंड को बेचते रहे और अब सेना, आदिवासियों की जमीन हड़पने के आरोप में जेल में बंद हो, जो कांग्रेसी राज्यसभा सांसद या प्रदेश के मंत्री के पीएस के नौकर के घर से नोटों की बरामदगी के बाद भी कुछ बोल नहीं पाता हो।

# कोडरमा लोस व गांडेय विस उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी मुकम्मल

## आज होना है मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत झारखंड में सोमवार को कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधानसभा उपचुनाव होना है। जिसे देखते हुए रविवार को जिला मुख्यालय के चार डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों के साथ सुरक्षा बल के जवानों को रवाना किया गया। जिला मुख्यालय के गिरिडीह कॉलेज, शहर के झंडा मैदान, बाजार समिति, कृषि संरक्षण केन्द्र से मतदान कर्मियो और अर्ध सैनिक बल के जवानों को सरकारी वाहनों से रवाना किया गया। इस दौरान डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा के साथ डीटीओ शैलेश प्रियरदर्शी, एसडीपीओ बिनोद रवानी, प्रोडेशनल डीएसपी नीलम कुजूर सहित कई वरीय अधिकारी डिस्पैच सेंटर में निगरानी रखे हुए थे। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टी को अपने कर्तव्य पथ की ओर रवाना किया।साथ ही उन्होंने सभी डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी को चुनाव कार्यों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने का निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि करीब 1634 मतदान केंद्र के लिए साढ़े सात हजार मतदान कर्मियो को भेजा जा रहा है। कहा कि गिरिडीह से गांडेय के साथ जमुआ, बगोदर, धनवार, व गांडेय विधानसभा के अंतर्गत मतदान केंद्र के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केदो पर मतदाताओं के बैठने हेतु 15 X 15 साइज का पंडाल भी लगाया गया है ताकि मतदान करने पहुंचने वाले मतदाता को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके उसे पंडाल में बैठने हेतु कुर्सी पीने का पानी मेडिकल किट आदि की व्यवस्था की गई है।






## बोकारो में नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार का छोड़ा पर्चा

# पुलिस ने जब्त किया पोस्टर, जांच जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के कसमार प्रखंड के खैराचातर और कसमार के विभिन्न इलाकों में भाकपा माओवादियों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार को लेकर पोस्टरबाजी की है। साथ ही पर्चा भी छोड़ा है। बोकारो धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है। यहां 25 मई को वोट डाले जायेंगे। कसमार थाना प्रभारी ने बताया कि झारखंड रीजनल कमेटी के नाम से पर्चा भी छोड़ा गया है। सूचना मिलने पर रविवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टर जब्त कर लिया। मामले की जांच चल रही है। ये पोस्टर उत्तरी छोटा नागपुर जोनल कमेटी भाकपा माओवादी की तरफ से जारी किया गया है। इसमें लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने, नवजनवादी भारत के निर्माण में भूमिका बढ़ाने की अपील की गई है।



उल्लेखनीय है कि हाल ही में बेरमो अनुमंडल के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुर्कनालो में माओवादियों ने पोस्टरबाजी की थी कई पर्चे भी छोड़े थे। साथ ही चतरो चट्टी थाना क्षेत्र के कर्री पंचायत के कुर्क नालो, बड़की टांड और तीसरी में भी पोस्टर चिपकाया था।

## एक नजर

### जेसीआई यूथ रांची के तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**रांची।** जेसीआई यूथ राँची के द्वारा पिछले 3 दिनों से चल रहे समर कैंप रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। समर कैंप में डांसिंग, ड्रामा, प्रिंटिंग आर्ट एंड क्राफ्ट तथा गेम्स आदि सिखाए गए। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल बताया कि समापन अवसर पर बच्चों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गई। समापन मौके पर प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### रांची जिला बालक बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची।** जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 15 दिवसीय रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में दिनांक 19 मई को प्रातः सात बजे झारखंड राज्य खो-खो संघ के कोषाध्यक्ष डॉ० अजय झा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन रांची जिले के सभी कोटि के विधालय/ महाविद्यालय/ क्लब/ ग्रामीण क्षेत्रों से साठ खिलाड़ी ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सभी आयु वर्गों में बीस -बीस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में पीएम मोदी की चुनावी जनसभा, बोले अर्जुन मुंडा

# मोदी की सरकार बनने के बाद आदिवासी हित में हुए कई काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान (मऊभंडार) में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी जनसभा में केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा सीट के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद आदिवासियों के हित में कई काम हुए।



### राज्य की महागठबंधन सरकार दलित विरोधी : अमर बाउरी

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने झारखंड की गठबंधन सरकार को दलित विरोधी करार दिया। साथ ही कहा कि उसके मंत्रिमंडल में एक भी दलित मंत्री नहीं है। अमर बाउरी ने जमशेदपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जमशदेपुर में इंडी अलायंस का उम्मीदवार टेंडर मैनेज करने वाले और कमीशनखोरों के सरगना हैं।

जमशेदपुर लोकसभा सीट के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने क्षेत्र की आवाज संसद में उठाई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता कान खोलकर सुन लें कि संसद में मैंने एनएच का मुद्दा भी उठाया। सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए की सरकार जो कहती है, वह करती है। गरीबों के हित की बात एनडीए की सरकार ही करती है।

## न्यूज | बॉक्स

### उमेश राणा ने इंडी गठबंधन को समर्थन देने का किया एलान



**गिरिडीह।** झारखंड युवा एकता संगठन दिल्ली के प्रधान संरक्षक उमेश राणा ने अपनी टीम के साथ इंडी गठबंधन को समर्थन देने का एलान किया है। रविवार की शाम उमेश राणा ने तिसरी प्रखंड के सिंघो स्थित अपने पैतृक आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन से प्रभावित होकर उन्हें समर्थन देने वह अपनी टीम के साथ दिल्ली से चलकर आएं हैं। इस दौरान इंडी गठबंधन के दर्जनों समर्थक उनके आवास पर पहुंचे। जहाँ उन्होंने भाकपा माले, राजद, कांग्रेस और आप पार्टियों का झंडा बुलंद करने की बात कही। मौके पर झारखंड युवा एकता संगठन के अध्यक्ष रघु यादव, अरुण मिस्त्री, भोला शर्मा, रविन्द्र राउत, कालेश्वर यादव, मनोज शर्मा, विनोद कुमार, उदल रजक, मंटू शर्मा,वीरेंद्र यादव, उपेंद्र शर्मा, सुजीत यादव, भूषण यादव, मो. सनाउल्लाह, बिरजू राम,पवन यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी का पद से इस्तीफा



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम से ठीक पहले भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को लिखा है कि पूर्वी सिंहभूम में उनके साथ स्थानीय संगठन के जरिए सुनियोजित तरीके से अपमानित किया जा रहा था और उन्हें कार्यक्रमों से दूर रखा जा रहा था। उनके समर्थकों के साथ भी ऐसा ही किया जा रहा था। कुणाल ने लिखा है कि इसकी सूचना उन्होंने पहले ही प्रदेश अध्यक्ष को दी थी। साथ ही इसकी जानकारी प्रदेश संगठन मंत्री और प्रदेश प्रभारी को भी दी थी। उन्होंने लिखा है कि कोई कार्रवाई नहीं होने पर आहत मन से वह प्रदेश प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे रहे हैं। साथ ही कहा कि पार्टी में उनकी उपेक्षा हो रही थी। उन्हें अपेक्षित तौर पर संगठन का साथ नहीं मिल रहा। ऐसे में प्रवक्ता पद से वे इस्तीफा दे रहे हैं। अब पार्टी चाहे तो उनके खिलाफ एक्शन ले सकती है।

### पशु-पक्षियों के लिए सैकड़ों स्थान पर चुग्गा पानी की व्यवस्था

**रांची।** भीषण गर्मी का दौर जारी है, इंसान के साथ साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। जानवर भूख प्यास से दम न तोड़ें, इसके लिए विशेष इंतजाम करते हुए राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में राजधानी रांची के मोरबादी मैदान एवं पहाड़ी मन्दिर परिसर में पेड़ों पर मटकी का पॉट लगाया गया क्योंकि पहाड़ी मंदिर के जंगलों में बहुत सारे गिलहरी, सांप, पंछियों का बसेरा है इस प्रयास से बेजुबानों की जान बच जाती है प्यास मिट जाती है इससे बड़ा कोई सेवा हो नहीं सकता है रांची के सैकड़ों जगहों पर पशु पक्षियों के लिए पीने के लिए पानी एवं खाने के लिए दाना का व्यवस्था की गई। राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने लोगों से विनम्र अपील की है, की सभी लोग अपने अपने घर के छत पर एवं वैसे स्थान जहाँ पशुओं एवं पक्षियों का आवागमन होता हो वहाँ पशु-पक्षियों के लिए मिट्टी का पॉट की व्यवस्था करें जिससे इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों दाना पानी मिल सके एवं उनकी जान बच सके। ऐसा कर आप पुण्य के भागी भी बने।


## मृतक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक राजकुमार

*चाल धंसने से हुई थी दो महिलाओं की मौत*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** पूर्व विधायक राजकुमार यादव रविवार को चाल धंसने की घटना में मृत दोनों महिलाओं के परिजन से मिले व हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बता दें कि गावां प्रखंड अंतर्गत ग्राम बिरने निवासी फुलवा देवी व टुनी देवी की चाल धंसने से मौत हो गई थी। श्री यादव ने कहा कि महिला के परिजनों की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है। अपने बच्चों के भूख को शांत करने के लिए महिला ढिबरा चुनने गई थी जहां हादसा हुआ है। झारखंड सरकार को मामला संज्ञान में लेकर परिजनों को मुआवजा देना चाहिए। कहा कि इन बच्चों की पढ़ाई लिखाई भरण पोषण की व्यवस्था हम अपने तरफ से करेगें, और हम समाज के तमाम लोगों से अपील करते हैं कि लोगों से जो बनता है वो इन बच्चों को मदद किजिए। ताकि इन बच्चों को कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े। मौके पर बिरने मुखिया चंदन यादव, संजय पासवान, लटन यादव, नरेश कुमार, अभिनंदन कुमार विश्वकर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## वाहन नहीं मिलने से नाराज मतदान कर्मियों ने डुमरी में जाम कर दी सड़क



*वनांचल चौक पर प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव कराने जा रहे डुमरी प्रखंड के दर्जनों मतदान कर्मियों ने वाहन उपलब्ध नहीं होने से नाराज होकर रविवार की सुबह डुमरी-गिरिडीह पथ को वनांचल चौक के पास जाम कर दिया। सड़क पर धरने पर बैठक गए और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मतदान कर्मियों ने करीब एक घंटा तक सड़क जाम रखी। इसके चलते सड़क के दोनों ओर व पुराना जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही डुमरी एसडीओ शहजाद परवेज, बीडीओ अन्वेषा ओना व बीआरसीसी जयकुमार तिवारी जाम स्थल पहुंचे और मतदान कर्मियों को समझाकर अनुमंडल कार्यालय ले गए। इसके बाद सड़क पर वाहनों का परिचालन शुरू हुआ। गिरिडीह से वाहन पहुंचने के बाद सुबह करीब 9 बजे सभी मतदान कर्मियों को जिला डिस्पैच सेंटर रवाना किया गया। मतदान कर्मियों ने बताया कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में मतदान कराने के लिए उन्हें क्षेत्र के अलग-अलग बूथों पर ड्यूटी दी गई है। उन्हें सुबह 5 बजे डुमरी बुलाया गया था। वे लोग निर्धारित समय पर पहुंच गए, लेकिन वहां वाहन की व्यवस्था नहीं थी। कोई कोई कुछ बताने वाला भी नहीं था। काफी इंतजार के बाद भी जब वाहन नहीं पहुंचा, तो उन्हें सड़क जाम करनी पड़ी। मौके पर कमल किशोर महतो, डिलचन्द महतो, भोलाराम क्रान्ति, संजय यादव, राजेश कुमार, हीरालाल महतो, बालेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, सोहराय महतो, प्रयाग महतो, जानकी महतो, समेत अन्य मतदान कर्मी मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पैसे कहीं देश के बाहर तो नहीं भेजे जाते : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता व मंत्री आलमगिर आलम को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा, मेरा सीधा आरोप है कि उनके पैसों के स्रोत की जांच सीबीआई से कराई जाए की इनके पैसे कहाँ भेजे जाते हैं? जो जानकारी मिल रही है वो काफी खतरनाक है। कही इनका पैसा देश से बाहर तो नही जा रहा, इसलिए इसकी जांच मैं सीबीआई से कराने की मांग करता हूं। धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में रविवार को वो जनसंपर्क करने धनबाद पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया से कही।



उन्होंने कल्पना सोरेन के एक आरोप के जवाब में कहा कि देश की मोदी सरकार बेशक ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को मजबूत करना चाहती है, ताकि गरीबो का पैसा लूटकर अपना तिजोरी भरने वाले भ्रस्टाचारियों की तिजोरी से उन पैसों को निकाल कर देश की जनता के विकास में लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड पूरा मोदीमय है, झारखंड के साढ़े तीन करोड़ जनता के दिल मे मोदी बस्ते है और मोदी के दिल मे झारखंड। झारखंड को अलग राज्य भाजपा की अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने बनाया। जब जब यहाँ डबल इंजन की सरकार रही झारखंड विकास की पटरी पर दौड़ा और जब भी झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार बनी इन्होंने राज्य के विकास, राज्य की गरीब आदिवासी जनता के लिए आए पैसों को अपने तिजोरी में भरने का काम किया। उन्होंने धनबाद लोकसभा सीट पर जीत के सवाल पर कहा की झारखंड के सभी 14 सीट पर भाजपा जीत दर्ज करेगी और धनबाद उसमे अव्वल होगा।

## लोकसभा चुनाव

## डीसी-एसपी ने मतदान को लेकर त्रुटि रहित चुनाव संपन्न करने को दिए निर्देश

# वोटर्स के लिए बूथ में मोबाइल फोन ले जाना वर्जित

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने 25 मई को धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर रविवार को न्यू टाउन हॉल में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को जीरो एरर तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।



इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन बूथ में वोटर्स के लिए मोबाइल फोन ले जाना वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने तथा ईवीएम की तकनीकी समस्या से निपटने के लिए हर प्रखंड में इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियर तथा मास्टर ट्रेनर मौजूद रहेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि सुबह सात बजे से मतदान शुरू कराए। हर दो घंटे पर इसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराए। कोई समस्या आने पर संबंधित विधानसभा के एआरओ से संपर्क करें। शाम पांच बजे तक बूथ पर पहुंचने वाले मतदाताओं से वोटिंग जरूर कराए।

उपायुक्त ने कहा कि 24 मई को तीनों डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी चुनाव सामग्री लेकर संबंधित बूथ के लिए रवाना होगी। पोलिंग पार्टी तय वाहन में, रूट चार्ट के अनुसार, बिना रास्ते में रुके, अपने मतदान केंद्र पर पहुंचेगी। इसी प्रकार चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान केंद्र से सीधे रिसीविंग सेंटर पहुंचेगी।

साथ ही सभी को अनिवार्य रूप से अपना आइडेंटिटी कार्ड पहनने, बूथ पहुंचने के बाद कहीं और नहीं जाने, जिला पुलिस बल एवं होमगार्ड को समय पर मतदान केंद्रों में पहुंचने, टुंडी एवं बाघमारा में चुनाव संपन्न कराने के बाद बोकारो जाने के लिए तय रूट का पालन करने का निर्देश दिया।

### बूथ पर की जाने वाली तैयारी

उपायुक्त ने बूथ पर की जाने वाली तैयारी, मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, वोटिंग के दौरान, वोटिंग खत्म होने के बाद, प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी, प्रपत्र 17 ए, 17 सी, पुरुष, महिला व थर्ड जेंडर मतदाताओं का मिलान, विभिन्न तरह के एनेक्सचर सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए हर बिंदुओं का अक्षरशः अध्ययन व पालन करने, चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उनके दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स, पुलिस पदाधिकारी के साथ 30 से अधिक मोटरबाइक पर सवार क्यूआरटी टीम मौजूद रहेगी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस पदाधिकारी के साथ समन्वय रखने, 24 मई की सुबह से ईवीएम जमा कराने तक साथ रहने का निर्देश दिया।

## पश्चिमी सिंहभूम में नाबालिग भतीजी को किया गर्भवती

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के टोकलो थाना क्षेत्र में सेवानिवृत शिक्षक ने नाबालिग भतीजी का यौन शोषण कर गर्भवती कर दिया। इस घटना के खुलासे के बाद रविवार को ग्रामीण महिलाओं ने जमकर शिक्षक की पिटाई की और जूते-चप्पल की माला पहना कर पूरे गांव में घुमाया। जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर प्रखंड के गोपीनाथपुर पंचायत अंतर्गत सनाईकुटी गांव निवासी लक्ष्मण हांसदा (65) भतीजी को घर के कामकाज के लिए रखा था। रविवार की सुबह भतीजी अपने घर गयी हुई थी, जहां बेहोश होकर गिर पड़ी। घरवाले उसे बेहोशी की हालत में चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे सात महीने की गर्भवती बताया। इलाज के बाद होश आने पर लड़की ने बताया कि चाचा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते थे।

## अनुपमा सिंह के पक्ष में कल्पना सोरेन ने की चुनावी जनसभा



**बोकारो।** झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने रविवार को चंदनकियारी में धनबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अनुपमा सिंह को इतने वोटों के अंतर से जिताइये कि जेल का ताला खुल जाये और हेमंत सोरेन छूट जाएं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि धनबाद और बोकारो में सीधे-साधे लोग रहते हैं। ऐसे में लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, टाइगर की जगह जंगल में है और जंगल में ही टाइगर को कैद कर रख दिया जाएगा। कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह ने लोगों से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि वह एक सुखी-संपन्न परिवार से आती हैं। लोगों की सेवा और क्षेत्र का विकास करना ही उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान इंडी अलायंस के कई नेता मौजूद रहे।

**बुराई से बुराई कभी खत्म नहीं होती। घृणा को तो केवल प्रेम द्वारा ही समाप्त किया जा सकता है : गौतम बुद्ध**



# अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच ऐतिहासिक समझौता

***लोकसभा*** चुनाव के ऐन बीच में भारत द्वारा ईरान से चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए किया गया। दस वर्षीय अनुबंध को भू-राजनीतिक दृष्टि से एक जबर्दस्त रणनीतिक कदम बताया जा रहा है। भारत द्वारा किसी विदेशी या बाहरी बंदरगाह के प्रबंधन का यह पहला प्रयास है। ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित गहरे पानी का बंदरगाह चाबहार भारत के सबसे नजदीक खुले समुद्र में स्थित है, जहां भारी मालवाहक जहाज सरलतापूर्वक सुरक्षित रूप से पहुंच सकते हैं। साथ ही इस बंदरगाह में भारत, ईरान, अफगानिस्तान और यूरेशिया को आपस में जोड़ने की क्षमता है और यह चीन के बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का वैकल्पिक रास्ता मुहैया करवा सकता है। जाहिर है, क्षेत्रीय दृष्टि से इस कदम के दूरगामी परिणाम होंगे। इससे न केवल चीन के बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव का मुकाबला किया जा सकता है, बल्कि पाकिस्तान का ग्वादर बंदरगाह भी संतुलित होगा। चाबहार को इंटरनेशनल नार्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) से जोड़ने की भी योजना है, जिससे ईरान से होकर भारत के लिए रूस का रास्ता भी खुल जाएगा। यह बंदरगाह पाकिस्तान को दरकिनार कर अफगानिस्तान और केंद्रीय एशिया के लिए भी भारत का रास्ता साफ करेगा। विदेश मंत्रालय के जानकार सूत्रों के अनुसार, इस दिशा में पिछले साल से ही काम चल रहा था। पिछले वर्ष अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के बीच हुई चर्चा में चाबहार मुख्य मुद्दा था। फिर नवंबर में दोनों नेताओं की फोन पर हुई बातचीत का केंद्र बिंदु भी चाबहार बंदरगाह ही था। वर्ष 2018 में तत्कालीन ईरानी राष्ट्रपति रूहानी की भारत यात्रा में बंदरगाह के विकास में भारत की बढ़ी हुई भूमिका का मुद्दा और परवान चढ़ा। फिर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की इसी साल जनवरी में हुई तेहरान यात्रा में बात और आगे बढ़ी। ऐसा नहीं है कि यह समझौता पहली बार हुआ है। वस्तुतः यह समझौता 2016 में मोदी की ईरान यात्रा के दौरान ही हो चुका था। मूल समझौते में चाबहार बंदरगाह के बहिश्ती टर्मिनल के ऑपरेशन ही शामिल थे, जिसका हर साल नवीनीकरण होता था। मई 2016 में भारत ने शाहिद बहिश्ती टर्मिनल के विकास के लिए अफगानिस्तान और ईरान के साथ एक त्रिपक्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। अब यह दीर्घकालीन अनुबंध प्रारंभिक समझौते का स्थान लेगा। पिछले दो दशकों में चीन और भारत क्रमशः दुनिया की दूसरी और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में ऊपर उठ चुके हैं। व्यापार और सुरक्षा के क्षेत्रों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए इन दोनों एशियाई महाशक्तियों ने अंतरराष्ट्रीय गलियारों-विशेष रूप से हिंद महासागर पर ध्यान केंद्रित किया है। हिंद महासागर क्षेत्र में तीन महाद्वीपों के 28 देश आते हैं, जिनमें से कुछ तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाएं भी शामिल हैं। इस क्षेत्र में विश्व के अत्यधिक मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन हैं, जैसे दुनिया के 16.8 प्रतिशत तेल भंडार और वैश्विक प्राकृतिक गैस के 27.9 प्रतिशत भंडार। चीन ने हिंद महासागर में अपने रणनीतिक हितों के संरक्षण के लिए ह्यमोतियों की लड़ीह्ल (स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स) की समुद्री रणनीति अपनाई है। बांग्लादेश, म्यांमार, पाकिस्तान, मालदीव और तंजानिया जैसे तटीय दक्षिण एशियाई और अफ्रीकी देशों में बंदरगाहों की दीर्घकालीन पट्टे और उनके निर्माण में भारी निवेश उसकी इस रणनीति का एक हिस्सा है। हिंद महासागर में चीन की इस संलिप्तता के जवाब में भारत ने हिंद महासागर के देशों के साथ सहयोग, वार्ता, विकास में मदद और निवेश के लिए अपनी ह्यहीरों का हारह्ल (नेकलेस ऑफ डायमंड्स) रणनीति बनाई है। वस्तुतः यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यापक 'लुक ईस्ट' योजना का हिस्सा है, जो आसियान देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने और चीन के समुद्री वर्चस्व से उपजी चिंताओं से निपटने के लिए बनाई गई है। हिंद महासागर में चीन और भारत के बीच प्रतिस्पर्धा का सर्वाधिक स्पष्ट पहलू है-पाकिस्तान का चीन संचालित ग्वादर बंदरगाह और ईरान का भारत द्वारा संचालित चाबहार बंदरगाह। मजेदार बात यह है कि पाकिस्तान केंद्रीय एशियाई देशों को हिंद महासागर क्षेत्र में पहुंच बनाने के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल करने के लिए काफी समय से ललचा रहा है।

इन दिनों

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग





डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***बात*** भले ही अजीब लगे पर यह सच्चाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हैं पर भारत, रूस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति के अत्यधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कौड़ी सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू-स्खलन, सुनामी, ग्लेशियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाए तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की मानें तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की मानें तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकार्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रैल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड़-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है। आज एसी, फ्रीज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रीज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। एक समय थर्मल पॉवर के प्लांट आवश्यकता थी पर आज कोयले के धुएं के कारण किस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है यह समझने लगे हैं। घर में जलने वाले बल्व की बात करें तो सामान्य बल्व से सीफएल और उसके बाद एलईडी और सोलर का युग आ गया। कई बार तो ऐसा लगता है जैसे मार्केट फोर्सेज भी बहुत कुछ प्रभावित करती है। आज आरओ का सेचुरेशन आ गया तो इसका उपयोग हानिकारक बताया जाने लगा है। उसी तरह से जापान में ओवन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाने लगा है। ईंधन के जितने भी साधन हैं वे सभी वातावरण को दूषित करने में आगे हैं। इसी तरह से सुविधाजनक इलक्ट्रोनिक उत्पाद वातावरण को बिगाड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। देखा जाए तो प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने का नजीजा सामने आने लगा है। वातावरण दूषित होने के साथ ही कभी सावन बिन बरसात रह जाता है तो कभी अप्रैल-मई में भी बरसात के कारण सर्दी से दो-चार होना पड़ जाता है। समय आ गया है जब इस समस्या के निराकरण के लिए विशेषज्ञों को खासतौर से ध्यान देना होगा नहीं तो हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जाएंगे। इसे भले ही चेतावनी समझा जाएं या कुछ और पर सबकुछ शीशे की तरह साफ है। अब समय आ गया है कि धरती के बढ़ते तापमान के स्तर को कम करने के उपायों पर गंभीरता से प्रयास किये जाएं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## काव्य कोना

### मीत मिलन की आस

भीनी-भीनी खुशबू
मधुर-मधुर पुरवैया
संयोग शगुन सा लागे !
पल-क्षण, पल-क्षण राह निहारूँ
चोरी-चोरी घूँघट से झाँकूँ
एक कोने में आस जगी रे !
धीरे-धीरे मनवा डोले
पीहू-पीहू पपीहा बोले
आयेंगे फिर बन के बहार
बैठी हूँ आज तन-मन सजाये
नदिया की धारा, चँदा की छाँव
आतुर नयना मनवा बौराये
जाने किधर से आयेंगे वो
बोले-बोले घूँघटा बोले।

**नाग मणि**

## आपकी बात

### जीवन से हताश क्यों हो रही है तरुणाई?



मनोज कुमार अग्रवाल

***हाल*** ही में विभिन्न बोर्ड के हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद देश के कई हिस्सों में किशोर छात्र छात्राओं द्वारा सुसाइड करने की ढेर सारी दुखद घटनाओं के समाचार आ रहे हैं। हमारे नौनिहालों पर पंद्रह सत्रह साल की उम्र में ही परीक्षा में कम न नम्बर आने पर जिंदगी से हार मान लेने की हताशा दिलो-दिमाग पर छाए रही है। हमारे स्कूलों में शिक्षा का कैसा माहौल चल रहा है यह किसी से छिपा नहीं है स्कूल कालिज विशुद्ध व्यापार या कार्पोरेट कंपनी की तर्ज पर चलाए जा रहे हैं सरकारी स्कूलों के इंतजामात बदतर है प्राइवेट स्कूल कालिजो की फीस एक औसत परिवार की कमर तोड़ देती है ऐसी स्थिति में भारी भरकम फीस चुका कर कोचिंग और ट्यूशन में ठगा जाने वाला आम अभिभावक अपने बच्चों से परीक्षा में अव्वल आने का हसीन ख्वाब पाल लेते हैं क्योंकि वह सिर्फ महंगी फीस चुका कर अपना फर्ज पूरा करने की मानसिकता में जीते हैं जबकि बच्चों को सिर्फ उनकी अपनी वंशानुगत या गाड गिफ्टेड बौद्धिक व तर्क क्षमता के अनुरूप सीखने समझने का मौका मिलता है ऐसे में हर बच्चा डिस्टिंक्शन मार्क्स हासिल कर सके यह सम्भव ही नहीं है लेकिन तमाम परीक्षाओं और आगामी पढ़ाई की प्रवेश परीक्षाओं में नम्बर गेम हावी है और ऐसा भयावह माहौल तैयार किया जा रहा है कि यदि नम्बर गेम में पिछड़े तो जिन्दगी में भी पिछड़ जाओगे ऐसे बेहद कुटिल संवेदना रहित प्रतिस्पर्धी माहौल में बच्चों के ऊपर बन रहे दबाव मिल रहे तानों और कैरियर बिगड़ जाने के खतरे के साथ साथ बेरोजगार रह जाने के भय के बीच मां-बाप की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने की हीन भावना बच्चों को जीवन से हार मान लेने की ओर धकेल रही है। यह हालात तैयार करने के लिए सरकार सिस्टम शिक्षा पद्धति अभिभावक सब सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं। सिर्फ एक परीक्षा में अपेक्षित परिणाम न आने पर हमारी किशोर व नवयुवा जनरेशन सुसाइड की राह चुन रही है। एक अध्ययन में बताया गया कि भारत में आत्महत्याओं की सर्वाधिक दर 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के बीच है। वर्ष 2022 में होने वाली आत्महत्याओं में 7.6 प्रतिशत छात्र थे और उस वर्ष 13,000 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की थी। हाल ही में परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा के बाद आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं से कलेजा फट पड़ता है 12 अप्रैल, 2024 को मुम्बई के कांदीवाली में अजय जांगिड़ नामक एम.बी.बी.एस. के छात्र ने परीक्षा में कम अंक आने के कारण अवसाद से पीड़ित होकर अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। 8 मई को झारखंड के गिरिडीह में कार्मेल स्कूल की छात्रा शाम्भवी कुमारी ने आई. सी.एस.ई. की दसवीं कक्षा की परीक्षा में कम अंक आने के परिणामस्वरूप अवसादग्रस्त हो जाने के कारण फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। 9 मई को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में 10वीं कक्षा की परीक्षा में साक्षी नामक छात्रा को हालांकि 95.3 अंक प्राप्त करने पर विद्यालय ने सम्मानित किया था, परंतु वह स्कूल में मात्र 3 अंकों के अंतर से टॉपर बनने से वंचित रह जाने के कारण गुमसुम रहती थी और इसी कारण उसने आत्महत्या कर ली। 14 मई को पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर इलाके में सी.बी.एस.ई. की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 2 विषयों में फेल होने पर अर्जुन सक्सेना नामक 16 वर्षीय छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। 14 मई को ही उत्तर प्रदेश में चंदौली के चकियां कोतवाली इलाके में सी. बी. एस.ई. की 10वीं कक्षा की छात्रा हिना अपनी आशा के विपरीत मात्र 70 प्रतिशत अंक पा कर इतनी निराश हुई कि अपने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

लोस चुनाव

# भारत में बढ़ते जनसंख्या दबाव के बीच रोजगार देने में सफल मोदी सरकार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**केंद्र** में देश की जनता किसे चुनने जा रही है यह कुछ दिनों में साफ हो जाएगा, किंतु जिस तरह से कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष ने भाजपा की केंद्र सरकार और पीएम मोदी को आर्थिक क्षेत्र को आधार बनाकर घेरना जारी रखा है उसने आज पिछली मनमोहन सरकार और मोदी सरकार के कार्यकाल के तुलनात्मक अध्ययन के लिए प्ररित जरूर किया है। कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी है और जनता परेशान है। किंतु हकीकत में यह लगता नहीं है, क्योंकि सरकारी स्तर पर या निजी संस्थाओं के इस संबंध में अब तक किए गए सभी सर्वे एवं अध्ययन मोदी सरकार के पक्ष में जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वस्तुतः देश की जनता ने अटल सरकार के बाद दस साल कांग्रेस को भी दिए थे, लेकिन आंकड़े यही बता रहे हैं कि एनडीए की सत्ता में जिस गति से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार कार्य कर रही थी, वह गति कांग्रेस की मनमोहन सरकार आते ही धीमी पड़ गई थी। इस स्थिति में भारत की आम जनता ने फिर से भाजपा की ओर आशा भरी नजरों से देखा। उसके बाद की स्थिति पूरी दुनिया के सामने मौजूद है। भारत कहां था और अब कहां से कहां पहुंच गया है! यह विश्व देख रहा है, कहना होगा कि दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत विकास के सभी आंकड़े तोड़ रहा है। मोदी सरकार और पिछली मनमोहन सरकार के बीच भारत की जनसंख्या और उसके दबाव के बीच संतुलन को यदि देखें तो जब मनमोहन सरकार 2004 में सत्ता में आई तब देश की जनसंख्या 1.136 बिलियन थी जो दस वर्ष के कार्यकाल में बढ़कर 2014 की स्थिति में 1.307 बिलियन पर जा पहुंची थी। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने, तब यही जनसंख्या का ग्राफ बढ़कर 2015 में 1,322, 866, 505 हो गया और 2024 आते-आते यह जनसंख्या का आंकड़ा 1,441, 719, 852 को पार कर गया। पिछले दस सालों में 12 करोड़ अनुमानित जनसंख्या बढ़ी है। यह नवीनतम आंकड़ा भारत की जनसंख्या (लाइव) वल्डोमीटर के अनुसार है। यानी कि देश में एक ओर जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा था तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनका मंत्रीमण्डल अपने प्रयासों से आर्थिक क्षेत्र में नवाचार करते हुए रोजगार बढ़ाने के कार्य में जुटे हुए थे।


> **भारत कहां था और अब कहां से कहां पहुंच गया है! यह विश्व देख रहा है, कहना होगा कि दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत विकास के सभी आंकड़े तोड़ रहा है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# कायम रहेगा योगी राज



डॉ. सौरभ मालवीय

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में दिए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के पश्चात प्रदेश में सियासी पारा बढ़ गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ में पुनः दावा किया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले डेढ़-दो वर्षों से अमित शाह को पीएम बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुन्धरा राजे सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, रमन सिंह और मनोहर लाल खट्टर को पहले ही हटा दिया। अब अमित शाह के प्रधानमंत्री बनने की राह में केवल योगी आदित्यनाथ ही अंतिम कांटा हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे ही 75 वर्ष के हो जाएंगे, वे प्रधानमंत्री पद छोड़ कर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। इसके पश्चात दो से तीन महीने में योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल के इस बयान की प्रासंगिकता पर चर्चा हो रही है या चर्चा में रहने के लिए यह राजनीतिक जुमला मात्र है। वास्तव में अरविंद केजरीवाल भी जानते हैं कि उनका यह बयान असत्य एवं भ्रामक है। वे इस प्रकार के बयान देकर एक ओर तालियां बटोरना चाहते हैं तो दूसरी ओर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपना रहे हैं। यद्यपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को कड़े शब्दों में उत्तर दे दिया है। उन्होंने बांदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- 'केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं।' इस बयानबाजी के मध्य प्रधानमंत्री मोदी ने संकेतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि योगी आदित्यनाथ अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा - 'आने वाले पांच सालों में मोदी-योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाले हैं।' सियासी गलियारे में इस बयान को अरविंद केजरीवाल के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। इस प्रकार मोदी ने केजरीवाल के बयान को भ्रामक एवं असत्य सिद्ध कर दिया है। इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे तथा वर्ष 2029 के पश्चात भी वे भाजपा का नेतृत्व करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 75 वर्ष की आयु के पश्चात भी अपने पद पर बने रहेंगे। इस प्रकार अमित शाह ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनका प्रधानमंत्री बनने का अभी कोई विचार नहीं है। इसके अतिरिक्त पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी स्पष्ट कर चुके हैं कि 75 वर्ष के पश्चात सेवानिवृति वाली बात पार्टी के संविधान में नहीं है। इस प्रकार की बातें केवल दुष्प्रचार के लिए बोली जा रही हैं। इसमें दो मत नहीं कि भाजपा का संगठन अत्यंत सुदृढ़ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# प्रेम मंदिर वृंदावन



***प्रेम*** मंदिर की वास्तुकला अपनी सुंदरता से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देती है। प्रेम मंदिर का निर्माण राजस्थानी सोमनाथ गुजराती स्थापत्य शैली में किया गया है जो वृंदावन के बाहरी इलाके में 54 एकड़ की एक साइट पर स्थित है। मंदिर की पूरी संरचना का निर्माण अच्छी क्वालिटी के इतालवी संगमरमर का इस्तेमाल करके किया गया है। यह मंदिर 'प्राचीन भारतीय कला और वास्तुकला में पुनर्जागरण' का प्रतिनिधित्व करता है। **3. प्रेम मंदिर वृंदावन :** प्रेम मंदिर 125 फीट उंचा 122 फीट लम्बा और 115 फीट चौड़ा है। मंदिर के दरवाजों और खिड़कियों पर बेहद सुंदर नक्काशी की गई है, जो यहां आने वाले लोगों को बेहद आकर्षित करती है। इसके अलावा दीवारों और फर्श को रंगीन पत्थरों से सजाया गया है जिन पर कलियों और फूलों के साथ खिलने वाली फूलों की लताओं के चित्र बने हुए हैं। बता दें कि पूरे प्रेम मंदिर को ऐसी सुंदर लाइट के साथ रोशन किया जाता है जो सच में देखने लायक है। बता दें कि मंदिर की लाइट हर पांच मिनट में रंग बदलती है। प्रेम मंदिर में देखने लायक सुंदर राधा-कृष्ण और राम-सीता की मूर्तियां मंदिर में एक परिधि मार्ग भी है, जिसमें 48 फलक हैं जो श्री राधा कृष्ण के अतीत को दशार्ते हैं। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# जियो के ग्राहक हैं तो ऐसे उठाएं फ्री डाटा का मजा

***कई*** बार जियो अपने यूजर्स के लिए फ्री प्लांस भी लेकर आता है जिसमें एक्स्ट्रा डाटा ऑफर किया जाता है, तो वहीं पर कुछ टाइम पीरियड भी एक्स्ट्रा मिलता है। आज हम यहां बात करेंगे कि रिलायंस जियो के वह कौन-कौन से प्लांस है जिनमें आपको एक्स्ट्रा डाटा या फ्री डाटा मिलेगा। रिलायंस जियो को ऐसे ही टेलीकॉम इंडस्ट्री का बादशाह नहीं कहा जाता है, जियो समय-समय पर अपने ग्राहकों को सरप्राइज करने के लिए तमाम तरीके के रिचार्ज प्लांस लेकर आते रहता है, ताकि उसके ग्राहक को बेनिफिट्स मिल सके और उनके यूजर्स की संख्या दिनों दिन बढ़ती जाए। इतना ही नहीं कई बार जियो अपने यूजर्स के लिए फ्री प्लांस भी लेकर आता है जिसमें एक्स्ट्रा डाटा ऑफर किया जाता है, तो वहीं पर कुछ टाइम पीरियड भी एक्स्ट्रा मिलता है। आज हम यहां बात करेंगे कि रिलायंस जियो के वह कौन-कौन से प्लांस है जिनमें आपको एक्स्ट्रा डाटा




या फ्री डाटा मिलेगा। यह बात यहां यह बताना जरूरी है कि हम जियो रिलायंस के डाटा प्लान की बात करने जा रहे हैं, वह सारे ही 5जी डाटा ऑफर हैं और यह सारे प्लान 399 रुपए से अधिक है, क्योंकि रिलायंस जियो के सभी 339 से अधिक कीमत वाले प्लांस के साथ 5जी डाटा फ्री है। आईए जानते हैं **398 रुपए प्लान :** अगर आप जियो का 398 का प्लान रिचार्ज करते हैं तो इसमें आपको डेली 2जी डाटा फ्री मिलता है और इसके साथ ही 6जी का एक्स्ट्रा डाटा भी आपको फ्री में जियो दे रहा है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आप का प्रदर्शन खत्म, बीजेपी दफ्तर जाने से पुलिस ने रोका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल से हुई बदसलूकी के मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने बीजेपी के खिलाफ सड़क पर मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी पहले ही इस मामले को बीजेपी द्वारा सीएम को फंसाने के लिए रची गई साजिश और स्वाति को इस साजिश का मोहरा करार दे चुकी है। रविवार को सीएम अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के तमाम नेताओं के साथ पार्टी मुख्यालय से बीजेपी दफ्तर की ओर मार्च किया। इसके पूर्व पार्टी मुख्यालय में सीएम केजरीवाल ने कहा, बीजेपी आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। इन लोगों ने इसके लिए ऑपरेशन झाड़ू शुरू किया है। इस ऑपरेशन के तहत एक-एक कर आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। चुनाव के बाद हमारी पार्टी के बैंक अकाउंट खाली किए जाएंगे और हमारे दफ्तर को खाली कराया जाएगा। केजरीवाल ने शराब नीति घोटाले को फर्जी बताया। उन्होंने कहा आज तक शराब घोटाले में एक रुपया भी निकला है। ये लोग कहते हैं 100 करोड़ का घोटाला हुआ, तो घोटाले का रुपया कहां उड़ गया। एक दम फर्जी मामले में इन लोगों ने आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल रखा है। उन्होंने कहा हम भाजपा दफ्तर के बाहर सामूहिक गिरफ्तारी देने जा रहे हैं। इसके बाद केजरीवाल पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा मुख्यालय की ओ चल पड़े। मार्च को देखते हुए जगह-जगह सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। पुलिस ने उन्हें रोका तो आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बीजेपी ऑफिस जाकर गिरफ्तारी की बात कही, लेकिन इजाजत न मिलने की वजह से उन्हें रुकना पड़ा। इसके बाद थोड़ी देर वे वहीं बैठ गए लेकिन पुलिस की इजाजत नहीं मिलने पर बाकी पार्टी नेताओं के साथ केजरीवाल अपने आवास लौट आए।

**100**
*करोड़ का घोटाला तो रुपये कहां उड़ गये, शराब नीति घोटाले फर्जी*

*बीजेपी आपरेशन झाड़ू के तहत एक-एक कर आप नेताओं को गिरफ्तार कर रही*





### कभी हम निर्भया को न्याय दिलाने सड़क पर निकले थे : स्वाति मालीवाल



**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल ने एक खबर का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि किसी दौर में हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर निकलते थे। आज 12 साल बाद सड़क पर निकले हैं ऐसे आरोपित को बचाने के लिए जिसने न सिर्फ एक महिला से मारपीट की, सीसीटीव फुटेज गायब किए और अपना फोन भी फॉर्मेट कर दिया।

### निर्भया के लिए लड़ने वाली स्वाति आज भयभीत होकर जी रही : माधवी



हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने रविवार को स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले में कहा कि केजरीवाल को वो जगह चाहिए जहां आज स्वाति हैं। इसलिए सीएम की सहमति से स्वाति के साथे दुर्व्यवहार किया गया। कभी निर्भया के लिए लड़ने वाली स्वाति आज खुद भयभीत होकर जी रही है।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 5-8-9
किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृषभ** — शुभांक 5-6-7
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मिथुन** — शुभांक 1-2-5
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क** — शुभांक 1-8-9
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**सिंह** — शुभांक 5-6-8
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या** — शुभांक 6-8-9
स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला** — शुभांक 4-5-6
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक** — शुभांक 5-6-9
स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**धनु** — शुभांक 6-7-8
शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मकर** — शुभांक 5-6-8
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुम्भ** — शुभांक 1-6-7
माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन** — शुभांक 3-5-7
प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

## अहमदाबाद में मदरसा में सर्वे करने पहुंची टीम पर हमला, प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से दिए गए आदेश के बाद गुजरात के 1,100 से ज्यादा मदरसों का सर्वे किया जा रहा है। अहमदाबाद शहर और ग्रामीण के भी कुल 205 मदरसों के सर्वे जारी हैं। अहमदाबाद के दरियापुर में मदरसा में सर्वे करने पहुंची टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। जब सर्वे टीम पहुंची तब मदरसा बंद था। इसी दौरान सर्वे टीम पर अहमदाबाद के दरियापुर की सुलतान सैयद मस्जिद के बाहर भीड़ ने घेराव कर हमला किया। जिसके बाद दरियापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। सरकारी काम में रुकावट और लूट के आरोप में कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक स्कूल के शिक्षक मदरसा की सर्वे टीम में शामिल थे, जिन पर हमला किया गया। फरहान और फैजल पर नामजद एफआईआर के साथ कुल पांच लोग और 35 से ज्यादा की भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सर्वे टीम में शामिल शिक्षक राकेश पांड्या ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। आज जब मदरसा का सर्वे करने टीम पहुंची तो उस पर हमला किया गया।

सरकार के आदेश के बाद हम यहां पर सर्वे करने आए, लेकिन, जिस तरह हम लोगों के साथ घटना घटी है, ऐसे में हमें सुरक्षा मिलनी चाहिए। चुनाव का समय चल रहा है और आचार संहिता लगा हुआ है। ऐसा संवेदनशील मामला समाज में होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अनमैप्ड मदरसों की भी मैपिंग करने के आदेश दिए जाने के बाद मदरसे में सर्वे किया जा रहा है। मदरसे में पढ़ते बच्चों का सामान्य स्कूल में पढ़ना जरूरी है या नहीं इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश भी दिए गए हैं। इसके मद्देनजर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 7 मई को गुजरात के मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। जिसके बाद सर्वे का काम शुरू किया गया। इस दौरान मदरसा संचालक की सारी जानकारी प्राप्त की जा रही है। मदरसा संचालन से जुड़े हुए ट्रस्ट, संस्था साथ से जानकारी ली जा रही है।



*मदरसे में पढ़ते बच्चों का सामान्य स्कूल में पढ़ना जरूरी है या नहीं इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश भी दिए गए हैं*

## इनके पास कोई मुद्दा नहीं बिना मतलब की बात करते हैं

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के रण में राजनीतिक बयानबाजियों का दौर जारी है। आए दिन पक्ष और विपक्ष के नेता एक-दूसरे पर हमलावर नजर आते हैं। रविवार को बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर निशाना साधा। पटना में जब पत्रकारों ने तेजस्वी यादव से पूछा कि सम्राट चौधरी का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा कार्यकताओं से मिलते हैं, लेकिन, तेजस्वी यादव और लालू यादव कभी अपने कार्यकताओं से नहीं मिलते। इस पर तेजस्वी ने कहा कि इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं है। इनकी बात का कोई मतलब नहीं है, काम के बारे में ये लोग कभी बात नहीं करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनसे पूछिए, आज तक जनता के लिए क्या-क्या किया है। उन्हें बोलिए कि वह अपनी एक भी उपलब्धि गिनाएं। इन लोगों ने (भाजपा) सिर्फ और सिर्फ मुझे, लालू यादव और हमारी पार्टी को गाली देने का काम किया है।



*इन लोगों ने (भाजपा) सिर्फ और सिर्फ मुझे, लालू यादव और हमारी पार्टी को गाली देने का काम किया है।*

## दरगाह में पुरानी रंजिश को लेकर एक-दूसरे पर तलवार से हमला



एजेंसी

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर के तारागढ़ स्थित मीरा साहब की दरगाह के खादिमों के दो गुट के आपस में भिड़ने की खबर सामने आई है। घटना शनिवार देर शाम की है, बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर तलवारों से हमला किया है। इस हमले में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। दरगाह थानाधिकारी नरेंद्र सिंह जाखड़ ने बताया कि तारागढ़ दरगाह में एक ही परिवार के दो गुट हैं। वर्तमान में हुए कमेटी चुनाव को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश थी, ठेके को लेकर भी विवाद है। शनिवार को दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए और तलवारों से हमला कर दिया।

## न्यूज बॉक्स

### दक्षिण तमिलनाडु में भारी बारिश कन्याकुमारी में बांधों की निगरानी



**चेन्नई।** दक्षिण तमिलनाडु के इलाकों में इन दिनों हो रही भारी बारिश से लोग परेशान हैं। इस बीच कन्याकुमारी जिले में बांधों पर निगरानी रखी जा रही है। अग्निशमन एवं बचाव विभाग भी किसी भी संभावित बचाव अभियान के लिए तैयार है। कन्याकुमारी जिला अग्निशमन अधिकारी सत्यकुमार ने बताया, यदि बाढ़ आती है तो विभाग किसी भी बचाव अभियान के लिए तैयार है। लोगों से जल निकायों के पास न जाने की अपील की गई है। इसके अलावा बिजली गुल होने पर भी सतर्क रहने को कहा गया है।

### सीता अम्मन मंदिर में पवित्र सरयू जल हुआ अभिषेक

**कैंडी (श्रीलंका)।** भारत, नेपाल और श्रीलंका के हजारों भक्तों ने रविवार को श्रीलंका के मध्य प्रांत के नुवारा एलिया जिले में स्थिति सीता अम्मन मंदिर के कुंभाभिषेकम अनुष्ठान समारोह में भाग लिया। इस दौरान अयोध्या से लाए पवित्र सरयू जल से मंदिर में अभिषेक किया गया। आध्यात्मिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्री श्री रविशंकर, श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा व कई गण्यमान्य इस कार्यक्रम के गवाह बने।

### सऊदी किंग 'तेज बुखार' से है पीड़ित

**रियाद।** सऊदी अरब की अदालत ने कहा कि किंग सलमान 'तेज बुखार और जोड़ों के दर्द' से पीड़ित हैं और रविवार को उनकी चिकित्सा जांच की जाएगी। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, शाही अदालत ने एक बयान में कहा, ₹दो पवित्र मस्जिदों के संरक्षक को तेज बुखार और जोड़ों के दर्द के कारण आज, 19 मई को जेद्दा में अल-सलाम पैलेस के रॉयल क्लिनिक में चिकित्सा जांच से गुजरना होगा।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के इंजन में लगी आग, सुरक्षित लैंडिंग

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में शनिवार रात उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उसकी आपात लैंडिंग कराई गई। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया। विमान बेंगलुरु से कोच्चि जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद चालक दल के सदस्यों ने इंजन में आग लगने के बारे में एटीसी को सूचना दी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा, बेंगलुरु-कोच्चि फ्लाइट के उड़ान भरते ही दाहिने इंजन से आग की लपटे निकलती देखी गईं।

**प्रबंधन की कड़ाई** / चारधाम मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में किसी ने रील बनाई तो खैर नहीं

## उपद्रव का होगा मुकदमा, पुलिस सिखाएगी सबक

एजेंसी

**देहरादून।** चारधाम मंदिर परिसरों के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी व रील बनाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पुलिस विभाग ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। जिसमें साफ किया गया है कि कोई व्यक्ति मंदिर परिसर में रील बनाता यदि देखा गया तो उसके विरुद्ध उपद्रव की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। एसओपी के तहत मंदिर परिसरों में भीड़ हो जाने से श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को व्यवस्था बनाने में दिक्कत आ रही है। इसके दृष्टिगत शासन ने मंदिर परिसरों के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी एवं रील बनाने पर प्रतिबंध लगाया है। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति निर्देशों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उपद्रव करने वाला माना जाएगा। इसके अलावा कोई व्यक्ति जान-बूझकर व दुर्भावना के चलते एक वर्ग की धार्मिक मान्यताओं या धर्म का अपमान करने के लिए निर्देशों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध धार्मिक विश्वासों का अपमान करने का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वीडियोग्राफी या रील की सामग्री ऐसी प्रकृति की पाई जाती है कि जिससे धर्म, जाति, भाषा, समुदाय या अन्य आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा मिलता है, तो गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। डीजीपी ने सभी जिला प्रभारियों को निर्देशित किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।



### दर्शन व्यवस्थाव व कार्यालय का किया निरीक्षण

**बदरीनाथ धाम।** श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बदरीनाथ धाम में यात्रा दर्शन व्यवस्था और मंदिर समिति कार्यालय और विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को उचित निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति सभी तीर्थयात्रियों को भगवान बदरीविशाल के सरल-सुगम दर्शन करवा रही है। मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर समिति तीर्थयात्रियों की हर संभव दर्शन सहायता कर रही है।

# पंजाब पर शानदार जीत से हैदराबाद दूसरे स्थान पर

**एजेंसी। हैदराबाद**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 66 रन की तूफानी पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को रविवार को आईपीएल के अपने आखिरी लीग मुकाबले में चार विकेट से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह की 71 रन की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 214 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर 14 मैचों में आठवीं जीत अपने नाम की और 17 अंकों के साथ तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। दूसरी तरफ पंजाब को 14 मैचों में नौवीं हार का सामना करना पड़ा और वह 10 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहा। पंजाब किंग्स 214 रन बनाने में कामयाब रही लेकिन बाद में हमेशा की तरह इस बार भी अभिषेक शर्मा ने धुंधाधार अर्धशतक लगाकर टीम को मैच में ला दिया और बाद में क्लासेन, नीतीश ने अहम पारियां खेली जिससे सनराइजर्स मैच जीत गई। फिलहाल सनराइजर्स तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। अभिषेक ने 28 गेंदों पर 66 रन की तूफानी पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए। राहुल त्रिपाठी ने 18 गेंदों में 33 रन ठोके जबकि नीतीश ने 25 गेंदों पर 37 रन में तीन छक्के और क्लासेन ने 26 गेंदों पर 42 रन में तीन चौके और दो छक्के लगाए।



हैदराबाद ने हालांकि ट्रेविस हेड को पारी की पहली गेंद पर ही गंवाया लेकिन इसके बाद के बल्लेबाजों ने चौके-छक्के लगाते हुए टीम को आखिरी ओवर की पहली गेंद पर जीत दिला दी।

पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे ने पंजाब किंग्स को 97 रनों की अहम शुरूआत दिलाई। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, अथर्व अपने अर्धशतक से चूके लेकिन प्रभसिमरन इस सीजन अपना दूसरा अर्धशतक लगाने में कामयाब हो गए। इसके बाद राइली रूसो ने भी 49 रनों की अहम पारी खेली। तायडे 27 गेंदों में 5 चौकों और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन ने मात्र 45 गेंदों में 71 रन में 7 चौके और 4 छक्के उड़ाए। राइली रुसो ने 24 गेंद में 3 चौके और 4 छक्के उड़ाते हुए 49 रन का योगदान किया। इस मैच में कप्तानी संभाल रहे जितेश शर्मा ने 15 गेंदों में नाबाद 32 रन में 2 चौके और 2 छक्के लगाए। जितेश ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़े। हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 में सात बार 200+ का स्कोर बन चुका है, जो कि आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक है।



## सात्विक-चिराग बने थाईलैंड ओपन पुरुष युगल चैंपियन

### पेरिस ओलंपिक की तैयारी हुई और पुख्ता



**एजेंसी। बैंकॉक**

भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21.15, 21.15 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा और कैरियर का नौवां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे।

चिराग ने जीत के बाद कहा , बैंकॉक हमारे लिये खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था। सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। वे एक भी गेम गंवाये बिना थाईलैंड ओपन फाइनल में पहुंचे थे। लियू और चेन ने भी फाइनल तक के सफर में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन भारतीय जोड़ी के शानदार फॉर्म का उनके पास कोई जवाब नहीं था। सात्विक और चिराग ने जल्दी ही 5.1 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन और लियू ने लगातार चार अंक लेकर वापसी की। जब स्कोर 7.7 था तब चीनी जोड़ी ने 39 शॉट की रेली लगाई और 10.7 से बढ़त बना ली।

## धोनी का 110 मीटर का छक्का, कैसे बना आरसीबी के लिए वरदान?

**एजेंसी। बेंगलुरु**

आईपीएल 2024 में सीएसके का सफर खत्म हो चुका है। इस बीच एक ऐसी बात सामने आ रही है जिसने एमएस धोनी को सीएसके के प्लेऑफ की होड़ से बाहर होने का विलेन बना दिया है।

शनिवार देर रात को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अंतिम ओवर में सीएसके का छठा आईपीएल खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया।

आरसीबी की पांच बार की चैंपियन सीएसके पर 27 रनों की जीत के बाद, विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने खुलासा किया कि कैसे एमएस धोनी का छक्का ही आरसीबी के लिए जीत में मददगार साबित हुआ। फाफ डु प्लेसिस की टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना किसी सपने का पूरा होने की तरह है क्योंकि सीजन में जो हाल इस टीम का था, उसे देखकर शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह टीम टॉप-4 में भी पहुंच सकती है।

आरसीबी की प्लेऑफ तक की राह काफी अलग रही। जो टीम सीजन के पहले भाग के दौरान अंक तालिका में सबसे नीचे रही उसने दूसरे भाग में बल्ले, गेंद और मैदान में जबरदस्त प्रयासों का प्रदर्शन करते हुए लगातार छह मैच जीते, जिसमें चेन्नई के खिलाफ सबसे महत्वपूर्ण और कठिन चुनौती में भी जीत शामिल है।

प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए सीएसके को आखिरी ओवर में 17 रनों की जरूरत थी और स्ट्राइक पर एमएस धोनी थे, जिनसे सभी गेंदबाज डरते थे।



आरसीबी ने यश दयाल पर भरोसा दिखाया। हालांकि, माही ने पहली ही गेंद पर 110 मीटर लंबा छक्का लगाया। यह सिर्फ बाउंड्री के बाहर ही नहीं, बल्कि सीधे छत को पार करते हुए स्टेडियम के बाहर ही पहुंच गई। यह वही क्षण था जिसने मैच का पासा पलट दिया।

कार्तिक के मुताबिक गेंद खो जाने और गेंदबाजों को नई गेंद दिए जाने से टीम को मैच जीतने में मदद मिली। मैच के बाद दिनेश कार्तिक ने कहा, सबसे अच्छी चीज आरसीबी के लिए यह हुई कि एमएस धोनी ने आखिरी ओवर में ग्राउंड के बाहर छक्का लगा दिया। इसकी वजह से हमें नई गेंद मिल गई और फिर गेंदबाजी करना आसान हो गया। गेंद बदले जाने के बाद अगली ही गेंद पर धोनी आउट हो गए। दयाल ने पैर पर धीमी गेंद फेंकी जो बल्ले का किनारा लेकर गई और कैच लपक लिया गया, जिससे मैच पूरी तरह से आरसीबी के पक्ष में आ गया।


### आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने में कोहली का योगदान महत्वपूर्ण : रायुडू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2024 में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना और करो या मरो मुकाबले में सीएस को मात देना 'टेढ़ी खीर' है, जिससे फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली टीम ने पूरा किया। पूर्व भारतीय और सीएसके बल्लेबाज अंबाती रायुडू का मानना है कि आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने के पीछे विराट कोहली की अहम भूमिका है। रायुडू ने कहा कि विराट कोहली का जोश, अग्रेशन टीम में एक पॉजिटिव और लड़ने का माहौल बनाता है। कोहली के लिए आईपीएल 2024 शानदार रहा है। रन बनाने के मामले में 2016 आईपीएल के बाद यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ सीजन है। अब तक बनाए गए 708 रनों के साथ, कोहली का स्ट्राइक रेट भी 155.0 है, जो लीग में उनके 17 साल के कार्यकाल में सबसे अधिक है।

रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, यह विराट की ऊर्जा है, उनका इरादा है, जीतने और सफल होने की उनकी भूख है। हमने उन्हें मैच से पहले, मुकाबले के दौरान यहां तक कि टाइमआउट में भी सक्रिय रूप से हर किसी से बात करते देखा है।

यह सिर्फ भावनात्मक है, उन्होंने बेहतर बल्लेबाजी की, उन्होंने बेहतर गेंदबाजी की और मैं विराट के लिए बहुत खुश हूं। आरसीबी ने इस सीजन में जिस तरह से खेला है, उससे मैं बहुत खुश हूं। और मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वे ऐसा करेंगे। उन्हें इस बार आईपीएल ट्रॉफी जीतनी चाहिए क्योंकि वह इसके हकदार है। सीएसके के साथ तीन बार के आईपीएल विजेता ने कहा, मुझे लगता है कि, कुल मिलाकर, आरसीबी ने बेहतर क्रिकेट खेला। और उनके पास बेहतर रणनीतियां थी। लेकिन मुझे लगता है कि सीएसके को 201 के स्कोर को पार करना चाहिए था। यह काफी निराशाजनक है।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत में अगले पांच से दस साल में दोगुना हो जाएगी जस्ते की मांग



**नई दिल्ली।** इस्पात सहित बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारी निवेश से अगले पांच से 10 साल में देश में जस्ता की मांग दोगुना हो जाने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ ने रविवार को यह बात कही। भारत में जस्ता की मांग काफी हद तक इस्पात बाजार की वृद्धि पर निर्भर करती है, क्योंकि इसका उपयोग मुख्य रूप से इस्पात को जंग से बचाने के लिए किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ के वैश्विक निदेशक मार्टिन वान लियूवेन ने कहा, मुझे अगले पांच से 10 साल में जस्ता के लिए मांग दोगुनी होने की उम्मीद है।

## गूगल एक्सेसबिलिटी फीचर से इन यूजर्स को होगी आसानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एंड्रॉयड यूजर्स को बेहतर सुविधा देने के लिए गूगल अक्सर नए-नए अपडेट लाता रहता है। ऐसे में गूगल का नया अपडेट बेहद ही काम का है। गूगल ने एकसाथ लुकआउट, मैप्स और एंड्रॉयड के कई फीचर्स जारी किए हैं। गूगल के नए एक्सेसबिलिटी फीचर से कमजोर विजन वाले और सुनने में कमजोर लोगों को काफी फायदा होगा।



#### लुकआउट एप में नया फीचर

गूगल लुकआउट एप में एक नया वर्जन लेकर आया है। इस नए फीचर की मदद से कमजोर नजर वाले लोग आसपास की चीजों की आसानी से पहचान कर पाएंगे। यूजर्स को इसमें किसी खास चीज को खोजने का विकल्प मिलेगा। उदाहरण के लिए ये फीचर कमजोर विजन वाले यूजर्स को बाथरुम का रास्ता बताएगा। साथ ही दूरी की भी जानकारी देगा। लुक टू स्पीक एप में टेक्स्ट मोड के बिना पहले से लिखे हुए कस्टमाइज्ड टूल यूजर्स की मदद करेंगे।

#### अब यूजर्स को मिलेगा फायदा

गूगल प्रोजेक्ट गेमफेस एक ओपन सोर्स प्रोजेक्ट है, जोकि विकलांग लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इस फीचर की मदद से यूजर्स अपने चेहरे के जरिए माउस कर्सर को कंट्रोल कर सकते हैं। गूगल ने कई मापदंडों को कस्टमाइज्ड किया है। इसमें जेस्चर साइज, कर्सर स्पीड और चेहरे के हावभाव शामिल है।

#### गूगल मैप्स में आया अपडेट

गूगल ने अपने मशहूर नेविगेशन एप गूगल मैप्स में भी एक्सेसबिलिटी का फीचर दिया है। नए अपडेट में कमजोर विजन वाले या फिर विकलांग लोगों को चलने के दिशा-निर्देश और स्क्रीन रीडर की बेहतर क्षमता मिलेगी। इसके साथ ही लेंस फीचर की ऐसी क्षमता है कि यूजर्स को आसपास के जगहों के नाम बता सकता है।

#### एंड्रॉयड यूजर्स में खास फीचर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गूगल ने एंड्रॉयड यूजर्स के लिए साउंड नोटिफिकेशन फीचर को अपडेट किया है। इस नए फीचर की मदद से जिन लोगों को देखने में और सुनन में दिक्कत हैं, उनके लिए ये आग और स्मोक अलार्म की तरह काम करेगा।



### इंडोनेशिया पहुंचे मस्क स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस करेंगे लॉन्च

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क रविवार को स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस लॉन्च करने इंडोनेशिया पहुंचे। मस्क पहली बार इंडोनेशिया गए हैं। वे इंडोनिशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस लॉन्च करेंगे। समुद्री मामलों और निवेश के समन्वय मंत्री लुहुत पंडजैतन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, रविवार की सुबह उन्हें मस्क को एयरपोर्ट से पिकअप करने का मौका मिला। वह कई महत्वपूर्ण साझेदारी बनाने आए हैं, जिसमें से एक स्टारलिंक इंटरनेट सर्विस का लॉन्च भी है। इससे इंटरनेट को पूरे इंडोनेशिया में पहुंचाया जा सकेगा।

## सावधान : ऑनलाइन स्कैम से बचना है तो अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुपरफास्ट इंटरनेट के इस दौर में साइबर स्कैम से बचना बहुत ही मुश्किल है लेकिन नामुमकिन नहीं। कुछ सावधानी बरतकर आप इस तरह के स्कैम से बच सकते हैं। लोगों को इस तरह के स्कैम से बचाने के लिए डिजिटल इंडिया, सरकारी साइबर सिक्योरिटी एजेंसी साइबर दोस्त और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंक लोगों को समय-समय पर टिप्स देते रहते हैं। हाल ही में आरबीआई और डिजिटल इंडिया ने ऑनलाइन साइबर स्कैम से बचने के कुछ टिप्स दिए हैं जिन्हें जानना आपके लिए बहुत ही जरूरी है।

डिजिटल इंडिया के एक्स के हैंडल से आरबीआई के हवाले से कुछ दिन पहले एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें ऑनलाइन हो रहे स्कैम और उससे बचने के बारे में बताया गया है। वीडियो के मुताबिक किसी भी अनजान लिंक पर आपको क्लिक नहीं करना चाहिए। आरबीआई की ओर से कहा गया है कि जानकार बनिए, सतर्क रहिए।




आरबीआई के मुताबिक साइबर ठग किसी भी तरीके से आपको फंसाने का प्रयास कर सकते हैं। वे आपको लुभावने मैसेज कर सकते हैं, पार्ट टाइम जॉब ऑफर दे सकते हैं, इसके अलावा कम समय में अधिक पैसे कमाने का झांसा भी दे सकते हैं।

कई बार ये ठग आपको ओटीपी के नाम पर तो कई बार केवाईसी और कई बार कस्टमर केयर के नाम पर ठग सकते हैं। ये ठग आपको कस्टम अधिकारी या पुलिस वाले के नाम पर भी फोन करके पैसे मांग सकते हैं। यदि आपको ऐसा कुछ लगता है तो तुरंत इसकी शिकायत करें।

## मेटा ला रहा है अनोखा ईयरबड्स, खत्म हो जाएगी मोबाइल कैमरे की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग समय-समय पर अनोखे प्रोडक्ट पेश करके दुनिया को हैरान करते हैं, हालांकि यह बात अलग है कि कई बार उनके प्रोडक्ट मार्केट को पसंद नहीं आते हैं। मेटा अब एक ऐसे ईयरबड्स पर काम कर रहा है जिसमें इन-बिल्ट कैमरा होगा। जी हां, सुनने में थोड़ा अजीब है लेकिन यही सच है कि उस ईयरबड्स में भी कैमरा होगा जिसमें आप आमतौर पर गाने सुनते हैं। मेटा के इस ईयरबड्स का नाम कैमराबड्स बताया जा रहा है।

### कैसा होगा मेटा का कैमराबड्स?

रिपोर्ट के मुताबिक कैमराबड्स के दोनों बड्स में कैमरा इंस्टॉल होंगे। ये कैमरे आपके आसपास की चीजों को रिकॉर्ड करेंगे और आपके सवालों के जवाब देंगे। कहा जा रहा है कि मेटा का यह प्रोजेक्ट फिलहाल शुरूआती चरण में है। इसके अलावा कंपनी ने अभी तक इसकी डिजाइन को लेकर भी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। कैमराबड्स में एआई का भी सपोर्ट होगा जो कि अनुवाद भी करेगा। दोनों बड्स में बाहर की ओर कैमरे लगे होंगे।

## जीडीपी वृद्धि दर 6.7 %, 2023-24 में 7 %रहने का अनुमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है। सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरूआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।



सिन्हा ने एक साक्षात्कार में बताया, हम उम्मीद कर रहे हैं कि चौथी तिमाही की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर लगभग 6.9-7 प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में वृद्धि दर को कम आधार का फायदा मिला, हालांकि तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर 2023) तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर ह्यआश्चर्यजनकह्व थी। उन्होंने आगे कहा कि जब हम आंकड़ा का विश्लेषण करते हैं, तो पता चलता है कि जीवीए और जीडीपी के बीच अंतर है। तीसरी तिमाही में जीडीपी को एक बड़ा प्रोत्साहन उच्च कर संग्रह से मिला है, लेकिन चौथी तिमाही में ऐसा होने की संभावना नहीं है।

# पांकी विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए 326 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

चतरा लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए 326 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी रविवार को रवाना हुई। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के जीएलए कालेज स्थित डिस्पैच सेंटर से सभी कर्मियों को ईवीएम, वीवीपीएटी सहित अन्य चुनाव सामग्रियों के साथ भेजा गया। चुनाव सम्पन्न कराकर कर्मी ईवीएम को लेकर जमा करने चतरा के स्ट्रॉन्ग रूम जाएंगे। बता दें कि इस इलाके में 20 मई को वोटिंग होगी। पांकी विस क्षेत्र में पांकी के अलावा मनातू, तरहसी, पांकी, लेस्लीगंज और सतबरवा प्रखंड की चार पंचायत के क्षेत्र आते हैं। इस इलाके में चुनाव कराना प्रशासन के लिए हमेशा से चुनौती रहा है। अति नक्सल प्रभावित इलाके के रूप में इसकी पहचान रही है। पलामू संसदीय सीट पर शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के बाद पुलिस का पूरा फोकस पांकी विधानसभा में चुनाव पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी मतदान कर्मियों को रवाना करते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने की शुभकामनाएं दी। साथ ही चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार जरूरी टिप्स भी दिए और उसके अनुसार ही पोलिंग कराने का निर्देश दिये। चुनाव को लेकर बिहार से सटने वाले मनातू के बॉर्डर पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। पुलिस के अधिकारी सुरक्षित चुनाव कराने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। पांकी विधानसभा में वोटर की संख्या 3 लाख 20 हजार 2 सौ 66 है, जिसमें 1लाख 64 हजार 6 सौ 41 पुरुष वोटर हैं और 1लाख 55 हजार 6 सौ 25 महिला मतदाता हैं। पांकी विधानसभा के वोटर चतरा सीट पर निर्णायक भूमिका में होते हैं। इस इलाके के वोटर की संख्या चुनाव में जीत - हार के फैसले के लिए अहम है। यही कारण है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी इस क्षेत्र के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। 18 से 19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या 14437 है, जिसमें महिला मतदाता 9515 हैं तो पुरुष मतदाता 4922 हैं। 20 से 29 आयु वर्ग के मतदाता 88047 हैं। इसमें पुरुष वोटर 46813 और महिला 41234 हैं।



## एक नजर

### युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत चनकार कस्तूरी गांव के टोला नोनियाडीह में शनिवार की रात को करीब आठ बजे एक 19 वर्षीय काजल कुमारी नामक युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस ने रविवार को शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। इस संबंध में युवती के दादा दीपन चौहान ने बताया कि युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहता था,वह मंदबुद्धि की थी, उस समय घर के सभी सदस्य बाहर दरवाजा पर बैठे थे।

### राजपूत समाज ने भाजपा के पक्ष में मतदान का लिया निर्णय

**महुआडांड़(लातेहार)** । राजपूत समाज ने देश की रक्षा, समाज की सुरक्षा व विकास को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों को देखते हुए इस चुनाव में भाजपा को वोट देने का निर्णय लिया है। प्रखंड का राजपूत समाज लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को वोट देगा। इसकी जानकारी देते हुए राजपूत समाज के अध्यक्ष नवल किशोर नाथ शाह ने राजपूत समाज के लोगों से राष्ट्रहित में भाजपा को वोट देने की अपील की। कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को वोट देने से चतरा और लातेहार का विकास होगा।

### चुनाव कराने को तैयार आधी आबादी

**मेदिनीनगर।** चतरा संसदीय क्षेत्र के पांकी विस में सोमवार को मतदान होगा। लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर महिलाएं भी अपनी महत्ती भूमिका निभा रही हैं। कभी नक्सली क्षेत्र के रूप में चिन्हित पांकी विस क्षेत्र में महिला मतदानकर्मियों का दल भी मतदान कराने के लिए रविवार को जीएलए कॉलेज से बूथ के लिए रवाना हुआ।


### व्यय लेखा की जांच नहीं कराने वाले दो प्रत्याशियों को नोटिस

**मेदिनीनगर** । चतरा संसदीय क्षेत्र के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चतरा सीट से चुनाव लड़ रहे दो प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर व्यय लेखा की जांच कराने को कहा है। पांकी के सगालीम निवासी समता पार्टी के प्रत्याशी सुमित कुमार यादव व लातेहार के अम्बाकोठी मस्जिद रोड निवासी निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन प्रजापति को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये तीसरी तिथि 18 मई 2024 को निर्धारित थी, लेकिन आप दोनों प्रत्याशियों द्वारा व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही उनके एजेंट के द्वारा किया गया।

## आज के मतदान को लेकर विस क्षेत्र में दुरूस्त की गई स्वास्थ्य सेवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मई 20 के मतदान के लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा को और चुस्त दुरुस्त कर लिया गया है। यह कहना है पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार का। 20 मई को चतरा लोक सभा के लिए मतदान होना है पलामू जिला का पांकी विधानसभा क्षेत्र चतरा लोकसभा के चकराधीन है। इसलिए पांकी विधानसभा क्षेत्र में भी मई 20 को मतदान होना है। पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया के 20 मई के होने वाले मतदान के मदय नजर स्वास्थ्य सुविधा को और मजबूत किया गया है। उन्होंने बताया कि इस विधानसभा क्षेत्र में तीन बड़े समुदाय स्वास्थ्य केंद्र है प्लेसिलीगंज पाखी और मनातू स्वास्थ्य सेवा अच्छी है। लेस्लीगंज , पांकी और मनातू तरहसी में भी स्वास्थ्य की सेवा अच्छी है इसके अतिरिक्त पांकी विधानसभा क्षेत्र में 50 आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। इनकी संख्या हैं । पांकी प्रखंड में 16 , मनातू प्रखंड में 12 , तरहसी में 14 और पांकी लेस्लीगंज से सटे सदर की कुछ हिस्से में 8 आयुष्मण केंद्र है। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह पहले सुबह से ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अपने साहिया, एएनएम, पैरामेडिकल स्टाफ के साथ मौजूद रहेंगे।जहां दवाइयां , पानी के चढ़ने , ब्लड प्रेशर के जांच करने या और भी कोई इमरजेंसी सेवा के लिए मुस्तादी दिखानी है।सिविल सर्जन ने बताया कि हर एक मतदान केंद्र पर एक स्वास्थ्य कर्मी 12 दवाइयां का एक थैला लेकर मौजूद रहेगा जिसमें बुखार, उल्टी , दस्त, दर्द , चोट कटने छटने आदि जैसी दवाइयां प्रचुर मात्रा में रहेंगे।सिविल सर्जन ने सभी मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मी और मतदाताओं से अपील की है कि वह गर्मी को देखते हुए डफ्र का गोल जरूर पिए , डफ्र ' पैकेट हर एक समुदाय स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बिल्कुल मुफ्त दिए जाते हैं ।एक बड़े व्यक्ति को दो पैकेट और छोटे को एक पैकेट बिल्कुल मुफ्त है । सिविल सर्जन ने बताया कि वह इसको डफ्र को घर पर ना रखें पीने के पानी में 1 लीटर पानी में इसका गोल बना ले और थोड़ा थोड़ा करके इसका सेवन करें जिसे धूप और लू से बचा जा सकेगा। सिविल सर्जन ने विश्वास दिलाया कि मई 20 की मतदान में स्वास्थ्य कर्मी, डॉक्टर , एएनएम को निर्देशित किया गया है कि किसी भी स्थिति और परिस्थिति में कोई चूक या लापरवाही नहीं हो।



*पांकी प्रखंड में 16 , मनातू प्रखंड में 12 , तरहसी में 14 और पांकी लेस्लीगंज से सटे सदर के कुछ हिस्से में 8 आयुष्मण केंद्र हैं।*

## चतरा के 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

लातेहार : चतरा संसदीय क्षेत्र के 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 20 मई को ईवीएम में बंद होगा। इनमें भाजपा के कालीकरण सिंह व कांग्रेस के केएन त्रिपाठी प्रमुख हैं। मतदान के एक दिन पूर्व प्रत्याशियों ने अपना पूरा जोर लगा दिया है। डोर टू डोर कैंपन किया जा रहा है। प्रत्याशी किसी प्रकार की कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। बता दें कि जिला के मनिका व लातेहार के कुल 567141 मतदाता भी चतरा सांसद के लिए वोटिंग करेंगे। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 285923 और महिला मतदाताओं की संख्या 281218 है। दिव्यांग वोटर 7444 हैं। जबकि 18 व 19 साल के वोटरों की संख्या 25646 और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 4152 है। सर्विस वोटरों की संख्या 906 है।

**मैदान में हैं 22 प्रत्याशी :** लोकसभा चुनाव 2024 में चतरा संसदीय सीट से कुल 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के कालीचरण सिंह, कांग्रेस से केएन त्रिपाठी, बसपा से नागमणि, सीपीआई से अर्जुन कुमार, पीपीआई डेमोक्रेटिक से करमलाल उरांव, राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी से कामदेव डी राना, झारखंड पार्टी से दर्शन गंझू, भारतीय जवान किसान पार्टी से दुलेश्वर साव, अंबेडरराईट पार्टी ऑफ इंडिया से विमल लकड़ा, बहुजन मुक्ति पार्टी से महेश बांडो, भागीदारी पार्टी पी से लव कुमार पंडित, लोकहित अधिकार पार्टी से संजय कुमार स्नेही व समता पार्टी से सुमीत कुमार यादव चुनाव मैदान में हैं।

### जिले में बनाए गए हैं 679 मतदान केंद्र

लातेहार जिला के मनिका व लातेहार विधानसभा क्षेत्र में कुल 679 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। मनिका विधानसभा क्षेत्र में कुल 321 मतदान केंद्रों में मतदान डाले जायेंगे। इनमें पलामू के 13 मतदान केंद्र भी शामिल हैं। जबकि लातेहार विधानसभा क्षेत्र में कुल 358 मतदान केंद्र में मतदान संपन्न होगा। जिला प्रशासन द्वारा इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मतदान पदाधिकारी, मतदान व पुलिस कर्मियों को कलस्टर व मतदान केंद्रों तक भेजा जा चुका है। 65 मतदान केंद्रों में हेलिकॉप्टर से मतदान कर्मियों को भेजा गया है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेलवाटीका चौक स्थित गांधी उद्यान पार्क में मारवाड़ी युवा मंच ,डालटनगंज शाखा ने स्वास्थ्य जागृति शिविर लगाया ' ये स्वास्थ्य जागरूकता क्लब जिसे हम डी-क्लब के नाम से जानते हैं, जिसके अंतर्गत बीपी, शुगर, डायबिटीज की जांच स्वास्थ्य विशेष के निर्देश में की जाती है।मारवाड़ी युवा मंच के सचिव श्री सज्जन शंघई ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच ने प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीया रविवर को लगाया जाता है, परन्तु कोरोना काल के समय से इसे बंद कर दिया गया था। अब फिर से मंच के सभी सदस्यों के प्रयास से इस डी क्लब को वापस शुरू किया गया है। इसमें डी-क्लब प्रभारी श्री रवि कामदार एवं श्री केशव लाठ ने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है।मंच के डी-क्लब प्रभारी श्री रवि कामदार ने बताया कि यह क्लब अब हर महीने की प्रथम एवं तृतीया रविवार को लगाया जाएगा। माह के प्रथम रविवार को यह लाल कोठा स्थित डॉ. बी आर अम्बेडकर पार्क में ओर तृतीया रविवार को बेलवाटिका चौक स्थित गांधी उद्यान पार्क में लगया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन शहर के विख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश कुमार ने किया। डॉक्टर साहब इस पूरे कार्यक्रम के दौरान मंच सदस्यों के साथ जुड़े रहे और जांच करा रहे लोगों को अपना परामर्श भी दिया। मारवाड़ी युवा मंच के वरिष्ठ सदस्य श्री गिरधारी जी गर्ग ने बताया कि यह पहल शाखा द्वारा सभी जानते हैं शाखा द्वारा अपने आस-पास के सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में सजग एवं नियमबद्ध रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए जागरूकता फेलाने के उपदेश दिए गए हैं। इस कैंप से एक ही दिन में लगभाग 70 से ज्यादा युवा और वृद्ध लोगों को अपने स्वास्थ्य का नि:शुल्क जांच का लाभ मिला।

## पशु तस्करी के शक में युवक के साथ मारपीट करने के मामले में एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** खरौंधी थाना क्षेत्र के अमरोरा में दो बैल लेकर नगरउंटारी बाजार जा रहे झुरीबांध के एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और मोटरसाईकिल से खींचकर घायल करने के मामले मे पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि पीड़ित द्वारा थाना में दिये गये आवेदन में कहा कि पिछले शुक्रवार को झुरीबांध निवासी सरस्वती राम अमरोरा के चिनियाहि टोला के रास्ते दो बैलों को लेकर नगरउंटारी के मार्केट में बेचने जा रहा था। इसी बीच एक मोटरसाईकिल पर सवार अमरोरा निवासी तीन युवक राहुल दुबे, राजेश दुबे व काशीनाथ भुइयां वहां आये।

**सरस्वती राम को लाठी-डंडों से पीटा, मोटरसाइकिल से घसीटा**

आरोप है कि तीनों ने सरस्वती राम के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर लाठी-डंडों से पीटा। साथ ही रस्सी से बांधकर मोटरसाइकिल से घसीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खरौंधी पुलिस सदलबल घटनास्थल पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अनुमंडलीय अस्पताल नगरउंटारी में भर्ती कराया। घायल व्यक्ति के बयान के आधार पर खरौंधी थाना कांड सं 45/2024 धारा 323/325/307/34 भादवि व 3(1)आर/3(1)एस एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक गढ़वा और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर खरौंधी पुलिस ने अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए छापामार दल का गठन किया। छापा मार कर अभियुक्त काशीनाथ भुईंया को गिरफ्तार कर लिया गया।



### दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

उसे जेल भेज दिया गया। अन्य दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद पत्रकारों ने खरौंधी प्रखंड के रास्ते धड़ल्ले से हो रही पशु तस्करी के बारे में एसडीपीओ का ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर एसडीपीओ ने कहा कि अगर ऐसा है तो इसकी जांच की जायेगी और जो भी दोषी पाया जायेगा, उसके विरुद्ध कानूनी कारवाई की जायेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, खरौंधी थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी उपस्थित थे।

## पीटीआर में हाथियों से पोलिंग पार्टी की रक्षा को क्यूआरटी तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के आसपास के करीब 100 से 125 मतदान केंद्रों पर कल 20 मई को मतदान होना है।यह मतदान चतरा लोकसभा सीट के लिए होने वाली है। पलामू टाइगर रिजर्व में इस समय हाथी 225 से ले कर 250 तक है। कल 20 मई के मतदान के क्रम में मतदाताओं के आने जाने पोलिंग पार्टी के आने-जाने और सुरक्षा कर्मियों की अपनी ड्यूटी निर्वाह में यह हाथी कहीं से मुसीबत नहीं बने एक व्यापक तैयारी पूरी कर ली गई है। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया के हाथियों के सबसे बड़ी संख्या पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल में है और इसलिए यहां हाथियों से निपटने के लिए 8 दफ्ळ यानी त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्विक रिस्पांस टीम) बना ली गई है। यह टीम महुआडाड , नेतरहाट, रूड, मारो मार , बारेसाड और गारू आदि में तैनात कर दिए गए हैं। इन सभी तुरित प्रतिक्रिया टीम में दो वरीय वंरक्षकों को रखा गया है और उन्हें यह निर्देशित किया गया है कि किसी भी परिस्थिति में उनका सेल्फ फोन बंद नहीं हो और वह यह भी सुनिश्चित करें कि वे ऐसी जगह पर हो जहां से नेटवर्क मिलता हो। जंगलों में ऐसे कुछ स्थान है जहां सेल फोन में नेटवर्क नहीं मिलता। कुमार आशीष ने बताया की चूके पलामू टाइगर रिजर्व वस्तुत लातेहार जिले में ही है जहां दो विधानसभा क्षेत्र है। एक है लातेहार 358 मतदान केंद्र हैं और दूसरा विधानसभा क्षेत्र है मनिका जहां मतदान केंद्रों की संख्या 321 है। इस तरह से देखा जाए तो 679 मतदान केंद्र है लातेहार जिले के दो विधानसभा क्षेत्र में जिसमे से 100 से सवा सौ मतदान केंद्र ऐसे हैं जिनके आने-जाने के रास्ते , मतदान केन्द्र, भवन ऐसे रास्ते के पास या नजदीक है जिधर से हाथियों का आना-जाना लगा रहता है। कुमार आशीष ने बताया कि सभी वनरक्षक , ट्रैकर, वनपाल और रेंजर को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे हाथियों के गतिविधि पर गतिशीलता पर गहरी नजर रखें और जैसे ही वह किसी हाथी के झुण्ड के किसी भी और बढ़ते देखें या किसी ओर से आते देखे तो तत्काल इसकी सूचना निकट तुरीत प्रतिक्रिया टीम यानी की दफ्ळ को फोन से दे दे। कुमार आशीष ने विश्वास दिलाया के हाथियों से किसी भी तरह के नुकसान न होने के लिए पीटीआर की पूरी टीम मुस्तैद है और यह आशा की जाती है कि हाथी चुनाव मतदान में किसी भी तरह से कोई भी



### पीएचसी अरंगी की एएनएम पर स्वास्थ्य सेवाओं के बदले पैसे लेने का आरोप

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के खरौंधी प्रखंड के लोगों ने अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एएनएम पर स्वास्थ्य सेवाओं के बदले फोन पे पर ऑनलाइन पैसे लेने की शिकायत की है। निरीक्षण को लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने बताया कि अरंगी, तोरेलावा तथा सेमरवा के परवेज अंसारी, जलीलअली अंसारी, कुर्बान अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम सविता कुमारी तथा उनके पति कमलेश प्रसाद पर इलाज करने के एवज में फोन पे से पैसा लेने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया था।

## न्यूज | बॉक्स

### हजरत दाता पीर के सालाना उर्स पर जायरीनों ने की चादरपोशी



**हुसैनाबाद।** इस इबादत की यहीं दस्तूर हैं जरा- जरा में खुदा का नूर है,इस कहावत को चरितार्थ कर रहा हैं जपला हैदरनगर मुख्य पथ के समीप विरजमान हजरत दाता पीर बक्श शाह का मजार। जहां हर धर्म के लोग माथा टेका करते है और अपनी - अपनी मन्नत मांगते है। दाता पीर बक्श शाह के सालाना। दो दिवसीय उर्स शनिवार की रात रवायती अंदाज में अकीदत के साथ शुरू हुआ। इसको लेकर मजार पर भव्य रुप से सजावट की गई। मौके पर हजारों की संख्या में लोग मजार पर पहुंचकर अपना माथा टेक कर मन्नते मांगी। वहीं कई जायरीनों ने चादरपोशी की। और मुल्क में अमन चैन व आपसी भाईचारा कायम रखने की दुआ मांगी । मिलाद शरीफ और सामुहिक चादर चढ़ने के साथ साथ अन्य रस्मे अदा की गई।

### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरा यात्री, मौत

**मेदिनीनगर।** जेल हाता सर्वोदय नगर के एक निवासी कृष्ण प्रसाद अपनी बीमार पत्नी का पटना से इलाज करा कर पलामू एक्सप्रेस से डालटेनगंज सुबह 4:30 बजे पहुंचे थे। उनकी पत्नी डब्बे से सही सलामत उतर गई लेकिन कृष्ण प्रसाद को डब्बे से उतरने में देर हुई और इसी बीच पलामू एक्सप्रेस रवाना हो गई। इस तरह से कृष्ण प्रसाद चलती ट्रेन के डब्बे से प्लेटफार्म नंबर दो पर गिर पड़े जिन्हे सर में गंभीर चोट लगी और उनके तत्काल मृत्यु प्लेटफार्म नंबर दो पर ही हो गई। वे 50 वर्ष के थे। इस दुखद घटना की पुष्टि डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक श्री उमेश कुमार ने की है।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बालूमात/ लातेहार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी गरिमा सिंह एवं लातेहार सिविल सर्जन डॉ। अवधेश कुमार सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्यकर्मियों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के मतदाओं को 20 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से प्रारंभ हुई जो कई चौक-चौराहों का भ्रमण कर मतदाओं को शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर जागरूक किया। पहले मतदान फिर जलपान सहित कई नारे लगाते हुए वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची।

### हरिहरगंज में न्यू विकास होटल का हुआ उद्घाटन



**हरिहरगंज।** शहर के न्यू बस स्टैंड एनएच 98 किनारे स्थित न्यू विकास होटल का शुभारंभ किया गया। होटल का उद्घाटन रविवार को समाजसेवी रामप्रसाद साव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर में ऐसे होटल की जरूरत थी। जो लोगों की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। वही संचालक विकाश कुमार ने कहा कि शहरवासियों की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा की गुणवत्ता युक्त स्वादिष्ट एवं लजित व्यंजन लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर अकाश कुमार साव, प्रमोद कुमार साव, विनोद ठाकुर, अमित कुमार, प्रकाश कुमार, तारा कुमारी, नयन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### असंभव वायदों की होड़ के बीच समापन की ओर चुनाव

जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडंबना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतुके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरूआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव जरूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हकीकत का। हालांकि यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा। हालांकि सारे आश्वासन एकतरफा भाषण की तरह है प्रेस वार्ता होने पर पूछा जा सकता था कि सारे वादे पूरे करने के लिए धन कैसे और कहां से आएगा ।

### कोडरमा, हजारीबाग व चतरा में वोटिंग आज

**49 में से 39 सामान्य, 3 एसटी तथा 7 एससी सीट :** इन 49 सीटों में से सामान्य के लिए 39 और तीन एसटी तथा सात एससी के लिए आरक्षित हैं। वहीं ओडिशा में 35 विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य के लिए 21 और 08 एसटी तथा 06 एससी के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में 8.95 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला और 5409 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता और 100 वर्ष से अधिक आयु के 24,792 मतदाता और 7.03 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है।




# चुनावी रण में रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम, इस्कॉन को घसीटा

## वोट बैंक को खुश करने अब महान संस्थाओं के संन्यासियों को चेतावनी दे रहीं दीदी : पीएम

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर राजनीतिक तुष्टीकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम संघ और इस्कॉन जैसे संस्थानों का अपमान करने का आरोप लगाया। पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ज्योतिर्मय सिंह महतो के समर्थन में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री ने कहा, विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन के साथ भारत सेवाश्रम संघ और इस्कॉन जैसे संस्थानों की उनके सामाजिक कार्यों तथा मानवीय विकास कार्यों की वजह से दुनिया भर में तारीफ होती है।

उनका एकमात्र उद्देश्य मानव मात्र की सेवा है। लेकिन अब मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से इन महान संस्थानों के संन्यासियों को चेतावनी दे रही हैं। वह अपने समर्पित वोट बैंक को खुश करने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए ऐसा कर रही हैं। ऐसे महान संस्थानों का अपमान करने वाली पार्टी पश्चिम बंगाल में एक भी वोट पाने की हकदार नहीं है।



### टीएमसी-कांग्रेस की सोच नकारात्मक

वहीं बांकुड़ा जिले के विष्णुपुर में प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में लोग रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। यह स्थिति बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस की सोच विकास या रोजगार की नहीं है। ये पार्टियां परिवारवाद, भ्रष्टाचार फैलाना ही जानती हैं। मोदी ने कहा कि तृणमूल ने पैसे कमाने की भूख में आपके बच्चों को भी नहीं छोड़ा है। यहां शिक्षक भर्ती घोटाले ने युवाओं के साथ ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। गरीब मां-बाप ने घर-जमीन बेचकर, कर्ज लेकर इनके मंत्रियों को घूस दी। आज वे सारे नौजवान सड़कों पर हैं। आखिर इनका क्या कसूर था? मैं आप सबको गारंटी देता हूं, इन्होंने आपके घर बिकवाए हैं, मोदी तृणमूल के भ्रष्टाचारियों के बंगले, उनकी गाड़ियां, ये सब कुछ बिकवाकर चैन लेने वाला है।

## भारत सेवाश्रम के संत पर ममता के गंभीर आरोप संन्यासी ने कहा- विनाश काले विपरीत बुद्धि

एजेंसी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हुगली की रैली में भारत सेवाश्रम संघ, राम कृष्ण मिशन और इस्कॉन जैसे प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि इन संगठनों के कुछ साधु चुनाव में भाजपा की मदद कर रहे हैं। भारत सेवाश्रम के चर्चित संन्यासी प्रदीप्तानंद महाराज उर्फ कार्तिक महाराज का नाम लेकर ममता ने कहा कि वह टीएमसी को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा- विनाश काले, विपरीत बुद्धि हो जाती है। अब ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के विनाश का समय आ गया है, इसलिए साधु-संन्यासियों को निशाना बना रही हैं। कार्तिक महाराज ने कहा कि पिछले साल गंगासागर में देशभर से आए साधु-संन्यासियों को जिस बर्बर तरीके से पीटा गया था, उसे पूरे देश ने देखा था। अब यहां भागवत कार्य में लगे संन्यासियों को सीधे तौर पर सूबे की मुख्यमंत्री की ओर से बिना किसी आधार के इस तरह से निशाना बनाया जाना बताता है कि विनाश का समय आ गया है।



### कार्तिक महाराज को संत नहीं मानती

ममता बनर्जी ने अपने बयान में आरोप लगाया था कि कुछ भिक्षु व मिशन से जुड़े लोग बीजेपी की मदद करने में लगे हुए हैं और उन्हें दिल्ली से ऑर्डर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ और रामकृष्ण मिशन के लोग सीधे तौर पर टीएमसी के खिलाफ काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि वह कार्तिक महाराज को संत नहीं मानती हैं क्योंकि वह सीधे तौर पर राजनीति में शामिल हो गए हैं। मैं भारत सेवाश्रम संघ का बहुत सम्मान करती थी। मैंने रामकृष्ण मिशन की उस समय मदद की जब सीपीएम ने फूड सप्लाई रोक दी थी। मैंने 700 एकड़ की जमीन इस्कॉन को दी। ममता ने कहा, अगर मैं ना होती तो आज स्वामी विवेकानंद का घर ना बचा होता। ममता बनर्जी के इस बयान पर रामकृष्ण मिशन के अधिकारियों ने टिप्पणी से इनकार कर दिया। इस्कॉन के प्रतिनिधि ने भी इस पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया, कहा हम राजनीति नहीं करते।

## मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित व सशक्त राष्ट्र बनेगा : अमित शाह

देश की जनता मोदी को **तीसरी बार** सशक्त पीएम के रूप में देखना चाहती है

एजेंसी

**प्रयागराज।** मेजा के सोरांव पाती गांव के हेलीपैड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हेलीकॉप्टर दोपहर 12:35 बजे उतरा। मंच पर चढ़ते ही अमित शाह ने सीधे माइक संभाल लिया। उन्होंने चुनावी जनसभा में गठबंधन पर तीखा हमला किया। कहा कि यह चुनाव एक महान भारत की रचना का है। सुरक्षित और सशक्त भारत बनाने का संकल्प लेने का है। देश की जनता पीएम मोदी को तीसरी बार भारत के सशक्त प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में विकसित और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। अमित शाह ने रविवार को मेजा के सोरांव में भीड़ को सम्बोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर धारा 370 की वापसी की मंशा रखने, पाकिस्तान को सम्मान देने और न्यूक्लियर हथियारों को नष्ट करने का एजेंडा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनता नेतृत्व विहीन गठबंधन की राजनीति को समझ चुकी है। इस बार के चुनाव में जनता 400 पार से भी अधिक सीटें जीत कर पीएम मोदी को पुनः प्रधानमंत्री देखना चाहती है। उन्होंने प्रयागराज की पावन धरा को नमन करने के साथ ही अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, लाल पद्मधर और राष्ट्र निमार्ता महामना पंडित मदन मोहन मालवीय सहित अमर साहित्यकारों को भी याद किया।



*मोदी ने भारत के आध्यात्मिक-सांस्कृतिक गौरव को विश्व में स्थापित किया, वहीं इंडी गठबंधन 370 की वापसी और न्यूक्लियर हथियारों को नष्ट करने की मंशा रखती है।*

अमित शाह ने कहा कि यह पावन भूमि हमेशा से समरसता और प्रेम को समर्पित रही है। गृह मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमेशा सोच समझकर सटीक और मजबूत निर्णय लिया है। उन्होंने जनता से पूछा-क्या आप देश में मजबूत प्रधानमंत्री चाहते हैं या हर साल बदलने वाला पांच बार में पांच प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले इंडी गठबंधन के नेताओं में अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता दीदी, खड़गे और राहुल बाबा क्या कभी प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

## सरकार बनी तो स्वतंत्र होगी जांच एजेंसियां : राशिद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने आईएएनएस से खास बातचीत में मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो ईडी और सीबीआई स्वतंत्र रूप से काम करेगी। वो किसी पार्टी नेता, सरकार या व्यक्ति के दबाव में काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में बीजेपी की सरकार के दौरान ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है और विपक्ष के नेताओं के खिलाफ कारवाई हो रही है, हमारी सरकार बनने के बाद देश की सभी सर्वोच्च जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर सकेंगी। स्वाति मालीवाल मामले में राशिद अल्वी ने कहा कि यह मामला कोर्ट के अंदर है। दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज करा दी है। सीसीटीवी और वीडियो पब्लिक हो गई है। लोग देख रहे हैं। ऐसे में इन सबके मद्देनजर अदालत क्या फैसला करती है, इसका इंतजार करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी का मुद्दा समाज में नफरत फैलाने का है।

## पुंछ में एनसी की रैली में चाकू से हमला, 3 घायल



एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) की एक जनसभा में हुई चाकूबाजी में तीन युवक घायल हो गए। रविवार को पुंछ जिले के मेंढर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की ओर से एक जनसभा का आयोजन किया गया था। इसमें पार्टी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला व अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार मियां अल्ताफ अहमद व अन्य नेता मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि हमले मे घायल युवकों को राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है। डॉक्टरों ने इनमें से एक की हालत गंभीर बताई है। उसकी पहचान मेंढर निवासी सुहैल अहमद के रूप में हुई। दो अन्य घायलों की पहचान यासिर अहमद और इमरान अहमद के रूप में की गई। ये अस्पताल से भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा, इस घटना में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस बीच, लोगों ने घटना के खिलाफ मेंढर चौक पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा था।

## अखिलेश-राहुल की संयुक्त रैली में हंगामा, भाषण दिए बिना लौटे

*बैरिकेड़िग फांदकर स्टेज के करीब पहुंच गए रैली में आए कार्यकर्ता*



एजेंसी

**फूलपुर।** लोकसभा चुनाव के 'रण' में इन दिनों ताबड़तोड़ रैलियों का दौर जारी है। सत्ताधारी दल सत्ता में बने रहने के लिए तो, विपक्ष वापसी करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। इसी कड़ी में प्रयागराज के फूलपुर में राहुल-अखिलेश की एक रैली आयोजित की गई थी। इसमें हंगामा होने से दोनों नेता रैली को संबोधित किए बिना वापस लौट गए। मिली जानकारी के मुताबिक रैली में शामिल होने आए कार्यकर्ता बैरिकेडिंग को फांदकर स्टेज के करीब पहुंच गए। इसके बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव मंच पर नेताओं से मुलाकात कर रैली को संबोधित किए बिना ही वापस लौट गए।

इस संबंध में वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों दलों के कार्यकर्ता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मंच की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान मंच से लगातार अपील की जाती रही कि कार्यकर्ता धैर्य बनाए रखें, लेकिन भीड़ बैरिकेडिंग को फांदकर मंच के करीब पहुंच गई। फूलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने पार्टी के फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया है। इंडिया गठबंधन ने इस सीट से सपा नेता अमरनाथ मौर्य को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने जगन्नाथ पाल और अपना दल (कमेरावादी) ने महिमा पटेल को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है।

**पांचवां चरण**

### मतदान सिर्फ हमारा हक ही नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी भी है

## कलाकारों ने मुंबईवासियों से की वोट की अपील

एजेंसी


**मुंबई।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के लिए सोमवार को वोटिंग होगी। इसके तहत देशभर के 6 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश की 49 लोकसभा सीटों पर वोटिंग की जाएगी, जिनमें महाराष्ट्र की 13 लोकसभा सीट भी शामिल हैं। ऐसे में बॉलीवुड हस्तियों ने मुंबई वालों से बड़ी संख्या में वोट करने की अपील की है। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने मुंबईवासियों से 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा, 20 मई को आपको अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करने और अपना प्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलेगा। यह अवसर पांच साल में मिलता है। इस अवसर को न जाने दें। क्योंकि हर वोट मायने रखता है। एक्टर सुनील शेट्टी ने एक वीडियो मैसेज में कहा, "नमस्कार, मैं हूं सुनील शेट्टी और आज मैं आपसे बहुत जरूरी बात करने आया हूं। 20 मई यानी सोमवार को मुंबई में वोटिंग है। वोटिंग न सिर्फ हमारा हक है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। एक नागरिक होने के नाते मैं अपना वोट डालने जरूर जाऊंगा और आप सभी से यही विनती है कि कृपया आप भी वोटिंग सेंटर्स में जाइये और अपना वोट जरूर डालें।"




### दोस्तों वक्त आ गया है मतदान का...

आयुष्मान खुराना ने कहा, लोकसभा चुनाव कई चरण में हो रहा है और अब आपकी बारी है। हर वोट महत्वपूर्ण है, क्योंकि आप तय करेंगे कि देश को कौन से लीडर्स सही दिशा दिखाएंगे। आपका वोट आपकी आवाज है, तो वोट करें और अपनी आवाज को गिनती में शामिल करें, क्योंकि मिलकर हम अपने देश का उज्जवल भविष्य बना सकते हैं। मतदान आपका फर्ज है। चलिए चुनाव के इस पर्व में हम सब हिस्सा लें। जय हिंद..." शिल्पा शेट्टी ने कहा, "मैं आप सभी से अपील करती हूं कि जितने भी मुंबई में रहने वाले लोग हैं, जो वोटिंग कर सकते हैं, कृपया मतदान केंद्र जाएं और वोट डालें, क्योंकि वोटिंग आपका हक है और इस हक का पूरा-पूरा फायदा उठाइये। सिंगर विशाल ददलानी ने कहा, "मैं अभी फिलहाल मुंबई से बाहर हूं, लेकिन, सोमवार सुबह मैं मुंबई वापस आऊंगा और वोट डालूंगा, क्योंकि, वोट करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अगर आप वोट नहीं डालते हैं तो आप अपने नेताओं से सवाल करने का हक खो देते हैं, इसलिए वोट जरूर करें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com